आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 234 | उज्जैन, रविवार 06 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### 50 अमेरिकी फौजी अफसरों का पॉलीग्राफ टेस्ट

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ईरान युद्ध से जुड़ी सीक्रेट जानकारी लीक होने की जांच तेज हो गई है। यह पता लगाने के लिए कि जानकारी किसने मीडिया तक पहुंचाई, पेंटागन ने करीब 50 सैन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया है। टेस्ट के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने ईरान युद्ध से जुड़ी सीक्रेट जानकारी मीडिया से जुड़े लोगों को दी थी। उनसे यह भी पूछा गया कि क्या उन्होंने अमेरिका के हथियारों और गोला-बारूद के घटते भंडार से जुड़ी कोई जानकारी बाहर साझा की थी। पॉलीग्राफ को आम भाषा में झूठ पकड़ने वाला टेस्ट कहा जाता है। इसमें धड़कन, सांस और पसीने जैसे बदलावों को रिकॉर्ड कर सच-झूठ का पता लगाया जाता है।

### बोलीविया के सैन्य अड्डे पर धमाके से 10 से ज्यादा की मौत, 58 घायल

**सुक्रे।** दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया के पश्चिमी शहर वियाचा में शुक्रवार को एक सैन्य अड्डे पर जोरदार विस्फोट हुआ। हादसे में 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 58 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, मरने वालों की संख्या 10 से 15 के बीच हो सकती है। बोलीविया के रक्षा मंत्री अर्नेस्टो जस्टिनियानो ने बताया कि घायलों में ज्यादातर 52 आम नागरिक हैं, जबकि बाकी सैन्यकर्मी हैं। रक्षा मंत्री के मुताबिक, विस्फोट स्थानीय समय के अनुसार दोपहर करीब 2.30 बजे उस जगह हुआ, जहां रक्षा मंत्रालय का पटाखों का स्टॉक रखा था। मौके पर एंबुलेंस, मेडिकल टीम और पुलिस को तैनात किया गया है।

### यूएन ने बदला दुनिया का नक्शा अमेरिका ने किया विरोध

**वाशिंगटन।** दुनिया का नक्शा अब कुछ बदला नजर आएगा। इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ऐतिहासिक प्रस्ताव पास किया है। भारत ने भी प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। अमेरिका प्रस्ताव के खिलाफ वोट करने वाला अकेला देश रहा। इस फैसले से देशों और महाद्वीपों के क्षेत्रफल पर कोई असर नहीं पड़ेगा, बस इनका आकार पहले से थोड़ा छोटा या बड़ा दिख सकता है। अब तक धरती पर देशों और महाद्वीपों को दिखाने के लिए मर्केटर वर्ल्ड मैप का उपयोग किया जाता था। इसमें देशों और महाद्वीपों का आकार उनके असली क्षेत्रफल से बड़ा या छोटा दिखता था। नए नक्शे का नाम इक्वल अर्थ प्रोजेक्शन है। इसमें अफ्रीका पहले से काफी बड़ा, जबकि यूरोप और उत्तरी अमेरिका छोटे नजर आएंगे।

मिर्जापुर द मूवी ने बनाया रिकॉर्ड

### एक्सेल एंटरटेनमेंट की सबसे बड़ी ओपनर बनी



फिल्म 'गोल्ड', 'रईस' को पीछे छोड़ा

**मुंबई।** मिर्जापुर द मूवी ने पहले दिन 25.75 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। जिसके बाद यह एक्सेल एंटरटेनमेंट के 25 साल के इतिहास में सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई। सैक्निल्क के मुताबिक, फिल्म ने 8 साल से कायम फिल्म गोल्ड का रिकॉर्ड तोड़ा है। गोल्ड ने पहले दिन ?25.25 करोड़ कमाए थे। इस तरह मिर्जापुर द मूवी ने नया रिकॉर्ड 0.50 करोड़ के अंतर से बनाया है। मिर्जापुर द मूवी ने एक्सेल एंटरटेनमेंट की पिछली बड़ी फिल्मों गोल्ड, रईस, गली बॉय और फुकरे 3 से बेहतर शुरुआत की है। यह स्टूडियो के 25 साल के इतिहास में नंबर-1 ओपनर बन गई। फिल्म की ओपनिंग रईस से 5 करोड़ रु. से ज्यादा, गली बॉय से 6 करोड़ रु. से ज्यादा और डॉन 2 से 10 करोड़ से ज्यादा आगे है। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने 2001 में दिल चाहता है के साथ शुरुआत की थी। इसके बाद स्टूडियो ने लक्ष्य, डॉन और रॉक ऑन!! जैसी फिल्में दीं। 2011 से 2019 के दौर में स्टूडियो की प्रमुख फिल्मों में जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, फुकरे, दिल धड़कने दो, रईस और गली बॉय शामिल रहीं। 2020 से 2023 के डळळ दौर में तूफान, हैलो चार्ली, फोन भूत और फुकरे 3 रिलीज हुईं।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली :** भारत दौरे पर आए बेल्जियम के पीएम ने ट्रंप के टैरिफ पर तंज कसा, कहा- पहले फैसला करें, फिर वापस लें।
- **नई दिल्ली :** जस्टिस भुइयां बोले- प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई बेहद दुखद, पुलिस का रवैया बदलना जरूरी, कस्टडी में मौत और फर्जी एनकाउंटर गंभीर अपराध।
- **नई दिल्ली :** दुनियाभर में खाने-पीने की चीजें 2022 के बाद सबसे महंगी, दुकानदारों का यूपीआई बंद हो सकता है, फॉक्सवैगन में 50 हजार कर्मचारियों की छंटनी होगी।
- **बेंगलुरु :** लोन चुकाने को लेकर महिला का अपहरण, घर बुलाकर बंधक बनाया, कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाने का आरोप, दो महिलाएं सहित 3 गिरफ्तार।
- **हल्द्वानी :** शुद्धिकरण विवाद, बीजेपी नेताओं के खिलाफ बेंगलुरु में एफआईआर, उत्तराखंड में मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद मैदान में हवन-पूजन किया था।
- **कोलकाता :** छात्र का चंदन तिलक हटवाने वाला टीचर सस्पेंड, एफआईआर दर्ज, वीडियो वायरल होने के बाद सीएम शुभेंदु अधिकारी ने लिया एक्शन ।

शिक्षक दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के विज्ञान भवन में

## देशभर के 48 स्कूल शिक्षकों को नेशनल टीचर अवॉर्ड से किया सम्मानित

### महाराष्ट्र के वैभव ने वीडियो बनाकर मैथ्स आसान की, राजस्थान के दिव्येंदु ने पेड़ों पर क्यूआर कोड लगाकर पढ़ाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

शिक्षक दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में देशभर के 48 स्कूल शिक्षकों को नेशनल टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया। इनमें केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, आदर्श जनजातीय स्कूल और पीएम श्री स्कूलों के शिक्षक शामिल हैं।

इन शिक्षकों ने पढ़ाई को आसान और दिलचस्प बनाने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाए। महाराष्ट्र के वैभव वसंतराव कुलकर्णी ने गणित के मुश्किल टॉपिक समझाने के लिए 700 से ज्यादा वीडियो बनाए। वहीं राजस्थान के दिव्येंदु सेन ने 500 पेड़ों पर क्यूआर कोड लगाकर बच्चों को पेड़ों की जानकारी देने का नया तरीका अपनाया।







इसके अलावा पंजाब के दिनेश कुमार ने वर्चुअल फिजिक्स लैब और 100 से ज्यादा कम खर्च वाले मॉडल तैयार किए। 48 स्कूल शिक्षकों के अलावा उच्च शिक्षा संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षक व फैकल्टी सदस्य और कौशल विकास मंत्रालय के 13 कौशल प्रशिक्षकों को भी नेशनल टीचर अवॉर्ड मिला है।

पंजाब के शिक्षक दिनेश कुमार को नेशनल टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने वर्चुअल फिजिक्स लैब और 100 से ज्यादा जीरो-कॉस्ट मॉडल बनाकर छात्रों के लिए फिजिक्स को आसान और दिलचस्प बनाया।

पंजाब के शिक्षक दिनेश कुमार को नेशनल टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने वर्चुअल फिजिक्स लैब और 100 से ज्यादा जीरो-कॉस्ट मॉडल बनाकर छात्रों के लिए फिजिक्स को आसान और दिलचस्प बनाया।

#### 3 चरणों में देशभर के टीचरों का हुआ चयन

शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नेशनल अवॉर्ड के लिए 27 राज्यों, 7 केंद्र शासित प्रदेशों से 48 टीचर्स चुने गए हैं। इनका चयन स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने तीन चरणों में किया। यह प्रक्रिया जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पूरी हुई। नेशनल अवॉर्ड का मकसद शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले टीचर्स को सम्मानित करना है। इसमें ऐसे टीचर्स को चुना जाता है, जिन्होंने पढ़ाई के नए तरीके अपनाकर छात्रों के सीखने और विकास में योगदान दिया हो।

नेपाल में भीषण बाढ़ के बाद हजारों लापता लोगों की तलाश जारी

## चीनी नागरिक और एक नेपाली महिला जिंदा मिले

### 740 फीट लंबी सुरंग से चीनी नागरिक रेस्क्यू, 64 साल की महिला घर के मलबे में मिली

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में भीषण बाढ़ के 10 दिन बाद भी हजारों लापता लोगों की तलाश जारी है। इसी बीच शनिवार को राहत और बचाव दलों ने अलग-अलग अभियानों में एक चीनी नागरिक और एक नेपाली महिला को जिंदा बचा लिया।

नुवाकोट में 64 साल की महिला का रेस्क्यू किया गया। उनके घर का निचला हिस्सा मोटी कीचड़ की परत में पूरी तरह दब गया था और वह उसी में फंस गई थीं। उन्हें इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर काठमांडू ले जाया गया है। वहीं, नेपाली सेना और दक्षिण कोरिया की रेस्क्यू टीम ने त्रिशूली-1 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की एक सुरंग से चीनी व्यक्ति को बाहर निकाला। वह करीब 225 मीटर (740 फीट) लंबी सुरंग के अंदर था। बचाव के बाद उसकी स्वास्थ्य जांच की जा रही है। तस्वीरों में उसे सुरंग से बाहर निकालने के बाद हेलिकॉप्टर से ले जाते हुए देखा गया।



#### 275 भारतीय अभी भी लापता

विदेश मंत्रालय के अनुसार अब तक 169 भारतीयों को सुरक्षित निकाला है, जबकि 275 अब भी लापता हैं। नेपाल में अब तक करीब 1344 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। फिलहाल 5300 से ज्यादा लोग लापता हैं।

### हिमाचल के रामपुर में बादल फटने से मची अफरातफरी

एजेंसी ▶▶ रामपुर

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में मौसम के बिगड़े मिजाज के बीच रामपुर क्षेत्र के काशपाट में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। तेज बहाव के कारण गंगदारी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की इंटेक संरचना को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परियोजना के प्लांट इंचार्ज धीरज वर्मा के मुताबिक, बाढ़ के पानी से इंटेक के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम राफ्ट के अलावा बॉटम कन्वेयंस चैनल भी क्षतिग्रस्त हुआ है। चैनल के तल में तेज कटाव होने से संरचना को नुकसान पहुंचा है।

### पुंछ अटैक में शामिल पाकिस्तानी आतंकी ढेर, एयरफोर्स काफिले पर की थी फायरिंग

एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर में सेना और पुलिस ने गुरुवार को जॉइंट ऑपरेशन में एक पाकिस्तानी आतंकी को मार गिराया है।

आतंकी की पहचान यासिर उर्फ अबु तल्हा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, यासिर पाकिस्तानी नागरिक था और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। यह 2024 में पुंछ में एयरफोर्स के काफिले पर फायरिंग में शामिल था। इस हमले में एक जवान शहीद हो गया था। इस आतंकी की तस्वीर पहली बार पहलगाम हमले के दौरान सामने आई थी। उस समय मिली एक फोटो में चार आतंकी थे। इनमें से



दो को पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। तीसरे यासिर का अब एनकाउंटर हुआ। चौथा फरार है। सूत्रों के मुताबिक, यासिर का नाम पहलगाम आतंकी हमले की जांच से भी जुड़ा था। सुरक्षा बलों ने गुरुवार को यासिर को बडगाम के अशदार जंगलों में मार गिराया। इस इलाके में सेना का ऑपरेशन अभी भी जारी है। सुरक्षा एजेंसियों को यासिर की कई सालों से तलाश थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा- तुम भाग सकते हो, छिप नहीं सकते।

## यमन में हूती विद्रोहियों के हमले में 129 की मौत

### बाब अल-मंदेब पर कब्जे की कोशिश से निपटने को सरकार ने भेजी फोर्स



एजेंसी ▶▶ सना

यमन में हूती विद्रोहियों और सरकारी फोर्स के बीच भीषण लड़ाई में 129 लोगों की मौत हुई है। यह हाल के वर्षों में यमन में हुई सबसे घातक झड़पों में से एक है। हूती विद्रोही लाल सागर के प्रवेश द्वार माने जाने वाले बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के करीब अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। लड़ाई गुरुवार को शुरू हुई। हूतियों ने तटीय इलाकों के पास जमीनी हमला करने के साथ रॉकेट और ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। इस दौरान उन्होंने लाल सागर के किनारे कई रणनीतिक ऊंचाइयों पर कब्जा कर लिया। इन इलाकों से मोखा बंदरगाह और समुद्री रास्ते पर नजर रखना आसान है। एएफपी के मुताबिक यमनी सेना के एक अधिकारी ने बताया कि उसके 66 जवान मारे गए हैं। वहीं हूती विद्रोहियों से जुड़े सूत्रों ने कम से कम 62 विद्रोहियों के मारे जाने का दावा किया है। एक नागरिक की भी मौत हुई है। इस तरह अलग-अलग पक्षों से सामने आए आंकड़ों के मुताबिक, लड़ाई में मरने वालों की संख्या 120 से ज्यादा हो गई है।

आसमान में गरजेगी भारत-जापान की ताकत

## जोधपुर में शुरू हुआ 'वीर गार्जियन 2026' युद्धाभ्यास



दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना और जापान की वायुसेना के बीच द्विपक्षीय युद्धाभ्यास 'वीर गार्जियन 2026' का आगाज हो गया है। यह अभ्यास 9 सितंबर से 22 सितंबर 2026 तक जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जा रहा है।

भारतीय वायुसेना ने 'एक्स' पर पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। वायुसेना ने बताया कि जापान एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के दो सी-2 विमान जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर उतरे, इनके साथ जापानी दल इस अभ्यास के दूसरे संस्करण में शामिल होने के लिए भारत पहुंचा है।

#### मजबूत होंगे दोनों देशों के रिश्ते

भारतीय वायुसेना ने कहा कि यह अभ्यास दोनों देशों की वायुसेनाओं के बीच आपसी तालमेल, ऑपरेशनल सहयोग और आपसी समझ को और बढ़ाएगा। इससे भारत और जापान के बीच दोस्ती के स्थायी बंधन और मजबूत होंगे। बता दें कि 'एक्सरसाइज वीर गार्जियन 2026' भारतीय वायुसेना और जापानी एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के बीच एक द्विपक्षीय हवाई युद्ध अभ्यास है। इसका पहला संस्करण भी काफी सफल रहा था और अब दूसरे संस्करण में दोनों देश अपनी हवाई ताकत और रणनीति का प्रदर्शन करेंगे।

### खड़े ट्रक से टकराई कार 8 इंजीनियरिंग छात्रों की मौत

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर जिले में शुक्रवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। इस सड़क दुर्घटना में तमिलनाडु के आठ इंजनीयरिंग छात्रों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, छात्रों की कार कैपामंगलम में बन रहे नेशनल हाईवे 66 पर खड़ी एक मालवाहक ट्रक से टकरा गई।

### महिला कांग्रेस विधायक के साथ हाथापाई, कार्यकर्ताओं ने हाथ मरोड़ा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के चिरयिनकीझु में कांग्रेस विधायक राम्या हरिदास और स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। झड़प का वीडियो भी सामने आया है। इसमें राम्या के साथ कुछ लोग हाथापाई करते दिख रहे हैं। लोगों ने विधायक का हाथ पीछे की ओर मरोड़ दिया।

फर्जी नेटवर्थ दिखाकर 1,322 करोड़ रुपये लोन लेने का आरोप

## जी ग्रुप के फाउंडर सुभाष चंद्रा पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने जी ग्रुप के फाउंडर सुभाष चंद्रा सहित चार लोगों के खिलाफ 1,322 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की शिकायत पर की गई है।



एलआईसी का आरोप है कि सुभाष चंद्रा ने फर्जी नेटवर्थ सर्टिफिकेट जमा करके अपनी कंपनियों के लिए लोन लिया। बाद में नेटवर्थ सर्टिफिकेट से मुकर गए। सीबीआई ने सुभाष चंद्रा के अलावा पंकज सुरोलिया, अमिश पांड्या और राजीव ढोलकिया पर केस दर्ज किया है। चारों पर 2018 से 2026 के बीच धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और आपराधिक साजिश रचने का आरोप है। सुभाष चंद्रा जी मीडिया के मालिक एस्सेल ग्रुप के हेड हैं और जी एंटरटेनमेंट के पूर्व चेयरमैन हैं।

महाराष्ट्रः दही हांडी उत्सव के दौरान बड़ा हादसा

## पुणे में महिला की मौत, मुंबई में 22 गोविंदा घायल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर दही हांडी का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। मुंबई समेत राज्य के कई हिस्सों में गोविंदाओं ने ऊंचे मानव पिरामिड बनाकर दही हांडी फोड़ी। हालांकि, इस दौरान हुए हादसों ने उत्सव की खुशियों को कुछ हद तक फीका कर दिया। पुणे में कार्यक्रम के बाद अस्थायी लोहे का ढांचा गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि मुंबई में मानव पिरामिड बनाते समय 22 गोविंदा घायल हो गए।

पुणे के ओल्ड सांगवी इलाके में शुक्रवार देर रात दही हांडी कार्यक्रम खत्म होने के बाद हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, विघ्नहर्ता मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम के बाद मजदूर अस्थायी लोहे के पंडाल को हटाने में जुटे थे। इसी दौरान ढांचे का एक भारी हिस्सा वहां मौजूद 45 वर्षीय सलमा सलाउद्दीन पठान के ऊपर जा गिरा। हादसे में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतका का बेटा आयोजन करने वाले मंडल से जुड़ा हुआ था। परिवार ने आयोजकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया है। साथ ही पुलिस से भी अपनी ओर से मामला दर्ज न करने का अनुरोध किया। फिलहाल पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर ढांचा गिरने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



#### मुंबई में मानव पिरामिड बनाते समय 22 घायल

मुंबई में दही हांडी फोड़ने के लिए ऊंचे मानव पिरामिड बनाने के दौरान 22 गोविंदा घायल हो गए। बीएमसी अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से 21 को इलाज के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है, जबकि एक गोविंदा का इलाज अभी जारी है। अधिकारियों के अनुसार, शहर के विभिन्न अस्पतालों में 20 घायल गोविंदाओं को भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। इसके अलावा पूर्वी उपनगर में घायल हुए एक गोविंदा को भी उपचार के बाद घर भेज दिया गया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### एक बार फिर एकादमी का जिन्न

धर्मनगरी में एक बार फिर उस देशी खेल के लिए अकादमी की स्थापना को लेकर जिन्न बाहर आया है जिस पर पूर्व में 3 बार कवायद हो चुकी है। इस बार भी वही हुआ जो पूर्व में तीन बार हुआ। पूर्व में भी तीन बार पदकों के आने के बाद इस प्रकार का मामला सामने आया था और इस बार भी वही हो रहा है। इस खेल ने धर्मनगरी में एक से एक साधक दिए जिन्हें गुरू के दर्जे पर देखा जाता है। उनका पूजन किया जाता है। पिछली 3 बार बड़ी कवायद हुई है, लेकिन आज तक स्वतंत्र एकेडमी की बिल्डिंग नहीं बनी। फिलहाल नानाखेड़ा के पास के काम्पलेक्स में एरिना में ही अकादमी बताकर संचालित हो रही है। वर्ष 2017-18 में देश की पहली अकादमी धर्मनगरी में बनाने का प्रस्ताव आया। संबंधित विभाग ने जिला में जमीनों के जिम्मेदारों से जमीन मांगी। जमीन आगर रोड फोरलेन स्थित एक मंदिर की 20 बीघा जमीन में से देने की प्रक्रिया शुरू हुई। तत्कालीन मंत्री ने प्रयास किए। शहर की संस्था ने भी अनौपचारिक सहमति दे दी थी, लेकिन जमीन का मामला आवास की एक योजना में उलझ गया और अकादमी का जिन्न वापस बोतल में चूपचाप चला गया। इसके बाद 2023 में प्रदेश के माननीय के चुनाव से पहले क्षीरसागर स्टेडियम में मल्ल स्पर्धा के दौरान सामने आया। इसके बाद 2024 अंत में काम्पलेक्स में एरिना के नाम पर इसे बताया गया लेकिन अकादमी को लेकर जल्द की बात सामने आई थी। हालांकि वह जल्द वाली स्थिति दो साल बाद आज भी यह है कि अकादमी भवन नहीं बना है। एक बार फिर देशी खेल और खिलाड़ियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में पहल की गई है। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अकादमी विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। लगभग 20 एकड़ भूमि पर विकसित होने वाली इस अकादमी में खेल अधोसंरचना, हॉस्टल, आधुनिक खेल उपकरण और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही जा रही है। अकादमी की अधोसंरचना के निर्माण के लिए लगभग 86 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। वहीं वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक अकादमी के संचालन के लिए लगभग 25.33 करोड़ रुपये संचालन व्यय का प्रस्ताव है। इस प्रकार कुल प्रस्तावित राशि लगभग 111.33 करोड़ रुपये होने की बात कही जा रही है। खुसूर-फुसूर है कि जिस देशी खेल में एक से एक खिलाड़ी सामने आ रहे हैं उसके विकास एवं विस्तार के केंद्र धर्मनगरी में एक अकादमी तक लंबे समय बाद भी अस्तित्व में नहीं आ सकी है। इन हालातों के बावजूद खिलाड़ियों का हौंसला कायम है और वे देश स्तर पर धर्मनगरी को बराबर नाम दिलवा रहे हैं।

## नैनो न्यूज

- छोटा गोपाल मंदिर से निकली शोभायात्रा में ढाई साल की बच्चियों ने भी घुमाई लाठी और तलवार, नारी शक्ति बाल शारदा व्यायामशाला ने दिया सनातन का संदेश
- श्री कृष्ण सुदामा उपवन में चला सफाई अभियान, सफाई मित्रों का हुआ सम्मान, नेता प्रतिपक्ष, निगम अधिकारियों और क्षेत्रवासियों ने हार-फूल पहनाकर ओढ़ाई शॉल
- सिंहस्थ की 80 फीट रोड के आड़े आया आसाराम बापू का आश्रम, 500 से ज्यादा अनुयायियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, कहा - धार्मिक स्थल है, जमीन नहीं देंगे
- शिक्षक दिवस पर बालिकाओं को सेनेटरी वेंडिंग मशीन एवं इन्सिनरेटर की सौगात, मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सुरक्षित संसाधन उपलब्ध कराना समिति का उद्देश्य
- गोगा नवमी पर वसंत विहार में चला स्वच्छता अभियान, हुआ सफाई मित्रों का सम्मान, निगम की टीम के साथ रहवासियों ने किया श्रमदान
- विक्रम विवि की राजनीति शास्त्र प्रोफेसर दीपिका गुप्ता का 37 वर्षों का शैक्षणिक सफर, 42 शोधार्थियों को कराई पीएचडी
- निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1000 से अधिक लोगों ने कराया चेकअप
- राजपूत समाज ने श्रीकृष्ण-सुदामा उपवन में किया पौधारोपण, सुदामा नगर स्थित श्री कृष्ण-सुदामा उपवन में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

## ट्रेंडिंग




शनिवार को भी वर्तमान स्थल पर ही हुआ पूजन, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

# खड़े हनुमान की 8 फीट प्रतिमा विस्थापन में पेंच फंसा, भू-स्केनिंग होगी

## पुरातत्व से आए अधिकारी ने प्रतिमा के जमीन के अंदर पत्थरों में लाक होने का कहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कंठाल से गोपाल मंदिर तक सड़क 24 मीटर चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके मध्य आ रहे 7 धर्म स्थलों में से खड़े हनुमान की 8 फीट की प्रतिमा पुरानी पानी की टंकी के पास स्थापित की जाना है। इस प्रतिमा के विस्थापन में पेंच फंस गया है। मंदिर तोड़ने के बाद प्रतिमा को हटाने के स्थानीय प्रयास सार्थक नहीं होने की स्थिति में अब प्रतिमा स्थल की लैंड स्कैनिंग करवाई की तैयारी हो रही है। प्रतिमा के जमीन के भीतर पत्थरों से पुरातन लाक पद्धति से स्थापित होने की स्थिति भी बताई जा रही है। ऐसे में खंडित मंदिर में ही पूजा का क्रम जारी है।

खड़े हनुमान प्रतिमा को शुक्रवार को वर्तमान स्थल से हटाने की तैयारी की गई थी। इसको देखते हुए मंदिर के पुजारी एवं हिन्दु संगठनों ने यहां अंतिम आरती की थी। इसके बाद मंदिर की चार दीवारी एवं शिखर को तकनीकी रूप से बड़े ही तरीके से नगर निगम ने हटा दिया था। प्रतिमा को विस्थापन के लिए जब प्रयास शुरू हुए तो स्थानीय स्तर पर विफलता ही हाथ लगी। ऐसे में इंदौर के तकनीकी महाविद्यालय एसजीएसआईटीएस के विशेषज्ञ से संपर्क साधा गया और उसके बाद प्रदेश स्तर के पुरातत्व विभाग से संपर्क साधा गया था।





### अब जाकर तकनीकी विशेषज्ञों की राय

मंदिर के पुजारी महेश बैरागी बताते हैं कि सामने आए हालातों से स्पष्ट है कि मंदिर के विस्थापन को लेकर पूर्व से कोई तैयारी नहीं की गई थी। हमारे कहने पर एसजीएसआईटीएस के विशेषज्ञ से संपर्क किया गया। उनके परामर्श पर पुरातत्व विभाग से संपर्क किया गया। वहां से आए विशेषज्ञ ने प्रतिमा की गहराई की स्थिति का बारिकी से अध्ययन करने के बाद बताया है कि यहां भू स्कैनिंग कर देखा जाएगा की प्रतिमा की गहराई की स्थिति क्या है। मंदिर पहुंचे विशेषज्ञ ने उन्हें यह भी बताया कि यह प्रतिमा लाक पद्धति पर स्थापित है। जिसमें एक से दूसरे पत्थर को लाक किया जाता है। प्रतिमा के नीचे के पत्थरों में लाक की स्थिति होने पर विस्थापन में समय लग सकता है।

### स्थल पर चौकसी

स्थल पर मौजूद नगर निगम अपर आयुक्त संतोष टैगोर ने बताया कि तकनीकी शाखा अभी प्रतिमा विस्थापन को लेकर विशेषज्ञों के संपर्क में परामर्श कर रहा है। सभी स्थितियों को साफ करने के बाद ही विस्थापन का कार्य अंजाम दिया जाएगा। उनके साथ एसडीएम एल एन गर्ग भी मौजूद थे। स्थल पर हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता एवं नेताओं की उपस्थिति सतत रूप से बनी हुई है। इसके साथ ही पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

### श्रद्धालुओं का क्रम निरंतर

शनिवार को भी बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालु आते रहे और भगवान को पूर्ववत नमन करते रहे। टूटे मंदिर में ही पुजारी ने सुबह की पूजा को अंजाम दिया और दिन भर आने वाले श्रद्धालुओं को झाड़नी लगाते रहे। मंदिर के टूटे होने की स्थिति में प्रतिमा को शुक्रवार से ही वाटर प्रुफ टेंट में कर दिया गया था।

बुजुर्ग की मौत पर पुष्पा मिशन हॉस्पिटल को 4 साल बाद कारण बताओ नोटिस

# गहन चिकित्सा इकाई थी बीएएमएस डॉक्टर और एएनएम नर्स के हवाले

एक महीने का समय देते हुए सीएमएचओं ने जवाब तलब, अन्यथा मान्यता रद्द होगी


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के निजी अस्पतालों में कवच के नाम पर चल रही लापरवाही का बड़ा मामला उजागर हुआ है। 4 साल पुराने एक मौत के मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की जांच रिपोर्ट ने अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही पर मुहर लगा दी है। जांच में सामने आया कि घटना के समय गहन चिकित्सा ईकाई बीएएमएस डॉक्टर और एएनएम नर्स के हवाले थी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने पुष्पा मिशन हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी होम, 1 मारिया नगर, उज्जैन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में पूछा गया है कि क्यों न म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनायें अधिनियम 1973 की धारा 5 के तहत आपके अस्पताल का पंजीयन निरस्त कर दिया जाए।

मामला 04 नवंबर 2022 का है। विद्यापति नगर कॉलोनी निवासी रामदुलारे दुबे की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें डॉ. घनश्याम शर्मा की सलाह पर पुष्पा मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 3 दिन के उपचार के बाद उनकी मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र डॉ. राकेश दुबे ने आरोप लगाया था कि अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ की लापरवाही से उनके पिता की जान गई है।

शिकायत पर कार्यालयीन आदेश क्रमांक/शिकायत/2023/6420 दिनांक 07.06.2023 द्वारा एक जांच समिति का गठन किया गया था। समिति ने अपनी जांच पूरी कर प्रतिवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा।



- **जांच में लापरवाही का खुलासा-** सीएमएचओ कार्यालय द्वारा जारी पत्र क्रमांक /पंजीयन/2026/21199 दिनांक 01/09/2026 के अनुसार -अस्पताल ने जांच समिति को 05.11.2022 से 07.11.2022 तक का आईसीयू का ड्यूटी रोस्टर दिया। रोस्टर में दो नाम थे - डॉ. विजय पाटिल और नर्स मनाली परमार। इस पर जांच समिति ने दोनों की डिग्री मांगी और वो मिलने पर खुलासा हुआ कि डॉ. विजय पाटिल के पास बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी की डिग्री है। नर्स मनाली परमार के पास केवल एएनएम (ऑक्जीलरी नर्स मिडवाइफ) की डिग्री है, जो प्रसव पूर्व और पश्चात की देखभाल से संबंधित है।
- **इन्हें भी अवगत करवाया गया-** संभवतः मामले के विधि विचाराधीन होने की स्थिति सामने होने पर सीएमएचओं ने इस गंभीर मामले में जारी कारण बताओ सूचना पत्र की प्रतिलिपि अतिरिक्त महाधिवक्ता, मप्र उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग, कलेक्टर उज्जैन और शिकायतकर्ता डॉ. राकेश दुबे को भी भेजी है। अब अस्पताल प्रबंधन को नोटिस मिलने के 1 माह के भीतर जवाब देना होगा। जवाब संतोषजनक न मिलने पर अस्पताल की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई तय मानी जा रही है।

### दोनों ही आईसीयू के लिए अधिकृत नहीं

जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में साफ लिखा है कि बीएएमएस डिग्रीधारी चिकित्सक और एएनएम डिग्रीधारी नर्स गहन चिकित्सा ईकाई जैसे क्रिटिकल क्षेत्र में ड्यूटी करने के लिए अधिकृत ही नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्पताल प्रबंधन को आईसीयू की मानक संचालन प्रक्रिया की जानकारी होने के बावजूद जानबूझकर इन दोनों की ड्यूटी लगाई गई, जिसके कारण यह घटना घटित हुई। इसके लिए पूर्ण रूप से अस्पताल का संचालक मंडल ही दोषी है।

# शा. प्रा. वि. गुनावा मे शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



### शिक्षक ज्ञान का प्रकाश फेलाते : शहजाद खान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासकीय प्राथमिक विद्यालय गुनावा मे शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहजाद खान ने की विशिष्ट अतिथि दिनेश शास्त्री, खुशबू पंवार मेडम, सचिन बैरागी थे कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहजाद खान ने कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक है जो ज्ञान का प्रकाश फेलाते है कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों दिनेश शास्त्री, खुशबू पंवार मेडम, शहजाद खान, अन्नपूर्णा शास्त्री मेडम, सचिन बैरागी, दिनेश चौहान, जीवन सिंह परमार, बाबूलाल देपन, सुनील पाटीदार, मेहरबान सिंह राठौड़ को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील पाटीदार ने किया आभार मेहरबान सिंह राठौड़ ने किया।

## उठावना

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करने में आता है कि स्व. सदाशिव राव पंवार के ज्येष्ठ पुत्र राजेन्द्र जी पंवार का निधन दिनांक 5-9-2026 को हो गया है। जिनका उठावना सोमवार दिनांक 7-9-2026 को प्रातः 11 बजे निज निवास, 20, सुभाष मार्ग आबकारी विभाग के पास, उज्जैन पर रखा गया है।

**शोकाकुल**

**रत्ना पंवार (पत्नी) प्रांजल पंवार (पुत्री)**
**वैशाली पंवार (पुत्री) युग पवार (पुत्र)**

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर रतन भारतीय व्यायामशाला लाल अखाड़ा बड़नगर द्वारा पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में गांधी चैक पर आयोजित विशाल मटकी फोड़ महोत्सव में धर्मप्रेमी जनता की भारी उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इसके साथ ही, वाल्मीकि समाज द्वारा निकाली गई गोगा देव जी की छड़ी व चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। श्रीनाथजी का स्वरूप बनाकर शानदार डोला प्रस्तुत हुआ, और रतन भारतीय व्यायाम शाला (लाल अखाड़ा) के युवाओं ने अखाड़ा खेलकर अपने शानदार करतबों से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान पूर्व विधायक मुरली मोरवाल की पूज्य सासुमाता स्व. श्रीमती जयश्री गिरधाणी जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी चैक पर फरियाली के रूप में खिचड़ी एवं कलाकंद प्रसादी का विशाल वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लाभ लिया।

# बारिश ने मटकी फोड़ का मजा किया किरकिरा, फिर भी 100 जगह फूटी हांडियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुक्रवार को दिनभर हुई रिमझिम बारिश ने शहर में होने वाले मटकी फोड़ आयोजनों का मजा किरकिरा कर दिया। गुरूवार रात से ही शुरू हुई बारिश ने कई आयोजन स्थानों पर बनाए गए मंच गीले कर दिए थे और और आयोजनों के मैदानों में कीचड़ हो गया था। मंदिरों में बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की कतार रही है।

रिमझिम बारिश के बावजूद युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। शहर में 100 से अधिक स्थानों पर युवाओं की टोलियों ने भीगते हुए ही दही-हांडी फोड़कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उत्साह मनाया। शहीद पार्क में कृष्णा ग्रुप और कृष्णा वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित मुख्य मटकी फोड़ स्पर्धा में बारिश के कारण आयोजन दो घंटे देरी से शुरू हुआ। पानी में फिसलन के कारण पिरामिड बनाने में युवाओं को खासी मशक्कत करनी पड़ी। कई टोलियां फिसलकर गिर भी गईं, लेकिन अंत में हांडी फोड़कर ही दम लिया।शहीद पार्क के आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली जुड़े। उन्होंने कहा कि मटकी फोड़ में भी जीवन का दर्शन छिपा है। हमारा जीवन मटकी की तरह है, जिसमें पुण्य का माखन भरा रहना चाहिए। मटकी फोड़ने के लिए एक-दूसरे का साथ देना पड़ता है, यही जीवन में मित्रता और सामूहिकता का महत्व है। बारिश का असर मटकी फोड़ पर तो पड़ा, लेकिन मंदिरों में आस्था को प्रभावित नहीं कर सका। द्वारकाधीश गोपाल मंदिर में भगवान को केसरिया वस्त्र धारण कराए गए। रात 12 बजे जन्म आरती और महाभिषेक के बाद देर रात 2 बजे तक भक्त कतारों में भीगते हुए ही दर्शन के लिए खड़े रहे। सांदीपनि आश्रम और इस्कॉन मंदिर में भी 'नंद के घर आनंद भयो' के जयघोष गूंजते रहे।












सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | रविवार 06 सितंबर, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### कलेक्टर ने पटवारी को निलंबित करने के दिए निर्देश

**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार ने मल्हारगंज तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण, कार्यालयीन व्यवस्थाओं तथा लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा की। संभागायुक्त ने तहसीलदार मल्हारगंज शेखर चौधरी, तत्कालीन तहसीलदार मल्हारगंज एवं वर्तमान तहसीलदार कनाडिया नारायण नादेडा तथा अपर तहसीलदार मल्हारगंज श्री लोकेश आहूजा के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण में आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज नहीं किए जाने, प्रकरणों का ऑफलाइन संधारण, नस्तियों की सूची तैयार नहीं होने, राजस्व वसूली पत्रक, डायवर्सन पंजी एवं अर्थदंड पंजी उपलब्ध नहीं होने सहित अन्य कमियां पाई गईं।


### परमजीत कौर को सौंपा गया सहायता राशि का चेक

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के प्रयासों से सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फरसपुर में विद्युत दुर्घटना में मृत हारवेस्टर चालक स्व. गुरजंत सिंह के परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राहत राशि का चेक मृतक की पत्नी परमजीत कौर को सौंपा गया। विद्युत दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पीड़ित परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। ग्राम फरसपुर निवासी नीलेश पटेल के यहां हारवेस्टर चालक के रूप में कार्यरत गुरजंत सिंह खेत में हारवेस्टर मशीन से सोयाबीन की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन की केबल क्षतिग्रस्त अवस्था में होने के कारण विद्युत प्रवाह की चपेट में आ गए।

### इंदौर और भोपाल को मिलेगा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सराहना पुरस्कार

**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026' में मध्यप्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के ध्येय को साकार करते हुए देश में पुनः अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। प्रदेश ने प्रदूषण नियंत्रण, हरित आवरण विस्तार और नागरिक सहभागिता की दिशा में एक स्वर्णिम अध्याय रचा है। इस राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में प्रदेश के इंदौर एवं जबलपुर को शहर स्तरीय उत्कृष्ट वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए तथा भोपाल नगर निगम के वार्ड क्रमांक-60 को वार्ड स्तरीय नवाचारों के लिए 'स्वच्छ वायु सराहना पुरस्कार' से अलंकृत किया जाएगा। यह राष्ट्रीय सम्मान 7 सितम्बर 2026 को नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन के गंगा ऑडिटोरियम में 'स्वच्छ वायु दिवस' समारोह के अवसर पर भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 470 पेटियां जब्त



**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अवैध मदिरा के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेशानुसार तथा सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में जिले में संचालित अभियान के क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 50 लाख रुपये कीमत की अवैध मदिरा बरामद की है। आबकारी विभाग की टीम को इंदौर शहर के बायपास क्षेत्र में कनाड़िया से बिचौली हप्सी के मध्य सर्विस रोड के किनारे एक आयशर कंटेनर ट्रक क्रमांक HR 55 AF 2661 के संदिग्ध अवस्था में खड़े होने की सूचना मिली। संदेह के आधार पर आबकारी उपनिरीक्षक आकाश मेश्राम के नेतृत्व में टीम ने कंटेनर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कंटेनर से मैकडोवेल्स नंबर वन व्हिस्की की 250 पेटियां बरामद हुईं, जिनमें 750 एमएल धारिता की बोतलें थीं। इसके अतिरिक्त ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की की 220 पेटियां भी बरामद की गईं, जिनमें 180 एमएल धारिता के पाव थे। इस प्रकार कुल 470 पेटी अवैध मदिरा जब्त की गई। बरामद मदिरा की कुल मात्रा लगभग 4,151 बल्क लीटर है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। प्रथम दृष्टया यह मामला अंतरराज्यीय मदिरा तस्करी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

## नैनो न्यूज

- **देवास – हिट एंड रन पीड़ितों को राहत-** देवास में हिट एंड रन के 78 पीड़ितों को 70.50 लाख रुपए की राहत राशि मिली।
- **आगर – सड़क हादसे में पांच आरोपी गिरफ्तार-** आगर-मालवा में बाइक सवार को ट्रक से टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने साजिश का खुलासा कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।
- **सुसनेर – बारिश से बढ़ी परेशानी-** सुसनेर क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण निचले इलाकों और सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है।
- **शाजापुर – शिक्षक हेमंत वैद्य सम्मानित होंगे-** सरकारी स्कूल में बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था विकसित करने वाले शिक्षक हेमंत वैद्य को राज्यपाल और मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे।
- **रतलाम – बस हादसे में 28 यात्री घायल-** रतलाम में बस डिवाइडर पर चढ़ गई। यात्रियों को दूसरी बस में बैठाया गया, वह भी पलट गई और 28 लोग घायल हुए।
- **मंदसौर – बारिश का असर जारी-** मंदसौर में शनिवार को बादल छाए रहने और मौसम सक्रिय रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान करीब 29 डिग्री रहने की संभावना है।

बिजली बिल का झटकाः अगस्त के बिल में 4.59% ,एफपीपीएएस जुड़ा, 8 महीने में 6ठी बार वसूली


# शकर के तड़के से बची-खुची लोगों की जेब विद्युत कंपनी ने उधेड़ी

### 100 यूनिट पर 20 रुपए, 300 यूनिट पर 85 रुपए तक अतिरिक्त भार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शकर की महंगाई से बची आम उपभोक्ता की बची खूची जेब को विद्युत कंपनी ने उधेड दिया है। त्यौहार के माह में मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जून में की गई महंगी बिजली खरीद का बोझ अब अगस्त के बिलों में आम उपभोक्ता पर डाल दिया है।

इस बार बिलों में 4.59 प्रतिशत एफपीपीएएस (फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज) जोड़ा गया है। जनवरी से अगस्त के बीच यह छठवीं बार है जब बिल में सरचार्ज लगाया गया है। विद्युत कंपनी के इस फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज का सीधा असर उज्जैन जिले के करीब 5.20 लाख बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। जिले में सबसे ज्यादा करीब 4.35 लाख घरेलू, 65 हजार वाणिज्यिक और 20 हजार कृषि



उपभोक्ता हैं। इन सभी के अगस्त में जारी हुए बिलों में यह सरचार्ज जोड़ा गया है।

#### इस तरह पड़ेगा उपभोक्ताओं पर असर

कंपनी के सूत्रों के मुताबिक एफपीपीएएस पूरे बिल पर नहीं, बल्कि एनर्जी चार्ज और फिक्स चार्ज के तय फॉर्मूले पर लगता है। कंपनी ने इसके लिए 13.22% वितरण हानि और 7.44 रुपए औसत बिलिंग रेट को आधार बनाया है।

#### घरेलू उपभोक्ता पर ऐसा रहेगा असर

■ खपत सामान्य बिल (लगभग) 4.59% एफपीपीएएस के बाद अतिरिक्त राशि ■ 100 यूनिट (गरीब परिवार) 450 रु. 18 से 22 रु. अतिरिक्त ■ 200 यूनिट (मध्यम वर्ग) 1050 रु. 42 से 48 रु. अतिरिक्त ■ 300 यूनिट (2 एसी वाला परिवार) 1950 रु. 75 से 88 रु. अतिरिक्त ■ 500 यूनिट (व्यावसायिक) 4200 रु. 150 से 190 रु. अतिरिक्त **(यानी जितनी ज्यादा खपत, उतना ज्यादा सरचार्ज।)**

**उपभोक्ताओं का विरोध-** 8 महीने में 6 बार एफपीपीएएस लगने से उपभोक्ताओं में नाराजगी है। हर दूसरे महीने उपभोक्ताओं को 50-100 रुपए बिल में बढ़कर आ रहे हैं। कृषि उपभोक्ता महिदपुर के रामलाल ने कहा कि पहले ही खाद-बीज महंगे हैं, ऊपर से बिजली बिल का झटका। ऊर्जा विभाग के जानकारों का कहना है कि जब तक बिजली खरीद का प्रबंधन नहीं सुधरेगा और ट्रांसमिशन लॉस कम नहीं होगा, तब तक हर महीने उपभोक्ता की जेब ही कटती रहेगी।

**इसलिए लगा सरचार्ज-** दरअसल, बिजली कंपनियां पूरे प्रदेश के लिए एक साथ बिजली खरीदती हैं। जून में कंपनियों ने 906.65 करोड़ यूनिट बिजली खरीदी, जिसमें से 557.15 करोड़ यूनिट बाहर के राज्यों/केंद्रीय कोटे से और 349.50 करोड़ यूनिट प्रदेश के प्लांट सेआई।इसकी वास्तविक लागत 3.92 रुपए प्रति यूनिट पड़ी, जबकि विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ में लागत 3.64 रुपए ही मानी थी। 28 पैसे प्रति यूनिट का यह अंतर ही एफपीपीएएस के जरिए अब उज्जैन समेत पूरे प्रदेश के उपभोक्ताओं से वसूला जा रहा है। जून की 28.63 करोड़ यूनिट थोक में बेचने के बाद नेट 878.01 करोड़ यूनिट पर गणना की गई।

आखिर किसके इशारों पर दोबारा जागा 'हनी ट्रैप का भूत.. ?'

# अंगूर की बेटी...' और 'हनी ट्रैप की हसीनाएं'

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

पिछली बार जब इंदौर में हनी ट्रैप नामक भूत की 'उत्पत्ति' हुई थी तब शहर से लेकर प्रदेश और यहां तक कि देशभर में हल्ला मचा और कई 'हमाम के नंगों' की 'नंगाई' उजागर हुई।

हनी ट्रैप की 'हसीनाओं' ने जो 'ब्लैकमेलिंग' का खेला किया और पुलिस को जो कथित 'सबूत' हाथ लगे उसके बाद सियासी गलियारों से लेकर प्रशासनिक हलकों से जुड़े अनेकों के पसीने इस पर छूटे कि कहीं उनका 'वीडियो/चेहरा' सामने ना आ जाए। उस दौरान कई 'दबंगों' ने अपने 'ऊपरी सम्पर्कों' के साथ-साथ एड़ी से चोटी तक का जोर लगाया। अंत में इस बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ और एक के बाद एक इससे जुड़ी हसीनाओं के साथ अन्य चेहरे भी उजागर हुए और इन्हें 'जेल की हवा' भी खाना पड़ी। अब एक बार फिर हनी ट्रैप-2.0' सुर्खियां बटोर रहा है, हालांकि इस बार पहले जैसा 'मसाला' मीडिया को नहीं मिल रहा और कहा जा रहा कि इस बार 'हसीनाओं' ने सिर्फ शराब ठेकेदारों से लेकर कुछ अन्य कॉन्ट्रैक्टरों को ही निशाना बनाया।

हालांकि इसके पीछे भी कई 'पुराने चेहरे' ही बताए जा रहे, जो जेल से बाहर आने के बाद दोबारा सक्रिय हुए और नए चेहरों को अपने साथ जोड़ा। हालांकि इसके पीछे की एक 'नारायणात्मक कहानी' भी मीडिया में सुगबुगाहट के रूप में कही जाती रही, जिसमें 'दो शराब ठेकेदार भाइयों' का 'उज्जैनी सम्पर्क' भी चर्चा में रहा और इसके बाद ही 'हनी ट्रैप-2.0' का भूत जागा।

फिलहाल तो पुलिसिया छानबीन भी यही इशारा कर रही कि 'अंगूर की बेटी' यानी शराब और हनी ट्रैप की हसीनाओं का 'तगड़ा गठजोड़' है। दूसरी ओर इंदौर के अलावा 50 से लेकर 200 किलोमीटर दूर बैठे कुछ 'मठाधीशों' ने इसे इसलिए भी 'हवा' दी, क्योंकि उन्हें इस बार इसमें 'हनी' के अलावा 'सोम रस' भी नजर आ रहा... खैर। देखना होगा कि आगामी समय में यह 'अंगूर की बेटी और हनी ट्रैप की हसीनाओं का गठजोड़' क्या रंग लाता है।

#### कई हाईप्रोफाइल नाम सामने आ सकते हैं

क्राइम ब्रांच आरोपियों के मोबाइल फोन, चैट, सोशल मीडिया कनेक्शन और बैंक लेनदेन की जांच कर रही है। पुलिस को आशंका है कि आने वाले दिनों में कई हाईप्रोफाइल नाम सामने आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार कई कारोबारी और राजनीतिक लोग गैंग के संपर्क में थे, लेकिन बदनामी के डर से शिकायत दर्ज नहीं करवा रहे हैं।

**आने वाले दिनों में कई हाईप्रोफाइल नाम सामने आ सकते हैं-** क्राइम ब्रांच आरोपियों के मोबाइल फोन, चैट, सोशल मीडिया कनेक्शन और बैंक लेनदेन की जांच कर रही है। पुलिस को आशंका है कि आने वाले दिनों में कई हाईप्रोफाइल नाम सामने आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार कई कारोबारी और राजनीतिक लोग गैंग के संपर्क में थे, लेकिन बदनामी के डर से शिकायत दर्ज नहीं करवा रहे हैं।

### इंदौर में 23-24 अक्टूबर को होगी एमपी सेमीकंडक्टर समिट 2026

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' के माध्यम से देश को इस क्षेत्र में सशक्त बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस संकल्प को साकार करने में मध्यप्रदेश अपनी अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर जैसे आधुनिक विज्ञान के अनेक प्रकल्पों पर बेहतरीन काम हो रहा है। इस क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार अग्रसर है। एक दौर वो था, जब चिप निर्माण के दिशा में कोई सोचता भी नहीं था। अब मध्यप्रदेश ने इस दिशा में कदम बढ़ाने के लिए ठोस निर्णय लिए हैं।

# सांदीपनि के आंगन मे समाज को महकाते यह शिक्षक...

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

श्रीकृष्ण के महान गुरू सांदीपनि की नगरी पुरातन काल से ही शिक्षा का प्रमुख केन्द्र रही है। विदेशी यात्रियों ने उस समय की अवंतिका का वर्णन अपने यात्रा वृतांत मे खुलकर किया है और यहां की शिक्षा व्यवस्था की प्रशंसा की है। आज भी उज्जैन की पावन धरा की मिट्टी मे शिक्षा की पावन महक देखने को मिलती है। व्यवसायिकता के इस दौर मे भी कुछ शिक्षक समाज को परिवार मानकर निस्वार्थ भाव से नई पौध को गढने मे तन-मन से लगे हुए हैं।

#### मेंटली चैलेंज्ड बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना रहा उद्देश्य

मेंटली चैलेंज्ड बच्चों को पढाना और समझाना एक जटिल कार्य है। विशेष बच्चों को कुछ सिखाने के लिए बहुत धैर्य और लगन की जरूरत होती है। इस दुष्कर कार्य की चुनौती को स्वीकार करते हुए शहर की अनुपमा उपाध्याय की मेहनत रंग ला रही है। नानाखेडा स्थित मनोविकास विद्यालय मे विगत 17 वर्षों से सेवारत शिक्षिका अनुपमा मल्टीपल डिसएबल्ड बच्चों को इस योग्य बनाती रहीं कि वे आत्मनिर्भर होकर किसी पर बोझ न बनें। ये शहर के लिए गर्व का विषय है कि अनुपमा मैडम से प्रशिक्षित दो मेंटली चैलेंज्ड छात्र अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता मे स्वर्ण व रजत पदक जीत कर लाए।

#### शिक्षक की जिद ने बना डाला शंकु यंत्र

कुछ शिक्षक नवप्रवर्तन करके विषय को बोधगम्य व रोचक बनाते हैं। ऐसे ही शिक्षक हैं माधवनगर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के निरंजन कुमार बेलिया। सूर्य की परछाई के अध्ययन को समझाने के लिए बेलिया सर ने विद्यालय परिसर मे ही शंकु यंत्र बनवा दिया। इस यंत्र को बनाने के लिए एक पक्के वृताकार चबूतरे पर मध्य मे एक डंडेनुमा शंकु स्थापित किया और चबूतरे पर अर्धवृताकार रेखाएं अंकित की। इस यंत्र द्वारा परछाई का अध्ययन करके समय मापन सटीक बैठता है। शंकु यंत्र से ही वर्ष का सबसे बडी अवधि का दिन 21 जून को सुगमता से देखा जा सकता है जब सूर्य की परछाई लुप्त हो जाती है क्योंकि सूर्य 90डिग्री कोण पर होता है।

#### संस्कृति व सामाजिक दायित्वों का बोध

शहर के वयोवृद्ध शिक्षक अति सहज ,सरल पं राजेन्द्र व्यास चकाचौंध से दूर रहकर सदैव मौन साधक की भांति शिक्षा की मशाल जलाते रहे। आज 92 वर्ष की आयु मे भी चुस्त पं व्यास ने औपचारिक शिक्षा के साथ छात्रों को धर्म , संस्कार व संस्कृति से भी परिचित कराते हुए हमारी बौद्धिक विरासत को अक्षुण्ण बनाने मे बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया। वे आज भी नियमितरूप से हवन- पूजन करते हैं। असंख्य वैदिक मंत्र उन्हें कंठस्थ हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्येय माननेवाले ये पुरोधा हमारे शहर की बहुमूल्य निधी हैं।

#### फाइन आर्ट को लोकप्रिय बनाया

शहर की युवा फाइन आर्ट शिक्षिका फाल्गुनी अग्रवाल किसी पहचान की मोहताज नहीं है। शहर की नई पौध को कला की बारीकियां समझाकर गढने मे फाल्गुनी अव्वल है। फाल्गुनी का शहर के प्रति समर्पण भी सराहनीय है। बाबा महाकाल की सवारी मे चलित वाहन के अंदर वे बाबा महाकाल की चलित पेन्टिंग बनाकर आम श्रद्धालु को दर्शन कराने का नेक काम कर रही हैं। नागपंचमी पर्व पर निकली सवारी मे फाल्गुनी ने अपनी तूलिका से भगवान नागचन्द्रेश्वर के विग्रह को कैनवास पर जीवंत प्रदर्शित किया। वे अपने छात्रों को एक ही मंत्र देती हैं कि पूर्ण समर्पण व लगन से कला की साधना करो तो सफलता कदम चूमती है। भाव व संवेदना को प्रकट करने का सशक्त माध्यम है फाइन आर्ट। फाल्गुनी जैसे युवा कलाकार शहर मे नई पीढी का रूझान कला की ओर कर रहे हैं ताकि समाज मे संवेदना ,दया व ममता कायम रहे दीर्घकाल तक।

उज्जैन के इंडस्ट्रियल एरिया में आयुर्वेदिक लाइसेंस की आड़ में बन रही थी एलोपैथिक दवा

# यूपी एफएसडीए और पुलिस का उज्जैन में छापा

### 4.80 लाख गोलियां तैयार करने की जानकारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

लखनऊ में दर्ज एक मामले की जांच के तार उज्जैन की एक फार्मा फर्म तक पहुंची है। उत्तर प्रदेश एफएसडीए और पुलिस की टीम ने स्थानीय औषधि प्रशासन, आयुष विभाग और पुलिस के साथ न्यू इंडस्ट्रियल एरिया, आगर रोड स्थित मेसर्स रुद्राया फार्मा पर छापा मारा।

जांच में सामने आया कि फर्म के पास आयुर्वेदिक दवा निर्माण का लाइसेंस था, लेकिन इसी की आड़ में एलोपैथिक दवा लिवेरा-500 तैयार किए जाने का आरोप है। टीम को फैक्ट्री की छत से 5250 बिना लेबल वाली संदिग्ध ग्लास वायल भी मिली हैं। इन्हें सात कार्टन में सील कर नमूने जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं। कार्रवाई के दौरान फर्म संचालक प्रेम मलिक और उसका पुत्र राहुल मलिक उर्फ रितिक मौके पर मिले। पूछताछ में पता चला है कि वह एजाज अहमद के साथ करीब आठ से दस साल से जुड़े थे। जांच के अनुसार एजाज के कहने पर लिवेरा-500 में इस्तेमाल होने वाला लेवेटिरासेटम आईपी मुंबई की फर्मों से मंगाया जाता था। इसी कच्चे माल से उज्जैन में दवा तैयार किए जाने की बात सामने आई है। जांच में करीब 4.80 लाख गोलियां, यानी लगभग 32 हजार स्ट्रिप, उज्जैन में तैयार किए जाने की जानकारी सामने आई है। इन दवाओं को हरिद्वार भेजे जाने की बात भी जांच में सामने आई है। लिवेरा-500 में लेवेटिरासेटम होता है, जिसका उपयोग मिर्गी के दौरों को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

#### एफआईआर की जानकारी मिलते ही नष्ट किया सामान

लखनऊ में एफआईआर दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद रुद्राया फार्मा में तैयार दवा, पैकिंग मैटेरियल और दवा बनाने में इस्तेमाल होने वाली डाई-पंच को नष्ट किए जाने की बात जांच में सामने आई है। इसके अलावा पैकिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली एलू-एलू मशीन को देवास में छिपाए जाने की जानकारी भी टीम को मिली है। अब जांच एजेंसियां मशीन और अन्य सामग्री के संबंध में भी जानकारी जुटा रही हैं।

**देवास की फर्म से भी जुड़ा कनेक्शन-** जांच में रुद्राया फार्मा और देवास की सॉफ्ट मेडीकेप के बीच भी कनेक्शन सामने आया है। बताया गया है कि प्रेम मलिक देवास की साफ्ट मेडीकेप में मैनेजर के रूप में काम करता था, जबकि उसका पुत्र राहुल मलिक उर्फ रितिक उज्जैन में मेसर्स रुद्राया फार्मा का संचालन करता है। जांच एजेंसियां दोनों फर्मों के बीच कारोबारी संबंधों और दवा निर्माण से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल कर रही हैं।

दो दिन पहले ही घोषित हुआ था चुनाव कार्यक्रम वर्तमान पार्षद सुनेहरा अंसारी पद पर यथावत

# वार्ड-60 के उपचुनाव पर हाईकोर्ट की रोक चार सप्ताह बाद

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 60 के उपचुनाव को लेकर बड़ा कानूनी मोड़ सामने आया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा वार्ड क्रमांक 58 और 60 में उपचुनाव की घोषणा किए जाने के महज दो दिन बाद ही हाईकोर्ट के आदेश से वार्ड-60 में होने वाले उपचुनाव पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद वार्ड क्रमांक 60 की वर्तमान पार्षद सुनेहरा अंसारी फिलहाल अपने पद पर यथावत रहेंगी। वहीं उनके निर्वाचन से जुड़े मामले में अगली सुनवाई अब चार सप्ताह बाद होगी।

#### दो दिन पहले बजा था चुनावी बिगुल

वार्ड क्रमांक 58 और 60 में उपचुनाव को लेकर निर्वाचन कार्यक्रम घोषित होते ही दोनों क्षेत्रों में राजनीतिक हलचल तेज हो गई थी। संभावित प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चाएँ शुरू हो गई थीं और राजनीतिक दल भी अपनी तैयारियों में जुट गए थे। लेकिन वार्ड-60 से जुड़े मामले में हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अब चुनावी तस्वीर अचानक बदल गई है।

#### चार सप्ताह तक जारी रहेगा इंतजार

हाईकोर्ट ने फिलहाल वार्ड-60 के उपचुनाव की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। तब तक वर्तमान स्थिति बरकरार रहने की संभावना है। इस आदेश के बाद वार्ड-60 के संभावित दावेदारों की तैयारियों पर भी फिलहाल विराम लग गया है। अब सभी की नजरें चार सप्ताह बाद होने वाली सुनवाई पर रहेंगी।

#### वार्ड-58 में ही चुनाव की स्थिति

वार्ड-60 में उपचुनाव पर रोक लगने के बाद इंदौर नगर निगम के उपचुनाव का पूरा गणित बदल गया है। फिलहाल परिस्थितियां ऐसी बनती दिखाई दे रही हैं कि वार्ड क्रमांक 58 में ही उपचुनाव होगा, जबकि वार्ड-60 का मामला न्यायालय के अगले आदेश तक लंबित रहेगा। इस घटनाक्रम का असर आगामी दिनों में दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों की रणनीति पर भी दिखाई दे सकता है। जहां वार्ड-58 में प्रत्याशी चयन और चुनावी तैयारियों पर फोकस बढ़ेगा, वहीं वार्ड-60 के दावेदारों को अब हाईकोर्ट की अगली सुनवाई का इंतजार करना होगा।

#### दो दिन में बदल गई पूरी चुनावी तस्वीर

इंदौर के नगर निगम उपचुनाव से जुड़े इस घटनाक्रम को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि दो दिन पहले जिस वार्ड-60 में चुनावी तैयारियों का बिगुल बज चुका था, वहां अब न्यायालय के आदेश से चुनावी गतिविधियों पर ब्रेक लग गया है फिलहाल सुनेहरा अंसारी पार्षद पद पर बनी रहेंगी और चार सप्ताह बाद होने वाली सुनवाई के बाद ही आगे की तस्वीर साफ होगी।

#### रोचक संयोग- रिंगटोन भी बनी चर्चा का विषय

वार्ड-60 के इस पूरे घटनाक्रम के बीच एक दिलचस्प संयोग भी राजनीतिक चचाओं में शामिल हो गया है। क्षेत्रीय पार्षद के मोबाइल की रिंगटोन में एक गाना बजता है- ऐ खुदाङ्ख फैसला तेरा मुझे मंजूर है...

अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद जब यही पंक्तियां मोबाइल पर सुनाई देती हैं तो आसपास मौजूद लोगों के बीच मुस्कुराहट के साथ इसकी चर्चा भी होने लगी है। चुनाव की घोषणा हुई, फिर कोर्ट का आदेश आया और अब चार सप्ताह का इंतजारङ्ख ऐसे में रिंगटोन के बोल भी मानो मौजूदा घटनाक्रम से मेल खाते नजर आ रहे हैं। हालांकि यह महज एक संयोग है, लेकिन वार्ड-60 की बदलती चुनावी तस्वीर के बीच यह रिंगटोन फिलहाल चर्चा का एक दिलचस्प विषय जरूर बन गई है।

# विद्या मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर**

सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में सजे भैया-बहनों का विधिवत पूजन एवं आरती की गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों के मनमोहक कृष्ण स्वरूप ने पूरे विद्यालय परिसर को कृष्णमय कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आचार्य वीरेंदर शर्मा ने इस अवसर पर श्री कृष्ण की महिमा का वर्णन का किया` आयोजन में ब्लमटकी फोड़ब्ल का शानदार आयोजन रखा गया` कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार गोधा, सचिव आशीष शुक्ला एवं प्राचार्य देवेन्द्र प्रसाद शर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर ब्लनंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीब्ल के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में उप प्राचार्य हिम्मत सिंह सिसोदिया, पाली प्रमुख अनिल चौहान, शिशु वाटिका प्रमुख कविता मकवाना सहित आचार्य-दीदी एवं भैया-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की जानकारी योगेश जोशी ने दी। अंत में भगवान श्रीकृष्ण की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

न्यूज कालम



## नेपानगर में लालबाग अखाड़े ने 21 हजार की हांडी पर जमाया कब्जा

**नेपानगर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नेपानगर का मनोज टॉकीज चौराहा गोविंदाओं के जयकारों से गूंज उठा। राम मित्र मंडल और महाराणा मित्र मंडल द्वारा आयोजित पारंपरिक दहीहांडी महोत्सव में इस बार भी जोश हाई रहा। दोपहर बाद शुरू हुई प्रतियोगिता में दो अखाड़ों ने अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन बाजी मारी बुरहानपुर की प्रसिद्ध व्यायामशाला लालबाग की टीम ने। युवाओं ने गजब का संतुलन और एकजुटता दिखाते हुए 5 थर का मानव पिरामिड बनाया और ऊपर लटकी हांडी को पल भर में फोड़ दिया। हांडी फूटते ही दही की बौछार और दर्शकों की तालियों से पूरा माहौल कृष्णमय हो गया। विजेता टीम को पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश चौहान ने 21 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र इंगले, मनीष पवार, आनंद पाटील, विनोद वाणी, चतुर सिंह बैंस, अरविंद मोरे, अशोक चौहान, हेमंत पाटील सहित सैकड़ों नगरवासी मौजूद रहे और अंत तक जमे रहकर गोविंदाओं का हौसला बढ़ाते रहे।

## पीएम श्री स्कूल में हर्षोल्लास से मना शिक्षक दिवस, नपा अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं



**नेपानगर।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेपानगर में शिक्षक दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गीतों एवं अपने वक्तव्यों के माध्यम से गुरुओं की महिमा का बखान किया गया। समस्त गुरुजनों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती पाटील, नगरपालिका उपाध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद श्रीमती वैशाली पाटील, वार्ड २० के पार्षद श्री पंकज मलना, पार्षद श्रीमती पार्वती बाई सेवरखा विशेष रूप से शामिल हुईं। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शिक्षकों को मिठाई खिलाकर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। अंत में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य की प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से प्रेरित किया गया।

## शिक्षक दिवस सम्मान कार्यक्रम ओंकारेश्वर लायंस क्लब द्वारा सम्पन्न



**सनावद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक गण का सम्मान समारोह किया गया। रिटायर्ड शिक्षक दुर्गा शंकर पाटीदार,महेश चंद्र डोसी,शिवशंकर सोनी का शाल-श्रीफल मिठाई भेंट कर सम्मान किया गया। अध्यक्ष मुश्ताक मलिक ने सम्मान करते हुए राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।जाकिर हुसैन अमी ने शिक्षकों का परिचय दिया।,डॉ राजेंद्र पलोड़ ,कोचर सर,ताहिर बेग,वसीम खान,हरीश पुरोहित आदि ने स्वागत किया।सम्मान पश्चात शिक्षकगण ने अपने विचार व्यक्त किए एवं शिक्षा के साथ साथ समाज एवं देश के विकास में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्वयं को अनुशासित करने, निखारने एवं राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों, दायित्वों के निर्वाह तथा अपने अधिकारों के प्रति संघर्ष पर प्रकाश डाला।

## सरस्वती शिशु मंदिर में राधा-कृष्ण की वेश भूषा में सजे नन्हे-मुन्ने बने आकर्षण का केंद्र




**खंडवा।** कल्याणगंज स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उषा पटेल रहीं। विद्यालय पहुंचने पर आचार्य परिवार एवं भैया-बहनों ने पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने कृष्ण लीला पर आधारित नृत्य, भजन सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मटकी फोड़ कार्यक्रम में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समिति के व्यवस्थापक रविंद्र बंसल, संस्था प्राचार्य शोभा तोमर, प्रधानाचार्य राधेश्याम चौहान सहित विद्यालय परिवार और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भगवान श्रीकृष्ण की आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया।

## साइकिल से वैष्णो देवी यात्रा पर निकले भक्तों को विधायक ने भेंट की साइकिल

**खंडवा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रणगांव से साइकिल के माध्यम से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए निकले श्रद्धालुओं के दृढ़ संकल्प को देखते हुए विधायक कंचन मुकेश तनवे ने दो यात्रियों को साइकिल भेंट की। विधायक के निजी कार्य में व्यस्त होने के कारण उनके प्रतिनिधि मुकेश तनवे ने यात्रियों को साइकिल प्रदान की और उनकी सुखद एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन को प्रदेश के तीन उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों में चयनित कर सम्मानित किया

### बलराम जयंती महोत्सव में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में किया सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

जिले के सहकारिता क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, खरगोन को उत्कृष्ट कार्यों एवं निर्धारित मापदंडों पर उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए प्रदेश के तीन उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों में चयनित कर सम्मानित किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल द्वारा 27 अगस्त को जारी पत्र अनुसार, भारत सरकार के निदेर्शानुसार उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिला सहकारी बैंको एवं सहकारी संस्थाओं को पुरस्कृत करने के लिए निर्धारित मापदंडों के आधार पर प्रदेश के जिला सहकारी बैंकों एवं पैक्स संस्थाओं का मूल्यांकन किया गया। इस मूल्यांकन में खरगोन, विदिशा एवं देवास जिला सहकारी बैंकों को प्रदेश के तीन उत्कृष्ट




जिला सहकारी बैंकों के रूप में चयनित किया गया।

इसी क्रम में 2 सितंबर 2026 को ग्वालियर के मेला ग्राउंड में आयोजित प्रदेश स्तरीय बलराम जयंती महोत्सव एवं सहकारी कृषक समागम में प्रदेश के उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों एवं पैक्स संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रथम अपेक्स सम्मान का प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार श्रीमती संध्या रोकडे. प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रदान किया गया।

यह उपलब्धि खरगोन जिले में सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे सतत प्रयासों, किसानों एवं पैक्स संस्थाओं के साथ बेहतर समन्वय तथा बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यकुशलता, एवं समय-समय पर शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिये गये आदेषों/निदेशो का परिणाम है। प्रदेश स्तर पर बैंक का उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंक के रूप में चयन होना खरगोन जिले के किसानों, सहकारी समितियों एवं समूचे सहकारिता परिवार के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

बैंक के प्रशासक श्री बी.एल. मकवाना, प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी संध्या रोकडे एवं उपायुक्त सहकारिता खरगोन के. आर. आवासे ने इस सम्मान को जिले के किसानों एवं सहकारी संस्थाओं के विश्वास और सहयोग को समर्पित करते हुए कहा कि बैंक भविष्य में भी किसानों को बेहतर बैंकिंग एवं सहकारी सेवाएं उपलब्ध कराने तथा सहकारिता को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। साथ ही श्रीमती संध्या रोकडे ने प्र.मुख्य कार्य पालन अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, खरगोन को प्रदेश में प्रथम अपेक्स सम्मान का प्रमाण पत्र बैंक इतिहास में पहली बार प्राप्त हुआ है जो बैंक के लिए गौरव का विषय है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन का प्रदेश के तीन उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों में से प्रथम अपेक्स सम्मान हेतु चयन हुआ था।



## शिक्षक दिवस पर टीएसजीआई में मानवता की मिसाल, रक्तदान शिविर आयोजित हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर ठाकुर शिवकुमारसिंह मेमोरियल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन (टीएस जीआई) बुरहानपुर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शासकीय अस्पताल बुरहानपुर के सहयोग से आयोजित शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनरल मैनेजर नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना अजयपाल सिंह बिलोदिया एवं चीफ इंजीनियर मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। शासकीय अस्पताल की टीम से लैब टेक्नीशियन कु. रेखा ओंकार, डॉ. करीम मिर्जा, डीईओ पवन कोसोडे, काउंसलर कु. संगीता चौहान, नर्सिंग ऑफिसर कु. विशाखा कुंभारे, सहायक कर्मचारी अक्षय बारी, स्वप्निल धगे और वाहन चालक फुरकान खान ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। शिविर में ङ्मस्त्रद्ब परिवार के फैकल्टी सदस्यों, हेल्पिंग स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और रक्तदान को महान सामाजिक सेवा बताते हुए जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लिया।



## संत कृष्ण प्रिया जी ने जन्माष्टमी पर गौ माता की पूजा कर गोग्रास खिलाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भागवत कथा का श्रवण कराने खंडवा पहुंची संत देवी कृष्ण प्रिया जी जन्माष्टमी के अवसर पर प्राचीन श्री गणेश गौशाला पहुंची एवं पालने में विराजमान बाल गोपाल की पूजा अर्चना कर आरती की एवं झूला झूलाया, साथ ही गौशाला में गौ माता का पूजन अर्चन कर आरती कर गौ माताओ चने की दाल, गुड, जलेबी खिलाकर उन्हें नमन किया।

समाज सेवी प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर गौशाला में पधारी कृष्ण प्रिया जी का स्वागत विधायक कंचन मुकेश तनवे एवं गौशाला समिति के अध्यक्ष राकेश बंसल, सचिव रामचंद्र मौर्य, भूपेंद्र सिंह चौहान, आशीष चटकेले, प्रवक्ता सुनील जैन द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। दीदी ने गौशाला में कार्यरत सभी कर्मचारियों का स्वागत सम्मान किया, इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए दीदी ने कहा कि भगवान कृष्ण को गोमाता काफी प्रिय थी।

## 22 फीट की ऊंचाई पर टूटी मटकी, बुरहानपुर की प्रताप मंडल टीम ने जीते 43100 रुपये

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

जन्माष्टमी के अवसर पर बस स्टैंड पर आयोजित दही-हांडी मटकी फोड़ महोत्सव में शुक्रवार रात रोमांच चरम पर पहुंच गया। बुरहानपुर की प्रताप मंडल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 फीट ऊंचाई पर बंधी मटकी फोड़कर 43100 का नगर पुरस्कार अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के पहले राउंड में मटकी 25 फीट की ऊंचाई पर बांधी गई थी। आयोजन समिति ने प्रत्येक टीम को दो-दो अवसर दिए, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद कोई भी टीम मटकी तक पहुंचकर उसे फोड़ नहीं सकी। इसके बाद मुकाबला दूसरे राउंड में पहुंचा।

तीन फीट कम हुई ऊंचाई, प्रताप मंडल ने कर दिया कमाल दूसरे राउंड में सभी टीमों को एक-एक मौका दिया गया। रोमांच



बढ़ाने के साथ मटकी की ऊंचाई 25 से घटाकर 22 फीट कर दी गई। बुरहानपुर की प्रताप मंडल टीम ने मिले मौके को हाथ से नहीं जाने दिया और मजबूत मानवीय पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ दी।

मटकी टूटते ही पूरा बस स्टैंड तालियों और जयकारों से गूंज उठा। 21 हजार से शुरू हुआ इनाम, पहुंचा 43100 प्रतियोगिता का प्रारंभिक पुरस्कार 21 हजार रुपये रखा गया था। टीमों के उत्साह और दर्शकों की बढ़ती दिलचस्पी के बीच पुरस्कार राशि बढ़ती गई और आखिरकार 43100 तक पहुंच गई।

महोत्सव देखने के लिए बस स्टैंड पर हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे पहुंचे। टीमों के हर प्रयास पर दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। पूरे आयोजन के दौरान जन्माष्टमी की उमंग और उत्साह नजर आया।

राधा-कृष्ण के रूप में बच्चों ने बांधा समां मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही। राधा-कृष्ण के वेश में पहुंचे नन्हे बच्चों ने अपनी मासूम अदाओं और मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने आयोजन स्थल को भक्तिमय रंग में रंग दिया।

## पुलिस ने छात्रों को पढ़ाई से लेकर साइबर फ्रॉड तक किया जागरूक

**खंडवा/ओंकारेश्वर।** खंडवा पुलिस की अभिनव पहल के तहत मान्धाता थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ शासकीय सीनियर बालक छात्रावास, ओंकारेश्वर पहुंचे और कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पढ़ाई को लेकर तनाव नहीं लेने तथा अपने भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशे से दूर रहने और व्यक्तिगत एवं पारिवारिक समस्याओं का निडर होकर सामना करते हुए उनका उचित समाधान तलाशने की समझाइश दी। संवाद के दौरान छात्रों को नशे के दुष्परिणामों और साइबर फ्रॉड से बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी विद्यार्थियों को दी और उन्हें अपने पास नोट करने के लिए कहा।

## श्रीकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर भक्तों ने किए दर्शन

**खंडवा।** जन्माष्टमी का पर्व बडे धार्मिक उत्साह के साथ शहर के लाल चौकी स्थित महालक्ष्मी मंदिर परिसर में स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में मनाया गया। मंदिर में राधाकृष्ण की मनोहारी प्रतिमा के फूलों के श्रृंगार के साथ ही भगवान बाल गोपाल कृष्ण का आकर्षक झूला सजाया गया, श्रद्धालुओं ने दर्शन कर झूला झुलाया। रात्रि 9 से मंदिर से 12 बजे तक संगीतमय भजन रामेश्वर की भजन मंडली ने प्रस्तुत किए गए एवं रात्रि १२:०० बजे जन्मोत्सव की आरती की गई। आरती के बाद माखन मिश्री पंजरी का प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया । ट्रस्ट कोषाध्यक्ष शैलेष पालीवाल ने बताया कि इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष खण्डेलवाल, सचिव राकेश झंवर, लखनलाल नागौरी, गुरमीतसिंह उबेजा, मधुकांताखण्डेलवाल, अखिलेश गुप्ता, अलकेश गुप्ता, शरद खण्डेलवाल , राकेश पालीवाल, मंगलेश उपाध्याय, चंद्रशेखर मिश्रा, संतोष यादव, संजय शुक्ला आदि उपस्थित थे।



## बारिश के बीच भी नहीं थमी कान्हा की भक्ति, आधी रात मंदिरों में गूंजा जयकारा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

जन्माष्टमी पर्व पर शुक्रवार को शहर कृष्ण भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। शाम होते ही मंदिरों में सजावट, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया।नगर के प्रमुख वैष्णव पंचायत श्रीराम मंदिर में सुबह मंगल आरती के बाद भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के साथ मंदिर परिसर शंख-घंटियों और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। जन्मोत्सव के बाद आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

राधाकृष्ण मंदिर, बाहेती कॉलोनी में भी विशेष धार्मिक आयोजन हुए। पं. भरत तारे के सान्निध्य में अभिषेक और मंगल आरती हुई। शाम को बच्चों के लिए गरबा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जन्मोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में जय कन्हैयालाल के जयकारे गूंजते रहे। मुरली मनोहर बावड़ी मंदिर में अभिषेक के बाद कृष्ण मंडल द्वारा भजन-कीर्तन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। फूलों से भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इसी तरह सत्यनारायण मंदिर, लक्ष्मीनारायण देवस्थान और श्रीराज मंदिर में जन्माष्टमी मनाई गई।

## रेहगुन में तहसील स्तरीय युवा उत्कर्ष कार्यक्रम संपन्न

**रेहगुन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तहसील स्तरीय युवा उत्कर्ष कार्यक्रम का आयोजन रेहगुन में उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संगठित, प्रशिक्षित एवं संस्कारित करते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्पित करना रहा। कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार के युवा प्रकोष्ठ द्वारा चलाए जा रहे सुपर 50 एवं सुपर 100 अभियान के अंतर्गत युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने, श्रेष्ठ जीवन मूल्यों को अपनाने तथा सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ खरगोन के समन्वयक श्री धर्मेंद्र मुक्ति जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति समाज परिवर्तन की आधारशिला है। यदि युवा संगठित होकर अपने जीवन में संस्कार, समाज में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।



## संत बोंदरु बाबा समाधि स्थल पर लगा भादौ नवमी मेला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

शहर से करीब 10 किमी दूर ग्राम नागझिरी ऐसे चमत्कारी संत की समाधि स्थल के रुप में प्रसिद्ध है, जहां बेमौसम मिलने वाली कच्ची कैरी का प्रसाद ग्रहण करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सूख मिलता है। ऐसी ही आस्था लेकर शनिवार को भी सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं बाबा के समाधि स्थल पहुंची। यहां एक दिन पहले ही याने शुक्रवार से ही मन्नत लेने वाली महिलाएं मंदिर परिसर पहुंचने लगी थी। कोई आंगन में किलकारी गुंजने की आस लिए तो कोई किलकारी गुंजने पर खुशी जताने के लिए संत बोंदरु बाबा की समाधि स्थल पहुंचा। इस दौरान लगे मेले में भी हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने झूले, खेल-खिलौने खरीदने के साथ ही विभिन्न प्रसाधन की दुकानों पर खरीददारी की। खाने-पीने की दुकानों पर भी भारी भीड़ रही।

मेले में आई महिलाओं ने बताया कि बाबा के चमत्कार और महिमा को सुनकर समाधि स्थल पहुंचे है। हमें आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि बाबा के यहां मिलने वाला प्रसाद ग्रहण करने के बाद हमारे घर भी खुशियां आएगी। मेले में खरगोन जिले देश के विभिन्न राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से देर शाम तक नागझिरी में भक्ति का माहौल बना रहा।

## रोटरी क्लब ने शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों का सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी ने रोटरी अंतर्राष्ट्रीय एवं रोटरी मंडल 3040 के द्वारा दिए गए निर्देश पर शिक्षक दिवस पर स्थानीय स्कूल और शासकीय महा विद्यालय से सेवा निवृत्त प्राचार्य का सम्मान फूल माला और प्रशस्ति पत्र दे कर टीचर्स एक्सलेंस आवार्ड से सम्मानित किया गया, आज क्लब सदस्यों द्वारा कौयड़िया खोदरा स्कूल की अध्यापिका सुश्री फरीदा खान,ज्योति पाटीदार ,आशा बालश्रम माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक श्री दिलीप पाटीदार का स्कूल पहुंच कर स्वागत सम्मान किया गया,उसके साथ ही शासकीय महाविद्यालय बड़वानी से प्राचार्य एवं पद से सेवा निवृत्त एवं समाज सेवी लेखनी के धनी डॉ .ओमप्रकाश यादव जी सा. का फुल माला एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मान किया गया ,उसके पूर्व क्लब के सदस्यों और पदाधिकारियों ने माता सरस्वती और सर्व पल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की ,इस अवसर पर सभी ने क्लब सदस्यों का आभार माना,क्लब सदस्यों और क्लब अध्यक्ष मनीष जैन ने गुरु की महिमा और गुरुजनों के अपने बच्चों के प्रति दिए योगदान को स्मरण कर के सभी गुरु जनों का आदर सहित याद कर नमन किया और बताया कि आज आप और में हम सब जिस राह पर चल रहे है वो सब हमारे गुरु जनों की दी गई शिक्षा के माध्यम से हो पाता है,गुरु ही है जिनकी शिक्षा के माध्यम से पूरे विश्व में इतना निर्माण और विकसित होते जा रहा है, इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी के अध्यक्ष रोटेरियन मनीष जैन, सचिव रोटेरियन बुरहानी रिजवी, सहायक मंडलाध्यक्ष रोटेरियन अभिषेक उपाध्याय, पूर्व रीजनल चेयरमैन रोटेरियन डॉक्टर अर्पित लाड़ रोटेरियन सौरभ जैन आदि उपस्थित रहे।

## मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण प्रारंभ

**बड़वानी।** गणेशोत्सव को भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण एवं नदी संरक्षण से जोड़ने की दिशा में अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा एक अभिनव जनजागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। आओ बनाएं अपने हाथों अपने श्री गणेशज अभियान के अंतर्गत युवाओं, बच्चों एवं आमजन को स्वयं अपने हाथों से मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव के लिए प्रेरित करते हुए आस्था के साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक लखन विश्वकर्मा ने बताया कि भारतीय धार्मिक परंपराओं में पार्थिव गणेश अर्थात मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा का विशेष महत्व रहा है। मिट्टी प्रकृति का सहज एवं प्राकृतिक हिस्सा है और विसर्जन के पश्चात पुनः प्राकृतिक रूप से मिट्टी में मिल जाती है। इसी परंपरा और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलने के उद्देश्य से मिट्टी के गणेश निर्माण का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है।

श्री विश्वकर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में गणेशोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में प्लास्टर ऑफ पेरिस (क्कह्रक्क) से निर्मित प्रतिमाओं का उपयोग किया जाता है।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**

ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2026-27/04RT-1. कार्य का नाम: TRD Work in connection with Sehore-Direct Entry and Exit facility at Sehore Goods shed Line. अनुमानित लागत: Rs. 1,65,04,837/-. बयाना राशि: Rs. 3,30,100/-. समापन अवधि: 18 Months. निविदा दस्तावेज की राशि: Nil. ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय: 02.10.2026 at 15:00 hrs. ऑफर की वैधता: 60 days from the date of opening. वेबसाइट: www.ireps.gov.in. नोटिस बोर्ड: वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। 0241

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## न्यूज -कॉलम

### गाजियाबाद से मृतक का शव लेने उज्जैन आया भाई

**उज्जैन।** नीलकंठ द्वार के पास नलियाबाखल क्षेत्र में शुक्रवार को होटल टेंपल व्यू के कमरा नम्बर 202 में गाजियाबाद के युवक मुकेश पिता वीरसिंह 38 साल का शव मिला था। वह 3 दिनों से होटल में ठहरा था। महाकाल पुलिस की जांच में पता चला था कि वह दोस्त विनित गोयल के साथ महाकाल दर्शन करने आया था, दोस्त एक दिन पहले ही चला गया था। पुलिस ने विनित से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उसका पता नहीं चला। मृतक के होटल में दिये गये दस्तावेजों के आधार पर उसके परिजनों को सूचना दी गई। जहां शनिवार को भाई शैलेष कुमार उज्जैन पहुचां। उसने बताया कि मुकेश एलएलएम की पढ़ाई कर चुका था। वर्तमान में प्रायवेट जॉब करता था और सरकारी नौकरी की तलाश में था। विनित उसके ऑफिस में काम करता है। दोनों 31 अगस्त को उज्जैन महाकाल दर्शन करने का बोलकर निकले थे। दोस्त ही मौत का कारण बता सकता है। मामले में महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल का कहना था कि पोस्टमार्टम के बाद शव भाई को सौंपा गया है। वह गजियाबाद लेकर गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि होटल में आने के बाद से मुकेश शराब पी रहा था। संभवत: उसकी मौत नशे में हार्ट अटैक होने से हुई है। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा। डॉक्टरों ने किसी तरह की शंका नहीं जताई है। जिससे मौत का मामला संदिग्ध माना जा सके।

### युवती की मौत, परिजनों बोले खराब थी तबीयत

**उज्जैन।** वीडी क्लॉथ मार्केट में काम करने वाली नेहा पिता महेश लकवाल 22 निवासी किशनपुरा की शुक्रवार को वीडी क्लॉथ मार्केट में तबीयत बिगड़ गई थी। क्लॉथ मार्केट में दुकानदार की सूचना परिजन पहुंचे थे और नेहा को माधवनगर अस्तपाल में भर्ती कराया गया था। जहां रात में उसकी मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शनिवार को पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि नेहा की कुछ दिनों से तबीयत खराब थी, बावजदू वह काम पर चली गई थी। एक माह पहले ही उसकी किशनपुरा में रहने वाले युवक से सगाई की गई थी। ऐसा कोई मामला नहीं था, पुलिस के अनुसार अस्पताल से सूचना मिलने मर्ग कायम किया था। डॉक्टरों को जहरीला पदार्थ खाने की आशंका थी। लेकिन परिजनों के बयानों से कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है। उनका कहना तबीयत खराब होना बताया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण सामने आ जायेगा।

### ट्रक एक्टिवा के बीच भिड़ंत युवक गंभीर घायल

**उज्जैन।** उर्दूपुरा नागर सेरी में सौरभ पिता सुरेन्द्र मेहता 27 साल दोस्त प्रतिक पिता विनोद परमार निवाी शाजापुर के साथ एक्टिवा पर सवार होकर आगररोड से लौट रहा था। ग्राम कमेड आरके बसंल स्कूल के सामने तेजगति से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 04 झेड एक्स 5569 से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में सौरभ मेहता गंभीर घायल हो गया। दोस्त प्रतिक परमार को भी चोंट आई है। दुर्घटना में दोनों घायलों को लोगों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया था। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने प्रतिक की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना का दूसरा मामला कलेक्टर बंगले के सामने कोठी रोड पर शनिवार दोपहर हुआ। बाइक सवार इंसाफ अहमद कुरैशी पिता शहजाद निवासी क्षिप्रा विहार को बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। गंभीर घायल इंसाफ की शिकायत पर माधवनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### सट्टा खाईवाली करते 3 युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**उज्जैन।** बिरलाग्राम पुलिस ने कस्बे के संगम ग्राउंड, ग्रेसिम पेट्रोल पंप और ई ब्लाक टापरी माता मंदिर के पास घेराबंदी कर 3 युवकों को हिरासत में लिया। तीनों सट्टा खाईवाली कर रहे थे। पुलिस ने उनके पास से 1345 रूपये नगद, सट्टा पर्ची और लीड़ पेन बरामद किया। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि तीनों के खिलाफ 4 क सट्टा एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। तीनों बिरलाग्राम क्षेत्र के रहने वाले है और कुछ दिनों से खाईवाली कर रहे थे।

### प्लेटफार्म नंबर 1 पर मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर फूड प्लाजा के पास से शनिवार शाम को एक वृद्ध का शव स्टेशन कर्मचारियों की सूचना पर जीआरपी ने बरामद किया। जीआरपी ने बताया कि मृतक 55 से 60 वर्ष का है, जिसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। संभवत- वह बाहर का रहने वाला है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। आसपास के जिलों में पुलिस को मृतक की फोटो भेजी गई है। पहचान नहीं होने पर रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को दफनाया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 150-6 | 148-3 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 240-6 | 889-5 |
| मिलन नाइट | 234-9 | 478-9 |
| मधुर डे | 390-2 | 449-7 |
| मधुर नाइट | 358-6 | 367-6 |
| शुभांक | 6 3 | 8 |

# जीरापुर में स्वास्थ्य विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 10 क्लिनिकों का औचक निरीक्षण

## वैध दस्तावेजों एवं पाई गई कमियों के आधार पर सील करने की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शुक्रवार, 5 सितंबर 2026 को पुलिस प्रशासन राजगढ़ एवं स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ की संयुक्त टीम ने जीरापुर नगर में विभिन्न स्थानों पर संचालित क्लिनिकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्लिनिकों के दस्तावेज एवं व्यवस्थाओं की जांच की गई। प्रेस नोट के अनुसार, दस्तावेजों एवं पाई गई कमियों के आधार पर संबंधित क्लिनिकों को सील करने की कार्रवाई टीम द्वारा की गई।

**क्लिनिकों को शामिल किया गया**

1. हाईलैंड हेल्थ केयर क्लिनिक, जीरापुर — संचालक विनोद पावाल 2. अलशिफा क्लिनिक, जीरापुर —संचालक फिरोज खान 3. साइंट डेंटल क्लिनिक, जीरापुर— संचालक डॉ. उमर फारूक 4.चहक मेडिकल एवं क्लिनिक स्टोर, जीरापुर— संचालक मोहिना खान 5. सावरिया क्लिनिक— संचालक विजय कुमार गौड़ 6. शीफा दवाखाना — संचालक वहीद उल्लाह खान 7. रूहान दवाखाना — संचालक अब्दुल जब्बार 8. किशानन्दु क्लिनिक — संचालक प्रभाष विश्वास 9. मालाकार क्लिनिक — संचालक प्रकाश मालाकार 10. मीणा क्लिनिक — संचालक पारस कुमार मीणाल। प्रशासन की इस कार्रवाई से नगर में बिना आवश्यक दस्तावेज अथवा निर्धारित मानकों के संचालित चिकित्सा संस्थानों को लेकर हड़कंप की स्थिति बनी रही। संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान दस्तावेजों और क्लिनिकों की व्यवस्थाओं की जांच की गई।





## भोपाल के युवक ने झांसा देकर कराया ट्रांजेक्शन...

# समझौता कराने के नाम पर 21 लाख की धोखाधड़ी



### 62.54 लाख का तोड़ 40 लाख में

ईशान श्रीवास्तव ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसके पिता शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर है। पिता लम्बे समय से डायलिसीस पर है। माता को भी गंभीर बीमारी है। दोनों के खिलाफ सुमित और उसके पिता अशोक कुमार निवासी फव्वारा चौक द्वारा धोखाकर 62.54 लाख के चैक बाउंस का मामला बना दिया था। जो न्यायालय में विचाराधीन है। पिता को जीवन रक्षा अस्पताल ले जाना पड़ता है। इसी बीच चेतन से पहचान हुई थी, उसने 62 लाख के मामले का 40 लाख में समझौता करने की बात कहीं। बीमार माता-पिता को चिंता से मुक्त रखने के लिये वह चेतन की बातों में आ गया था।

### पैसे देने पर भी नहीं सुलझा प्रकरण

शिकायत दर्ज कराने वाले ईशान ने पुलिस को बताया कि चेतन ने भरोसा दिलाया था कि पैसे देने के बाद कुछ दिन बाद ही राजीनामा हो जायेगा। उसने 2 दिनों में उसे 21 लाख रूपये चेतन के बताये खाते में भेज दिये थे, लेकिन सुमित अग्रवाल ने समझौता नहीं किया। चेतन ने भी जवाब देना बंद कर दिया था। चेतन ने यश गौर की सहायता से 21 लाख की राशि प्राप्त की है।

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

न्यायालय में विचाराधीन चैक बाउंस के मामले में समझौता कराने के नाम पर युवक के साथ 21 लाख की धोखाधडी हो गई। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को आवेदन सौंपकर की। पुलिस ने मामले में धोखाधडी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है।

इंदौर-देवास रोड इंजीनियरिंग कॉलेज केम्पस कन्या छात्रावास के पास रहने वाले ईशान पिता जितेन्द्र श्रीवास्तव ने नानाखेडा थाना पुलिस को शिकायती आवेदन सौंपते हुये बताया था कि उसके साथ चैक बाउंस के मामले में समझौता करने के नाम पर भोपाल के बिट्ठलनगर लालघाटी पर रहने वाले चेतन शर्मा नामक युवक ने 21 लाख की धोखाधडी की है। उसके द्वारा अप्रैल माह में पांच बार पैसे मांगे। पहली बार में सौ रूपये का ट्रांजेक्शन किया गया, दूसरी बार 4 लाख 99 हजार 999, तीसरी बार 15 लाख उसके बाद 60 हजार और फिर 40 हजार का ट्रांजेक्शन बैंक खाते और आरटीजीएस के माध्यम से कराया। एक लाख का ट्रांजेक्शन चेतन ने अपनी पत्नी प्रज्ञा के अकाउंट में भी कराया था। रूपये देने के 4 माह बाद भी न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण में समझौता नहीं हुआ है। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि आवेदन की जांच और ट्रांजेक्शन का रिकार्ड सामने आने पर मामले में ईशान श्रीवास्तव की शिकायत पर चेतन शर्मा के खिलाफ धोखाधडी की धारा 318 (4) में प्रकरण दर्ज किया गया है। एक टीम आरोपी की तलाश में भोपाल भेजी जायेगी।

### चंदेसरा क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न

**चंदेसरा।** स्थानीय ग्राम चंदेसरा सहित क्षेत्र के ग्रामों में प्रतिवर्ष अनुसार ग्राम चंदेश्वरी प्रेम नगर नागझिरी हैमू खेड़ी कुंवारिया मानपुर मताना दताना खजुरिया कल्याणपुर करछा सिलर खेड़ी हंस खेड़ी नौगांव आदि स्थानों पर ग्रामों के मुख्य मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर भगवान श्री कृष्ण की आकर्षक झांकियां को सुसज्जित कर नवीन वस्त्र एवं पुष्प हारो के साथ सजाया गया। नवयुग मंडलों द्वारा दहीहंडी का भी सुंदर कार्यक्रम रखा धर्म प्राण जनता ने अर्धरात्रि तक अपने आराध्य के स्मुख भजन कीर्तन एवं सत्संग की आकर्षक प्रस्तुति दी श्री 12:00 बजे भगवान श्री कृष्ण को विग्रह का दुग्ध अभिषेक कर भव्य आरती करते हुए नंद घर आनंद भयो के जय कन्हैया लाल की की जय घोष के साथ पवन जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लाह से मनाया महाप्रसादी वितरण पश्चात श्रद्धालुओं ने व्रत का पारायण किया।

## चैकिंग में पकड़ाया तो कबूला चुराई थी बाइक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चैकिंग में पुलिस को देख भागने का प्रयास कर रहे युवक को घेराबंदी कर पकडा गया तो उसने बाइक चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने वाहन चोरी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा है।

भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलोदा पंथ में रहने वाला किसान 11 अगस्त को बाइक क्रमांक एमपी 13 एमजी 2473 से अपने खेत पर पहुंचा था। उसने किनारे पर बाइक लॉक की और चला गया। उसके पास-पास में दो खेत है, कुछ देर बाद वापस खेत से घर जाने के लिये लौटा तो बाइक गायब थी, उसने आसपास तलाश की लेकिन बाइक का पता नहीं चला। मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच शुरू कर आसपास सीसीटीवी कैमरों की तलाश की, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र होने पर कैमरे नहीं मिले। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिदिन शाम को अपराधों पर अकुंश लगाने के लिये चैकिंग पाइंट लगाया जा रहा है। शुक्रवार को कस्बे में वाहन चैकिंग के लिये एएसआई शैतानसिह डिन्डोर, प्रधान आरक्षक राहुल आठोलिया, राकेश मालवीय, आरक्षक दीपक मालवीय, उदय यादव, मुकेश नागर को तैनात किया गया था। इसी दौरान चोरी की बाइक पर आ रहे युवक ने चैकिंग पाइंट देखा तो पलटकर भागने का प्रयास किया, चैकिंग टीम ने पीछा किया और उसे पकडकर बाइक के दस्तावेज मांगे। उसके पास दस्तावेज नहीं थे, पूछताछ करने पर उसका नाम धर्मेन्द्र पिता राजाराम भाटी निवासी ग्राम लबायचा थान इंगोरिया सामने आया। उससे बाइक संबंधित सख्त पूछताछ की गई तो उसने पिपलोदा पंथ से चोरी करना कबूल कर लिया। 24 दिन बाद चैकिंग में पकडाये बदमाश से बाइक चोरी का खुलासा होने पर उसकी गिरफ्तारी की गई और शनिवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में कोई अपराधिक रिकार्ड नहीं मिला है। उसका कहना था कि वह पिपलोद पंथ और सुरेल के रास्ते से गुजर रहा था, उसी दौरान सूनसान जगह बाइक खडी दिखाई दी तो लॉक तोडकर चोरी कर ली थी।



# जमीन से लेकर आसमान तक होगी शाही सवारी में नजर

## ढाई हजार से अधिक पुलिसकर्मी संभालेगें व्यवस्था, तैयारियां शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सावन-भादौ माह की शाही सवारी सोमवार को महाकाल मंदिर से शाम 4 बजे निकाली जायेगी। देशभर से श्रद्धालु शाही सवारी में शामिल होगें। सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस की जमीन से लेकर आसमान तक नजरे होगी। ढाई हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में सावन-भादौ माह धूमधाम के साथ मनाया जाता है। प्रति सोमवार बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने के लिये नगर भ्रमण करते है। सावन-भादौ माह के इस वर्ष का अंतिम सोमवार 7 सितंबर को आ रहा है। इस दिन बाबा महाकाल की शाही सवारी निकाली जायेगी। महाकाल मंदिर से शाम 4 बजे निकलने वाली शाही सवारी का मार्ग 7 किलोमीटर लम्बा होगा। सवारी में सुरक्षा-व्यवस्था की कमान एक बार फिर पुलिस प्रशासन पर होगी। जिसको लेकर शनिवार से तैयारियां शुरू कर दी गई है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि शाही सवारी में जमीन से लेकर आसमान तक नजरे रखी जायेगी। जिले के साथ संभाग का पुलिस बल ड्युटी के लिये तैनात किया जायेगा। करीब ढाई हजार पुलिसकर्मी मंदिर क्षेत्र से लेकर सवारी मार्ग पर रहेगें। क्षिप्रा नदी के रामघाट पर होने वाले पूजन को लेकर भी विशेष सुरक्षा इंतजाम किये जा रहे है। शाही सवारी में 7 से 8 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिसे चलते सवारी मार्ग को अलग-अलग जोन में बांटा गया है। जहां सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी। देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिये पार्किंग स्थल चिन्हित किये गये है। सोमवार सुबह से मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की अवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।

### आज से संदिग्धों की धरपकड़ का अभियान



सोमवार को निकलने वाली बाबा महाकाल की राजसी सवारी में शामिल होने के लिये रविवार से श्रद्धालुओं का धार्मिक नगरी में पहुंचना शुरू हो जायेगा। श्रद्धालुओं के साथ वारदात ना हो इसको लेकर आज से संदिग्धों की धरपकड का अभियान शुरू कर दिया जायेगा। क्राइम, सायबर टीम के साथ पुलिस की टीमें रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, महाकाल मंदिर के आसपास नजरें रखेगी। शंका होने पर संबंधित को हिरासत में लिया जायेगा। सवारी मार्ग पर पुलिस का धरपकड अभियान जारी रखा जायेगा।

# बारिश थमने के बाद तापमान में 5.5 डिग्री की तेजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बारिश थमने के बाद शनिवार को अधिकतम तापमान में 5.5 डिग्री की तेजी आई गई, इस बीच 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलती रही। जिससे मौसम में ठंडक बनी हुई थी।

गुरूवार-शुक्रवार रात मानसून की दस्तक के बाद बारिश का दौरान शुरू हुआ था। शुक्रवार दिनभर रिमझिम का दौर बना रहा था, जिसके चलते तापमान में 5 डिग्री की गिरावट आई थी और अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री पर आ गया था, हल्की गुलाबी ठंड महसूस होने लगी थी, लेकिन रात में बारिश थमने के बाद शनिवार दिनभर मौसम खुला रहा और धूप भी निकली, शाम को शासकीय जीवाजी वेधशाला पर अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले के मुकाबले 5.5 डिग्री अधिक था। हवा की गति दिनभर 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की बनी रही। वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्ता के अनुसार प्रदेश में मानूसन सक्रिय बना हुआ है, लेकिन शहर तक पूरी क्षमता के साथ नहीं पहुंच पा रहा है। यहीं वजह है कि अब तक झमाझम का नजारा दिखाई नहीं दिया है। शहर में 26 इंच के लगभग बारिश हुई है। अब भी 10 इंच बारिश की जरूरत है। वर्षाकाल का समय 15 जून से 15 सितंबर तक मना गया है, इस बार पिछले वर्ष की तुलना में कम बारिश हुई है। वैसे मौसम विभाग की माने तो फिर से नया सिस्टम सक्रिय हो चुका है, 7 सितंबर से प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश शुरू हो सकती है। उज्जैन में भी आसार बनेगें और 2 दिनों तक बारिश हो सकती है।

**ना क्षिप्रा में उफान ना गंभीर के खुले गेट**

इस बार वर्षाकाल शुरू होने के बाद एक बार फिर झमाझम बारिश की झडी दिखाई नहीं दी है। तेज बारिश जरूर हुई है लेकिन ना तो क्षिप्रा नदी में उफान आया ना ही गंभीर डेम के गेट खोले गये। वर्षाकाल में क्षिप्रा नदी और गंभीर का नजारा देखने के लिये शहरवासी बडे पुल से गंभीर डेम तक पहुंचते है, लेकिन इस बार ऐसा मौक उन्हे नहीं मिल पाया है। उम्मीद जताई जा रही है आगामी दिनों में गणेशोत्सव की शुरू होने वाली है, गणपति बप्पा अपने साथ बारिश लेकर आ सकते है और क्षिप्रा के साथ गंभीर में उफान देखने को मिल सकता है।

गोगानवमी के अवकाश के दिन शहरवासियों ने निभाई अपनी जिम्मेदारी...

# सफाई मित्रों के अवकाश में आम और खास ने झाडू थाम की सफाई

### कलेक्टर एवं निगम आयुक्त सहित जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों ने झाडू थामकर दिया स्वच्छता का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




शहर की स्वच्छता व्यवस्था को अपनी मेहनत और जिम्मेदारी से निरंतर बनाए रखने वाले सफाई मित्रों के सम्मान में शनिवार को नगर निगम द्वारा जनभागीदारी से विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। गोगा नवमी के अवसर पर सफाई मित्रों के अवकाश पर रहने के कारण शहरवासियों ने स्वयं आगे बढ़कर अपने-अपने क्षेत्रों की स्वच्छता की जिम्मेदारी संभाली और हाथों में झाडू थामकर शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

नगर निगम द्वारा शहर के सभी 54 वार्डों में एक साथ विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में स्थानीय नागरिकों के साथ वार्ड एवं मोहल्ला समितियां, व्यापारी संघ, स्कूल-कॉलेज के शिक्षक एवं विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक संस्थाएं, स्थानीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। विभिन्न वार्डों में क्षेत्र, मोहल्लों, प्रमुख स्थलों, धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सफाई करते हुए स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

**सफाई ही नहीं संदेश भी-** अभियान का उद्देश्य केवल एक दिन सफाई करना नहीं, बल्कि शहरवासियों को यह संदेश देना भी रहा कि सफाई मित्र प्रतिदिन पूरी जिम्मेदारी के साथ हमारे शहर को स्वच्छ रखते हैं, इसलिए उनके कार्य के प्रति सम्मान और सहयोग की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की भी है। सामान्य दिनों में सफाई मित्र अपने-अपने वार्ड में निर्धारित माइक्रो प्लान के अनुसार नियमित रूप से सफाई व्यवस्था संभालते हैं। उनके अवकाश के दिन शहरवासियों ने उसी भावना के साथ आगे बढ़कर स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाई।

**अभियान में ये खास उतरे मैदान में-**उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, प्रभारी अपर आयुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, उपायुक्त संजेश गुप्ता नगर निगम के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में शहरवासी अभियान में शामिल हुए। निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव की उपस्थिति में मोदी के चोपड़ा एवं अन्य स्थलों पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।



# गुरु और शिक्षक का फर्क

आधुनिक शिक्षक के संबंध में कुछ भी कहना थोड़ा कठिन है। इसलिए कठिन है, क्योंकि शिक्षक पहले कभी दुनिया में था ही नहीं। पहले के जमाने में गुरु थे और वे शिक्षक से बहुत भिन्न थे। शिक्षण उनका धंधा नहीं था, उनका आनंद था। शिक्षण पहली दफे धंधा बना है और शिक्षण के धंधा बनते ही शिक्षक गुरु होने की हैसियत खो देता है।

पुराने युगों में कभी सोचा ही नहीं गया था कि शिक्षण भी कभी धंधा बन सकता है, लेकिन अब बन गया है। उसका परिणाम यह हुआ है कि शिक्षण संस्थाएं फैक्टरियों और कारखानों से ज्यादा नहीं रह गई हैं। कारखानों में चीजें बनाई जाती हैं, विश्वविद्यालयों में आदमी ढाले जाते हैं, इतना ही फर्क है। शिक्षक गुरु नहीं हैं, लेकिन उनके मन में यह भ्रम है, अभी भी गुरु होने का। इससे शिक्षक को बड़ा कष्ट है, उसे पीड़ा भी बहुत है। वह आदर तो उतना ही चाहता है, जितना गुरु को मिलता था।

मैं जितने शिक्षकों से मिला, सब जगह उनकी तकलीफ यही थी कि विद्यार्थी आदर नहीं दे रहे हैं। उसे पता ही नहीं है कि गुरु नाम का प्राणी और बात थी। उसे आदर की आकांक्षा छोड़ देनी चाहिए और या फिर गुरु होने की हिम्मत जुटानी चाहिए। ऐसा नहीं है कि गुरु को आदर देना पड़े। बात उल्टी है। जिसे हमें आदर देना ही पड़ता है, उसे ही गुरु कहते हैं। जो हमारे आदर को खींच लेता है, उसे ही हम गुरु कहते हैं।

गुरु वह है, जो किसी की आत्मा को जगा दे, किसी के व्यक्तित्व को गरिमा दे दे, उसके बंद फूल खिल जाएं। शिक्षक वह है, जो पुरानी पीढ़ियों द्वारा अर्जित सूचनाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम करे और विदा हो जाए। वह महज मध्यस्थ है।



सम्पादकीय

## प्रदर्शन और पुलिस

राष्ट्रीय राजधानी के संसद मार्ग पुलिस थाने पर फिर धरना-प्रदर्शन की नौबत दुखद ही नहीं, शर्मनाक भी है। जंतर-मंतर पर सीजेपी के आंदोलन के दौरान हुई हिंसा से ही जुड़ा यह मामला है। बहसबाजी के दौरान एक प्रदर्शनकारी छात्रा के पिता पर प्रहार किया गया था और तब मामला एक तरह से शांत हो गया था, लेकिन अब एक कथित हिंदुत्व समर्थक इंफ्लुएंसर ने शेखी बघारने के चक्कर में ऐसा बहुत कुछ कह दिया, जो सरासर अपराध की स्वीकारोक्ति ही है। इस बड़बोले युवक के खिलाफ एससी-एसटी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज हो गया है और मुमकिन है, हत्या के प्रयास का मुकदमा भी दर्ज हो जाए। अव्वल तो हिंसा करने और उसकी शेखी बघारने वालों को माहौल खराब करने का रत्ती भर भी मौका नहीं देना चाहिए। धर्म के नाम पर उद्गार अपनी जगह हैं, पर धर्म ऐसे आचरण को कतई स्वीकार नहीं करता है। पुलिस के लिए भी यह एक सबक है कि जिस युवक को उसने हिरासत में लेने के बाद आसानी से छोड़ दिया था, वह कुछ रियायत पाकर कैसे मुसीबत की वजह बन गया? अब न केवल दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी, बल्कि सत्तारूढ़ दल के नेता भी आलोचना झेलने को मजबूर हैं।

लोग भूले नहीं हैं, अभी कुछ ही दिनों पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक एफआईआर कराने के लिए घंटों थाने में बैठे रहे थे। अब ताजा प्रदर्शन में सीजेपी के साथ कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं के अलावा दूसरे नेता भी शामिल थे। क्या इस प्रदर्शन को रोका जा सकता था? क्या दिल्ली पुलिस इसे रोकने के लिए सक्षम नहीं थी? अगर कोई वीडियो में किसी की ह्यखोपड़ी फोड़नेह्न और साफ बच निकलने पर हर्ष की अभिव्यक्ति कर रहा है, तो पुलिस पहले ही इस मामले का स्वतः संज्ञान ले सकती थी। युवक जो दावे कर रहा है, उसकी अवश्य जांच होनी चाहिए और यथोचित कार्रवाई भी होनी चाहिए। अफसोस, अब बहुत देर करने के बाद, दिल्ली पुलिस ने इस मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोपों को खारिज किया है। पुलिस अब प्रदर्शनकारी छात्रा के पिता की चोट को मामूली बता रही है, लेकिन उसे प्रदर्शन की वजह से एक गंभीर कानून के तहत मुकदमा दर्ज करना पड़ा है और आरोपी युवक की गिरफ्तारी अब मजबूरी है। काश! दिल्ली पुलिस स्वतः संज्ञान लेकर काम करती, तो उसे काम करने के लिए एक के बाद एक प्रदर्शनों की जरूरत नहीं पड़ती।

व्यवस्था और विश्वास की ठगी

# नोट नकली निकले, लेकिन सवाल असली है

जब भरोसे की अर्थव्यवस्था में नकलीपन घुस जाए तो नुकसान केवल मुद्रा का नहीं, व्यवस्था के विश्वास का होता है।



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया (दैनिक अवन्तिका)



नोट पर छपी महात्मा गांधी की तस्वीर असली हो सकती है, कागज भी असली जैसा दिखाई दे सकता है और उस पर लिखी कीमत भी वही हो सकती है, लेकिन अगर वह नोट नकली है तो उसका कोई मूल्य नहीं। यही बात केवल मुद्रा पर लागू नहीं होती, बल्कि समाज और व्यवस्था पर भी लागू होती है।

सहारनपुर के एक बैंक करेंसी चेस्ट में बड़ी मात्रा में नकली 500 के नोट मिलने की खबर ने इसी सवाल को फिर सामने खड़ा किया है। समाचार के अनुसार जांच में लगभग 17 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट सामने आए और 340 बंडलों में रखे नोटों की जांच की गई। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि नई करेंसी की तस्वीर की प्रतिलिपि बनाकर नकली नोट तैयार किए गए और उन्हें असली नोटों के साथ मिलाया गया। यह केवल नकली नोटों का मामला नहीं है। यह उस विश्वास पर चोट है जिसके आधार पर पूरी अर्थव्यवस्था चलती है।

हम बाजार में कोई वस्तु खरीदते हैं तो दुकानदार से यह उम्मीद करते हैं कि उसके बदले दिया गया नोट असली होगा। दुकानदार बैंक में पैसा जमा करता है तो उसे भरोसा होता है कि बैंक उस धन को स्वीकार करेगा। बैंक से पैसा निकलता है तो नागरिक उसे बिना संदेह अपनी जेब में रखता है। यही भरोसा मुद्रा को कागज के टुकड़े से आर्थिक शक्ति में बदलता है।

लेकिन जब नकली नोट बैंकिंग व्यवस्था के भीतर तक पहुंचने लगें तो सवाल केवल यह नहीं रह जाता कि नकली नोट छापने वाले कौन हैं? सवाल यह भी है कि नकलीपन की पहचान करने वाली हमारी व्यवस्था कहां चूक रही है?

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को नकली नोटों की पहचान, उन्हें अलग करने और दोबारा चलन में आने से रोकने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश दिए हैं। 100 और उससे ऊपर के नोटों को पुनः चलन में डालने से पहले मशीन से जांचने के निर्देश भी हैं। फिर यदि इतने बड़े पैमाने पर नकली नोट करेंसी चेस्ट तक पहुंचते हैं तो यह केवल अपराधियों की चालाकी नहीं, प्रणाली की परीक्षा भी है।

हमें यह समझना होगा कि नकली नोट केवल अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं पहुंचाते। वे आम आदमी के विश्वास को नुकसान पहुंचाते हैं।

कल्पना कीजिए उस छोटे दुकानदार की, जिसके पास दिनभर की बिक्री के बाद एक 500 का नकली नोट निकल आए। उसके लिए वह पांच सौ रुपये केवल एक कागज नहीं, बल्कि उसकी दिनभर की मेहनत का हिस्सा हैं। कोई मजदूर अपनी मजदूरी लेकर घर पहुंचे और पता चले कि उसमें से कुछ नोट नकली हैं तो उसके लिए यह आर्थिक चोट से कहीं अधिक बड़ी बात है। नकली मुद्रा का सबसे बड़ा शिकार अक्सर वह व्यक्ति बनता है जिसके पास उसे पहचानने के साधन सबसे कम होते हैं। यही कारण है कि इस समस्या का समाधान केवल पुलिस की कार्रवाई या कुछ गिरफ्तारियों तक सीमित नहीं होना चाहिए। बल्कि नकली नोट छापने वाले हाथों तक पहुंचना जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है उस पूरे नेटवर्क तक पहुंचना जो उसे बाजार में पहुंचाता है।

और अगर बैंकिंग व्यवस्था के किसी स्तर पर लापरवाही हुई है तो वहां भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। बैंक का करेंसी चेस्ट देश की मुद्रा का सुरक्षित भंडार माना जाता है। वहां नकली नोटों की बड़ी मात्रा पहुंचना सामान्य घटना मानकर छोड़ देना भविष्य के लिए खतरनाक संकेत होगा।

आज तकनीक अपराधियों के हाथ में भी है। पहले नकली नोट की पहचान शायद कागज, छपाई और रंग से की जा सकती थी। अब डिजिटल तकनीक और प्रिंटिंग के साधनों ने नकलीपन को अधिक परिष्कृत बना दिया है। इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को भी उसी गति से आगे बढ़ना होगा। लेकिन तकनीक से भी बड़ा हथियार है,सजग नागरिक। स्वयं लोगों को नोटों की सुरक्षा विशेषताओं को देखकर, छूकर और तिरछा करके पहचानने की जानकारी देता है।

हमें अपने दुकानदारों, व्यापारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को यह जानकारी देनी होगी कि नोट केवल देखकर स्वीकार न करें। बैंक कर्मचारियों और बड़े नकद लेन-देन करने वालों को नियमित प्रशिक्षण मिलना चाहिए और संदेहास्पद मुद्रा के मामले में तत्काल निर्धारित प्रक्रिया अपनानी चाहिए।

क्योंकि नकली नोटों की समस्या केवल नोट की असलियत की समस्या नहीं है। यह हमारे समय के उस बड़े संकट का प्रतीक है जिसमें नकली और असली के बीच अंतर करना लगातार कठिन होता जा रहा है। नकली नोट बाजार में चल सकता है, नकली दवा शरीर में जा सकती है, नकली सामान घर में पहुंच सकता है, नकली खबर समाज में फैल सकती है और नकली विश्वास रिश्तों को भी खोखला कर सकता है। इसलिए सवाल केवल यह नहीं कि नकली नोट कहां छपे? सवाल यह भी है, हमारी व्यवस्था में नकलीपन इतनी दूर तक पहुंच कैसे गया?

मुद्रा की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है व्यवस्था के विश्वास की सुरक्षा। क्योंकि रुपये की कीमत उसके कागज में नहीं, उस विश्वास में है कि यह कागज सचमुच 500 का मूल्य रखता है। और जिस दिन नागरिक को अपनी जेब में रखे नोट से भी भरोसा उठने लगे, उस दिन चोट केवल मुद्रा पर नहीं पड़ेगी, अर्थव्यवस्था की नींव में छिपे विश्वास पर पड़ेगी।

नोट नकली थे, लेकिन सवाल बिल्कुल असली है, क्या हमारी व्यवस्था नकलीपन से एक कदम आगे चल रही है?

## दर्जी की दुकान

कस्बे के मुख्य बाजार के मुहाने पर करीम चाचा की सिलाई की दुकान किसी पुराने लोकतंत्र की तरह खड़ी थी जिसकी दीवार पर लकड़ी का एक घिसा हुआ गज ऐसे टँगा रहता था जैसे किसी दफ्तर में नैतिकता की पुरानी तस्वीर धूल फाँक रही हो। उस नापने वाले गज के सिरों पर जड़ी पीतल की पत्तियाँ धूप की मार से वैसी ही मद्धम पड़ गई थीं जैसी चुनाव के बाद जनसेवक की ईमानदारी पड़ जाती है। दुकान में हर रोज सुबह आठ बजते ही सिलाई मशीनों की खटर-पटर ऐसे शुरू होती थी जैसे सरकारी विभाग में भ्रष्टाचार की फाइलें दौड़ने लगी हों। करीम चाचा रोज सुबह शटर उठाते ही सबसे पहले उस पुराने गज को दीवार से उतारते और उस पर जमी गर्द ऐसे पोंछते जैसे कोई नेता अपने दामन के पुराने दाग साफ करने की कोशिश कर रहा हो। सफेद जालीदार टोपी और आँखों पर आधा चश्मा टिकाए चाचा दिन भर उस गज को ऐसे निहारते थे जैसे वह लकड़ी का डंडा न होकर किसी बेईमान विभाग का ऑडिट रिकॉर्ड हो जिसे देखकर बड़े-बड़े ठेकेदारों का ब्लड प्रेशर बढ़ जाए। जब भी कोई नया ग्राहक नाप देने आता तो चाचा पुराने गज को हाथ नहीं लगाते थे क्योंकि उन्हें पता था कि नए जमाने के खोखले शरीरों को नापने के लिए प्लास्टिक का वह आधुनिक फीता ही काफी है जो हर मोड़ पर मुड़ने की सलाहियत रखता है। सलीम चाचा की इस आदत पर अक्सर मजाक उड़ाता कि जब प्लास्टिक का फ्लेक्सिबल फीता मौजूद है तो इस लकड़ी के बोझ को ढोने की क्या तुक है पर वह नहीं जानता था कि सख्त सिद्धांत अक्सर बोझ ही महसूस होते हैं। करीम चाचा बस एक कड़वी मुस्कान बिखेर देते जो किसी बजट भाषण की तरह नीरस और रहस्यमयी होती थी और कहते कि यह गज इंसान के ईमान का वह सच्चा पैमाना है जिसे नापने का हुनर आजकल के उस प्लास्टिक में नहीं जो खुद हर पल अपनी लंबाई बदलने को तैयार रहता है। उस कस्बे के सबसे रईस ठेकेदार बाबू बृजमोहन जी का अपनी दौलत पर वैसा ही अटूट विश्वास था जैसा एक अनपढ़ का अपनी तकदीर पर होता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 06 सितंबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:14 सूर्यास्त 18:36
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - दसमी 19:29 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - आर्द्रा 19:51 उपरांत पुनर्वसु
योग - सिद्धि 09:45 उपरांत व्यतिपात
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 23 तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के सहयोग से काम पूरे होंगे। नई जिम्मेदारी मिल सकती है। वरिष्ठों का सहयोग रहेगा।

**वृषभ-** कारोबार विस्तार से जुड़े विचार सामने आ सकते हैं, लेकिन किसी बड़े सौदे में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन-** वित्तीय लाभ के योग हैं और अटका हुआ पैसा मिल सकता है।

**कर्क-** अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता दिखाने का अवसर मिल सकता है। वरिष्ठों का सहयोग रहेगा।

**सिंह-** कारोबार में नए संपर्क बनेंगे। किसी नई योजना पर काम शुरू करने से पहले समीक्षा करें।

**कन्या-** आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा और निवेश से बढ़िया रिटर्न मिल सकता है। प्रेम जीवन में उत्साह रहेगा।

**तुला-** पार्टनर के साथ सुखद समय बिताने का मौका मिलेगा। ऊर्जा अच्छी रहेगी, लेकिन आराम की अनदेखी न करें।

**वृश्चिक-** कार्यस्थल पर अपनी योजनाओं को हर किसी से साझा न करें। शांत रहकर काम करें।

**धनु-** जोखिम वाले फैसलों से बचें और मौजूदा कारोबार को मजबूत करने पर ध्यान दें।

**मकर-** वित्तीय स्थिति में उतार-चढ़ाव रह सकता है, इसलिए बजट का पालन करें।

**कुंभ-** जीवनसाथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। आराम और पर्याप्त पानी का ध्यान रखें।

**मीन-** के हुए प्रोजेक्ट आगे बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। आर्थिक दृष्टि से दिन बहुत भाग्यशाली रहेगा और धन की आवक सुचारू रहेगी।

व्यंग्य

## हर विधायक को कार और 75 हजार-जनसेवा का नया मॉडल

देश में जनसेवा का स्तर आखिरकार इतना ऊँचा उठ गया है कि अब जनता की सेवा करने के लिए विधायक जी को कार और 75 हजार रुपये महीना मिलेंगे। यानी जनता परेशान हो तो विधायक जी दौड़कर उसके पास जाएँगे-बस शर्त इतनी है कि दौड़ना कार में बैठकर हो।



संजय एम. तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

खबर सुनते ही आम आदमी की आँखों में चमक आ गई। उसे लगा कि शायद अब उसकी समस्याएँ भी वीआईपी हो गई हैं। कल तक नाली, सड़क, बिजली और पानी की शिकायत लेकर जनता पैदल विधायक के घर जाती थी। अब विधायक जी कार लेकर जनता के पास जाएँगे। फर्क सिर्फ इतना है कि कार सरकारी होगी और पेट्रोल का इंतजाम... खैर, वह भविष्य के किसी बड़े पैकेज में होगा! कहा गया है कि विधायक अपने-अपने क्षेत्र के गाँव-कस्बों में जाएँ, आम लोगों की परेशानी सुनें और उसका समाधान करें। विचार बहुत सुंदर है। अब कल्पना कीजिए-विधायक जी कार से गाँव पहुँचे। गाँव वाला बोला, साहब, सड़क टूटी पड़ी है।

विधायक जी बोले, बहुत अच्छा! रिपोर्ट में लिखो-जनता से मिलकर सड़क की समस्या समझी।

दूसरा बोला, साहब, पानी नहीं आता।

जवाब मिला, बहुत गंभीर समस्या है। इसे भी रिपोर्ट में डालेंगे।

तीसरा बोला, साहब, रोजगार चाहिए।

विधायक जी ने मुस्कुराकर कहा, भाई, मेरी भी नौकरी जनता ने ही दी है, अभी तो मैं उसकी ईएमआई चुका रहा हूँ!

असल में लोकतंत्र में सबसे ज्यादा मेहनत जनता करती है। वह टैक्स देती है, वोट देती है, लाइन में लगती है और फिर अपनी समस्या लेकर नेताओं के पास जाती है। अब व्यवस्था ने सोचा है कि कम-से-कम नेताओं को जनता तक पहुँचने के लिए कार सुविधा तो मिलनी ही चाहिए। और 75 हजार रुपये महीना! यह राशि सुनकर सरकारी कर्मचारी ने अपनी तनख्वाह देखी, किसान ने अपनी फसल का भाव देखा और बेरोजगार युवक ने अपनी डिग्री। तीनों ने एक-दूसरे को देखा और फिर चुपचाप मोबाइल जेब में रख लिया।

सहायक के लिए अलग से 25 हजार रुपये महीना भी मिलेंगे। यानी जनसेवा अब टीमवर्क हो गई है। विधायक जी जनता की समस्या सुनेंगे और सहायक जी उसे नोट करेंगे। फिर रिपोर्ट बनेगी, रिपोर्ट जाएगी, बैठक होगी, बैठक की रिपोर्ट बनेगी और अंत में जनता वही खड़ी मिलेगी-उसी टूटी सड़क के किनारे!

सबसे मजेदार बात यह है कि हर तीन महीने में रिपोर्ट भी देनी होगी कि कितने अधूरे काम पूरे किए और कितनी समस्याएँ हल कीं। यह व्यवस्था सच में लागू हो गई तो नेताओं की असली परीक्षा शुरू होगी। क्योंकि जनता की समस्या सुनना आसान है, समस्या का समाधान करना थोड़ा महँगा पड़ता है! जनता भी अब समझदार हो गई है। वह कहेगी-साहब, हमारी समस्या सुनने के लिए कार मिली है तो ठीक है, लेकिन अगली बार कार में हमारी सड़क भी डालकर ले जाइए। बहुत टूटी हुई है। कुल मिलाकर लोकतंत्र में एक नया अध्याय खुल रहा है-जनप्रतिनिधि जनता के और करीब आएँगे, बशर्ते कार की दूरी और जनता की दूरी के बीच पेट्रोल का बजट अनुमति दे।

अब देखना यह है कि 75 हजार रुपये जनता की समस्याओं पर खर्च होते हैं या समस्याएँ 75 हजार रुपये की देखकर खुद ही विधायक जी के पास पहुँच जाती हैं! क्योंकि लोकतंत्र में जनता को सबसे ज्यादा भरोसा इसी बात पर रहता है कि घोषणा बड़ी हो तो उम्मीद भी बड़ी रखनी चाहिए-भले ही सड़क छोटी और टूटी हुई क्यों न हो।

# मलेरिया कब बन सकता है जानलेवा?

मानसून के मौसम में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ जाता है और इनमें मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसे नजरअंदाज करना कई बार गंभीर पड़ सकता है। तेज बुखार ठंड लगना कंपकंपी सिरदर्द और कमजोरी जैसे लक्षण अक्सर सामान्य वायरल संक्रमण जैसे लगते हैं लेकिन यही संकेत मलेरिया की शुरूआत भी हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बुखार के साथ ठंड और कंपकंपी महसूस हो रही है तो इसे हल्के में लेने के बजाय डॉक्टर की सलाह लेकर समय पर जांच करानी चाहिए।

मलेरिया संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलने वाला परजीवी संक्रमण है। इसकी शुरूआत कई बार सामान्य बुखार की तरह होती है जिसके कारण लोग इसे वायरल फीवर समझकर घर पर ही इलाज शुरू कर देते हैं। डॉक्टरों के अनुसार तेज बुखार के साथ सिरदर्द ठंड लगना कंपकंपी कमजोरी मतली या उल्टी जैसे लक्षण दिखाई दें तो सतर्क हो जाना चाहिए। केवल लक्षणों के आधार पर यह तय नहीं किया जा सकता कि व्यक्ति को मलेरिया है या नहीं इसलिए समय पर जांच कराना सबसे जरूरी कदम माना जाता है।

विशेषज्ञों की सलाह है कि मलेरिया का संदेह होने पर खुद से एंटी मलेरियल दवा शुरू नहीं करनी चाहिए। बिना जांच और डॉक्टर की सलाह के दवा लेने से सही बीमारी की पहचान में देरी हो सकती है और स्वास्थ्य संबंधी दूसरी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। डॉक्टर जांच के परिणाम और मरीज की स्थिति के आधार पर बीमारी का प्रकार तथा सही इलाज तय करते हैं। समय रहते मलेरिया की पहचान हो जाए और उचित उपचार शुरू कर दिया जाए तो गंभीर जटिलताओं के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

इलाज शुरू होने के बाद भी मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। कई बार दवा लेने के बाद बुखार या कमजोरी कम होने लगती है और मरीज खुद को ठीक मानकर दवा बीच में ही बंद कर देते हैं। ऐसा करना खतरनाक हो सकता है। डॉक्टर की सलाह के बिना दवा की मात्रा कम या ज्यादा करना और इलाज की अवधि बदलना भी उचित नहीं है। मलेरिया का उपचार मरीज की स्थिति और संक्रमण के प्रकार के अनुसार तय किया जाता है इसलिए पूरी दवा और डॉक्टर की सलाह का पालन करना जरूरी है।

कुछ लक्षण ऐसे हैं जिन्हें मलेरिया की गंभीर स्थिति का संकेत माना जा सकता है। अत्यधिक कमजोरी बार बार उल्टी होना सांस लेने में परेशानी पेशाब की मात्रा बहुत कम हो जाना असामान्य रक्तस्राव चेतना या व्यवहार में बदलाव भ्रम बेहोशी और दौरे पड़ना जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत अस्पताल जाना चाहिए। गंभीर मामलों में शरीर के कई अंगों पर असर पड़ सकता है इसलिए ऐसे संकेतों को बिल्कुल नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

छोटे बच्चों विशेषकर पांच साल से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं में मलेरिया को लेकर अधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है। कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों में भी संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए बुखार लंबे समय तक बना रहे या अचानक हालत बिगड़ने लगे तो घरेलू उपचार पर निर्भर रहने के बजाय डॉक्टर से संपर्क करना बेहतर है।

मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरों से सुरक्षा भी बेहद जरूरी है। घर और आसपास पानी जमा न होने दें मच्छरदानी का इस्तेमाल करें और खासकर शाम तथा रात के समय मच्छरों के काटने से बचाव करें। याद रखें तेज बुखार और कंपकंपी को सामान्य समझकर टालना सही नहीं है। समय पर जांच सही इलाज और गंभीर लक्षणों पर तुरंत अस्पताल पहुंचना ही मलेरिया से होने वाले बड़े खतरे को कम करने का सबसे सुरक्षित तरीका है।

धर्म-आस्था

# विविधता से एकात्मता की ओर : एक विश्व, एक मानवता का संदेश

आज विश्व के तमाम देश धार्मिक पहचान, नस्ली अस्मिता, अतिराष्ट्रवाद, युद्ध, सांस्कृतिक टकराव, धार्मिक असहिष्णुता, सामाजिक ध्रुवीकरण और बढ़ती वैचारिक दूरियों जैसी अनेक चुनौतियों से गुजर रहे है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। विज्ञान, परिवहन और संचार प्रौद्योगिकी ने भौगोलिक दूरियां कम जरूर की हैं, लेकिन अनेक मामलों में मनुष्यों के बीच वैचारिक और भावनात्मक दूरियां बढ़ी हैं। ऐसे समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का 29 अगस्त 2026 को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन में दिया गया संबोधन विशेष आकर्षण बना हुआ है।



डा मनमोहन प्रकाश (दैनिक अवन्तिका)

डॉ. भागवत के संबोधन का केंद्रीय विचार भारत की उस सभ्यतागत दृष्टि से जुड़ा था, जिसमें विविधता को एकता के विरोधी के रूप में नहीं, बल्कि उसकी स्वाभाविक अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए विविधता में एकता केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि भारतीय समाज के डीएनए में रची-बसी है। उन्होंने अमेरिका में प्रचलित बहुलतावाद की अवधारणा की तुलना भारत की विविधता में एकता की दृष्टि से करते हुए कहा कि विविधता को समाप्त करने के बजाय उसे स्वीकार, सम्मान और संरक्षित किया जाना चाहिए।यह विचार भारतीय चिंतन की उस परंपरा से भी जुड़ता है, जिसमें सत्य की अनेक अभिव्यक्तियों को स्वीकार करने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। ऋग्वेद का प्रसिद्ध वचन एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति और महोपनिषद् का वसुधैव कुटुम्बकम्- इसी व्यापक दृष्टि के महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। इन प्राचीन सूत्रों को आधुनिक लोकतंत्र, बहुलतावाद या मानवाधिकारों का सीधा पर्याय मानना उचित नहीं होगा, लेकिन वे भारतीय दार्शनिक परंपरा में सह-अस्तित्व, व्यापकता और मानवीय एकात्मता की गहरी भावना को अवश्य व्यक्त करते हैं।

भारतीय दृष्टि में एकता का अर्थ एकरूपता नहीं है। वास्तविक एकता तभी संभव है, जब अलग-अलग धर्म, भाषा, संस्कृति और जीवन-पद्धति से जुड़े लोग समान मानवीय गरिमा तथा पारस्परिक सम्मान के साथ रह सकें। यही कारण है कि भारतीयता को किसी एक धार्मिक या सांस्कृतिक पहचान तक सीमित कर देना भारत की बहुस्तरीय ऐतिहासिक और सामाजिक संरचना को अत्यधिक सरल बना देगा।

धार्मिक विविधता के प्रश्न पर भी यही कसौटी लागू होती है। भारत की सामाजिक संरचना सदियों से अनेक धर्मों, संप्रदायों, भाषाओं, जातीय समूहों, क्षेत्रों और परंपराओं के सह-अस्तित्व से निर्मित हुई है। इसलिए विविधता का सम्मान केवल सहिष्णुता तक सीमित नहीं होना चाहिए; उसका आधार समान नागरिक गरिमा, कानून के समक्ष समानता, धार्मिक स्वतंत्रता और पारस्परिक उत्तरदायित्व होना चाहिए।यहां भारतीय संविधान का संदर्भ स्वाभाविक रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है। संविधान की प्रस्तावना न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता को भारतीय गणराज्य के मूल आदर्शों के रूप में स्थापित करती है। अतः विविधता के प्रति सम्मान केवल किसी संगठन या विचारधारा की अपेक्षा नहीं, बल्कि भारत की संवैधानिक व्यवस्था की भी मूल प्रतिबद्धता है। भारतीय परंपरा में धर्म का अर्थ केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि कर्तव्य, आचरण, मयार्दा और उत्तरदायित्व से भी जुड़ा रहा है। इस व्यापक अर्थ को समझना आज सभी धर्मावलंबियों के लिए जरूरी है। न्यूयॉर्क प्रवास के दौरान डॉ. भागवत ने न्यूयॉर्क स्थित इस्कॉन के ऐतिहासिक केंद्र का भी दौरा किया और सेवा-कार्य में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज दुनिया अनेक संघर्षों और द्वंद्वों से गुजर रही है और लोगों को जोड़ने वाली चेतना ही शांति का आधार बन सकती है; उन्होंने इसे कृष्ण चेतना से जोड़ा।

प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए डॉ. भागवत ने एक महत्वपूर्ण बात कही,जिस देश में भारतीय मूल के लोग रहते हैं, वह उनकी कर्मभूमि है और वहां के प्रति उनकी जिम्मेदारी सर्वोपरि है। उन्होंने अमेरिका में रहने वाले भारतीयों से अमेरिकी समाज और देश के प्रति निष्ठापूर्वक अपने दायित्व निभाने का आग्रह किया, साथ ही अपनी जन्मभूमि भारत से प्राप्त मूल्यों को बनाए रखने की बात कही। यह संदेश प्रवासी भारतीयों को दो पहचानों के बीच संघर्ष में खड़ा करने के बजाय, अपनी सांस्कृतिक जड़ों को संजोते हुए जिस देश में वे रहते हैं, उसके संविधान ,नियम-कानून के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा देता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1899-3112, काबली- 4010-8331, बटला- 1800, बड़ा- 5261-5550, सोयाबीन- 2593-6071, धनिया- 12950-14700, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,000 रवा- 1,50,700 चांदी- टंच- 2,36,600 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ने किया वार्षिक निरीक्षण

**शाजापुर।** जिले के लीड पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन शासकीय महाविद्यालय और उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में 10 एमपी एनसीसी बटालियन उज्जैन के कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनित कुमार ने वार्षिक निरीक्षण किया। बुधवार को शाजापुर पहुंचे कमांडेंट ने एनसीसी कैडेट्स की परेड का जायजा लिया और उनके प्रशिक्षण, अनुशासन व गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कैडेट्स ने तय मानकों के हिसाब से परेड की। साथ ही कैडेट्स की ड्रिल, वर्दी, अनुशासन, तालमेल और परेड की बारीकियों को देखा। उन्होंने कैडेट्स के प्रदर्शन की तारीफ की और उन्हें एनसीसी के जरिए व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता व देश सेवा की भावना मजबूत करने के लिए प्रेरित किया।

## ट्रक में पीछे से घुसी तेज रफ्तार कार:वकील की मौत

**देवास।** शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में फिरोजाबाद के अधिवक्ता गौरव वर्मा (40) की मौत हो गई। उनकी तेज रफ्तार कार राजोदा जेल के पास एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में गौरव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके ड्राइवर शाहरुख मकबूल घायल हो गए। उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी गौरव वर्मा गुरुवार शाम करीब 4 बजे कार से इंदौर के लिए निकले थे। उनके साथ ड्राइवर शाहरुख मकबूल भी था। दोनों नासिक, ओंकारेश्वर और दूसरे धार्मिक स्थलों की यात्रा पर जा रहे थे। शुक्रवार अलसुबह करीब 3 बजे राजोदा जेल के पास कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में गौरव की मौके पर ही मौत हो गई और ड्राइवर शाहरुख घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल शाहरुख को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## मायाखेड़ी में छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत



देवास। मायाखेड़ी गांव में 15 साल की छात्रा की शनिवार को अचानक अनीशा की मौत हो गई। 2 दिन पहले उल्टियां होने पर परिजन उसे मंगलिया के एक निजी अस्पताल ले गए थे। इलाज के बाद तबीयत ठीक लगी तो वे उसे घर ले आए। घर पहुंचने के बाद उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई। देवास के निजी अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह कक्षा 8 में पढ़ती थी। वह गांव से करीब दो किलोमीटर दूर अरंडिया के सरकारी स्कूल जाती थी। अनीशा चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। उसके पिता खेती-किसानी करते हैं। अनीशा के शव का शनिवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। अभी उसकी मौत की वजह साफ नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चलेगा।

### लगातार बारिश से शुजालपुर तरबतर, नदियों का जलस्तर बढ़ा

# जमधड़ और नेवज नदी में बढ़ा पानी, कई स्थानों पर जलभराव, फसलों को बारिश से फायदा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शुजालपुर क्षेत्र में बीती रात से शुरू हुआ बारिश का दौर शुक्रवार को भी जारी रहा। सुबह से रुक-रुककर बारिश होने से शहर सहित आसपास के गांवों में जनजीवन प्रभावित हुआ। लगातार बारिश के चलते शहर की कुछ सड़कों और गलियों में पानी भर गया, वहीं कुछ शैक्षणिक संस्थानों के खुले परिसरों में भी जलभराव की स्थिति बनी। हालांकि मौसम सुहावना होने से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली।

लगातार हो रही बारिश का असर क्षेत्र के नदी-नालों और जलस्त्रोतों पर भी दिखाई देने लगा है। नगर के मध्य से गुजरने वाली जमधड़ नदी के साथ



नेवज नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। जमधड़ नदी सिटी क्षेत्र में शाम को छोटे पूल के उपर से बह रही थी। क्षेत्र के जलाशयों में पानी की आवक बढ? से जलसंग्रहण की स्थिति बेहतर हुई है। वहीं बारिश से भूमिगत जलस्तर में भी सुधार की उम्मीद जगी है। लगातार बारिश के कारण खेतों में खड़ी फ सलों को पर्याप्त नमी मिल रही है। किसानों के अनुसार वर्तमान बारिश सोयाबीन सहित अन्य फ सलों के लिए लाभदायक है। खेतों में नमी बढ? से फ सलों की बढ़वार को फायदा मिलने की उम्मीद है।

मौसम विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश के मध्य और पश्चिमी हिस्सों में सक्रिय मौसम प्रणालियों के प्रभाव से बारिश का दौर जारी है। बंगाल की खाड़ी से बना कम दबाव का क्षेत्र तथा अन्य मौसमी प्रणालियों के कारण वातावरण में नमी बनी हुई है। इसके प्रभाव से अगले 48 घंटे के दौरान जिले में बादल छाए रहने तथा कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है।

### बारिश का आंकडा 26 इंच पार पहुंचा

जिला भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय की 4 सितंबर की दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार जिले की विभिन्न तहसीलों में भी अच्छी बारिश दर्ज हुई है। मिली जानकारी अनुसार पिछले 24 घंटे में शुक्रवार सुबह तक शुजालपुर में 30 मिमी तथा कालापीपल में 40 मिमी बारिश हुई। चालू मानसून में अब तक शुजालपुर तहसील में 650 मिमी, कालापीपल में 683 मिमी, गुलाना में 598 मिमी, पोलायकलां में 509 मिमी तथा अवंतिपुर बडोदिया में 472 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बीती रात हुई बारिश के बाद इन आंकड़ों में और बढ़ोतरी हुई है। लगातार बारिश से क्षेत्र के जलाशयों में पानी की आवक बढ़ रही है, वहीं नदी-नालों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है।

### पुलिस अधीक्षक की नवीन पहल से

## ग्राम पंचायत अब कैमरे की नजर में जन सहयोग से जिले में लगे 250 सीसीटीवी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचल भी अब अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक की नवीन पहल पर कैमरों की नजर में रहेंगे इसको लेकर जन सहयोग से जिले में 250 सीसीटीवी स्थापित कर दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक शाजापुर प्रियंका शुक्ला की नवीन पहल एवं मार्गदर्शन में जिले में अपराध नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी तथा आमजन की सुरक्षा को और मजबूत करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर महोदय ऋजु बाफना के निर्देशन में ग्राम पंचायतों एवं जन सहयोग से जिले के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 64 स्थानों पर कुल 250 सीसीटीवी कैमरे ग्राम पंचायत एवं जन सहयोग के सहयोग से स्थापित किए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से प्रमुख चौराहों, बाजारों, मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया है।

इस महत्वपूर्ण पहल में जिला प्रशासन, ग्राम पंचायतों एवं आमजन का सहयोग शाजापुर पुलिस के लिए महत्वपूर्ण रहा है। सामूहिक सहभागिता से जिले में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने आमजन, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे जन सुरक्षा की इस महत्वपूर्ण पहल में अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें, ताकि जिले के शेष चिन्हित स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर एक मजबूत एवं प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित किया जा सके।



### 53 दिनों में 250 कैमरे स्थापित

एसपी ने बताया कि दिनांक 10 जुलाई 2026 से 31 अगस्त 2026 तक की अवधि में जन सहयोग एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की दिशा में लगातार कार्य किया गया। इस प्रकार लगभग 1 माह 21 दिन (कुल 53 दिन) की अवधि में विभिन्न स्थानों पर 250 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए। इन सीसीटीवी कैमरों से पुलिस को अपराधों की रोकथाम एवं अपराध घटित होने की स्थिति में घटनाओं के साक्ष्य जुटाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। साथ ही, बाजारों एवं प्रमुख स्थानों पर निगरानी बढ़ने से असामाजिक एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में भी मदद मिलेगी।

### श्रीकृष्ण पर्व में भजनों और नृत्य नाटिका से गूंजा मंदिर

## मुरली मनोहर मंदिर में आयोजन उज्जैन के कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

शुक्रवार को जन्माष्टमी पर जिला मुख्यालय स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर में श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन हुआ। शाम 7 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में उज्जैन के कलाकारों ने भजन और श्रीकृष्ण पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के सहयोग से हुए कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजा-अर्चना भी की।

उज्जैन के कलाकार सुंदरलाल मालवीय और उनके साथियों ने श्रीकृष्ण भक्ति पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद उज्जैन की कलाकार कशिश सितलानी और उनके साथियों ने श्रीकृष्ण पर आधारित नृत्य नाटिका पेश की।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम मिलिंद ढोके, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, विजयलक्ष्मी तंवर, अशोक प्रजापत, सत्यनारायण मालवीय और धर्मेंद्र गहलोत समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

श्री मुरली मनोहर मंदिर के साथ शहर के अन्य कृष्ण मंदिरों में भी जन्माष्टमी पर धार्मिक कार्यक्रम हुए। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

## संत रविदास जयंती पर निकली रथ यात्रा, गूंजा सामाजिक समरसता का संदेश

**शुजालपुर।** संत शिरोमणि रविदासजी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर में भव्य रथ यात्रा निकाली गई। संत रविदास मंदिर, सिटी तालाबपुरा से विधि-विधान से कलश पूजन के बाद शुरू हुई यात्रा ने नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया गया। यात्रा संयोजक माखन सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि यात्रा छोटा बाजार, बड़ा बाजार, काली माता मंदिर चौराहा, नगरपालिका कार्यालय के सामने से होते हुए मंडी क्षेत्र पहुंची। इसके बाद आष्टा रोड स्थित जाट कॉलोनी में रविदास समाज की धर्मशाला पहुंचकर संत रविदासजी की प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया गया।

## भाजपा नगर मंडल ने मनाई संगठन शिल्पी स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभ, संगठन शिल्पी एवं कर्मठ कार्यकर्ता स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती भाजपा नगर मंडल की ओर से स्थानीय विधायक कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने स्व. ठाकरे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला अर्पित की। इस दौरान उनके सादगीपूर्ण जीवन, संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार, भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक नायक, जिला महामंत्री विजय सिंह बैस, विवेकानंद नागरिक बैंक अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह खींची, भाजपा नेता एवं समाजसेवी किशोर खन्ना तथा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी मंचासीन रहे।

कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि स्व. कुशाभाऊ ठाकरे का जीवन सादगी, अनुशासन, त्याग और संगठन के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक था।

## एक्सीलेंस कॉलेज में जारी है ब्यूटीशियन कोर्स, आत्मनिर्भर बनने का हुनर सीख रही हैं छात्राएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. गवर्नमेंट कॉलेज में छात्राओं के कौशल विकास और उन्हें रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कोर्स का संचालन किया जा रहा है।

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 31 अगस्त से शुरू हुए इस एक महीने के कोर्स में छात्राएं पूरे उत्साह के साथ ब्यूटीशियन की विभिन्न विधाएं सीख रही हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 30 सितंबर तक चलेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. तिवारी के मार्गदर्शन और प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आर.सी. चौहान की देखरेख में चल रहे इस कोर्स में छात्राओं को शिवानी शैक्षणिक संस्थान की संस्थापिका बबीता बोस द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रतिदिन आयोजित हो रही इन कक्षाओं में बोस छात्राओं को सौंदर्य और ग्रूमिंग की बारीकियां सिखा रही हैं। उनका कहना है कि इस तरह के रचनात्मक कौशल सीखने से युवतियों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का भाव जागृत होता है। छात्राएं कोर्स के माध्यम से न केवल स्वयं को व्यवस्थित और सुंदर रखना सीख रही हैं, बल्कि वे अपने परिवार की माताओं और बहनों को भी इसके सही तरीके सिखाने में सक्षम बन रही हैं। छात्राओं को हुनरमंद बनाने की इस महत्वपूर्ण पहल में डॉ. बी.एल. मालवीय, डॉ. अर्चना वर्मा और डॉ. श्वेता चौहान सहित महाविद्यालय के स्टॉफ का निरंतर सहयोग मिल रहा है। बड़ी संख्या में छात्राएं प्रतिदिन इस प्रशिक्षण में भाग लेकर अपना कौशल निखार रही हैं।



## डायल 112 वाहन से केले से भरा ट्रक टकराकर पलटा, जेठड़ा जोड़ के पास हादसा

**शुजालपुर।** आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 9.40 बजे जेठड़ा जोड़ के पास केले से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटने के बाद ट्रक सड़क किनारे खड़े डायल 112 पुलिस वाहन से जा टकराया। हादसे में पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसका चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हादसे के समय डायल 112 वाहन में चालक इकबाल और सहायक उप निरीक्षक महेंद्र गौड़ मौजूद थे। ट्रक की टक्कर से चालक इकबाल को चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सहायक उप निरीक्षक महेंद्र गौड़ सुरक्षित बताए गए हैं। हादसे के बाद ट्रक में भरे केले सड़क पर बिखर गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने ट्रक चालक जमील निवासी ग्राम गालवी, थाना कालापीपल को हिरासत में लेकर ट्रक जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में ट्रक अनियंत्रित होकर पलटने की बात सामने आई है। मामले में तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के संबंध में कार्रवाई की गई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## कोतवाली पुलिस ने तीन सवारी और बिना हेलमेट चलने वालों पर की चालानी कार्रवाई



**शाजापुर।** यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कोतवाली थाना पुलिस द्वारा मंगलवार को कोतवाली थाने के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने सड़क से गुजरने वाले दोपहिया एवं अन्य वाहनों को रोककर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। चेकिंग के दौरान तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट वाहन चलाने सहित वाहनों से संबंधित जरूरी कागजातों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस द्वारा संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की समझाइश भी दी। कोतवाली पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान विक्रम सिंह जटवा, धर्मेंद्र सिंह गुर्जर सहित कोतवाली थाना स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस द्वारा वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि यातायात नियमों की अनदेखी न करें तथा वाहन चलाते समय अपने साथ वाहन के आवश्यक दस्तावेज रखें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की वाहन चेकिंग एवं चालानी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सके।

## एक माह तक चले अन्न क्षेत्र का समापन, दानदाता और कावड़ यात्रा संचालक हुए सम्मानित



**शाजापुर।** त्रिनेत्र कावड़ यात्रा महासंघ द्वारा पूरे सावन मास 24 घंटे निरंतर संचालित अन्न क्षेत्र का बुधवार को समापन हुआ। समारोह में विभिन्न गांवों के कावड़ यात्रा संचालक, दानदाता एवं विभिन्न जिलों से पहुंचे महासंघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कोषाध्यक्ष भगवान सिंह फौजी ने अन्न क्षेत्र का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जबकि महासंघ के संचालक प्रदीप सिंह ने आयोजन की गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस मौके पर अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर, तिलक लगाकर एवं त्रिनेत्र कावड़ेश्वर महादेव का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के बाद बाबा महाकाल की महाआरती हुई और सभी ने सामूहिक रूप से महाप्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन महासंघ के जिला संयोजन डॉ. राजेंद्र सिंह डोडिया ने किया। इस अवसर पर महासंघ मार्गदर्शक अभय कुमार जैन, राजगढ़ जिलाध्यक्ष विजय सिंह, शाजापुर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, समिति कार्यकर्ता ईश्वरसिंह, दातार सिंह, गोविंद पाटीदार, मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राजेंद्र मेहता आदि उपस्थित रहे।

### जन्माष्टद्मी पर्व धूमधाम से मनाया, बरसते पानी में निकला चल समारोह

## देवालयों में देर रात तक हुए धार्मिक आयोजन

**मटकी फोड प्रतियोगिताएं हुई**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

बाल गोपाल भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव शुक्रवार को नगर सहित अंचलों में धूम-धाम से मनाया गया। जन्माष्टद्मी पर्व के चलते क्षेत्र में दिनभर धार्मिक आयोजनों की धूम रही। इस पर्व के चलते देवालयों में आकर्षक साज सज्जा कर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। देवालयों में शाम से भजनों की प्रस्तुति शुरू हो गई तथा मध्य रात्रि में पट खोलकर जन्मोत्सव मनाया गया। रात 12 बजे जन्मोत्सव के साथ ही देवालयों में बाल गोपाल के जयकारे गुंजे। नगर के श्रीराम मंदिर, जटाशंकर महादेव मंदिर, दुर्गा दरबार,गायत्री मंदिर,हनुमान



मंदिर,माँ काली मंदिर,माँ कामेश्वरी मंदिर, श्रीनाथ मंदिर, श्रीराधाकृष्ण मंदिर गोपालपुरा, श्री हनुमान मंदिर रायकनपुरा सहित अन्य मंदिरों में दिनभर स्तुति गान होते रहे। नागरिकों द्वारा उपवास रख कर भगवान की विशेष पूजा अर्चना की। जन्माष्टमी पर्व पर नगर में कई स्थानों पर मटकी फोड प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। शुक्रवार को दिनभर बारिश का दौर चलने से सिटी क्षेत्र में यादव समाज का चल समारोह बरसते पानी के बीच निकला।

बाल गोपाल की भक्ति में समाजजन चल समारोह के दौरान भाव के साथ थिरकते चल रहे थे। समापन गोपाल मंदिर प्रांगण में महाआरती के पश्चात दही.मिश्री प्रसाद के रूप में वितरण की गई। चल समारोह में कै बिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों सहित समाजजनों ने भागीदारी निभाई।

### यादव समाज ने निकाला चल समारोह

सिटी क्षेत्र में सर्व यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। गोपालपुरा मोहल्ला स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर से भगवान को रथ में विराजित कर भव्य चल समारोह निकाला गया। जो कि शीतला नगर,अस्पताल चोराह, भीमपुरा,आनंद विद्या मंदिर, छोटा बाजार, बडा बाजार, रायकनपुरा होते हुए गोपालपुरा स्थित मंदिर में पहुंचा। इस शोभायात्रा में मथूरा से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। इस चल समारोह में भगवान की झांकी सजाई गई। साथ ही कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मुझे विजय पिता राधेश्यामजी पता 453, सांदीपनीनगर उज्जैन (म.प्र.) के नाम से जाना जाता था। आज दिनांक से मुझे विजय माहेश्वरी के नाम से पहचाना जाए।

**विजय माहेश्वरी 93006-17327**

ला.नं.: सं.यु.बी.डी. M.P. 1698 P. Date 24/2/99 पं. क्र. JR/UJN 10/6-8-98

**आनन्देश्वरी नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, उज्जैन**

26/18/6, नजरअली मार्ग, मेट्रो टॉकीज रोड़, उज्जैन

फोन : (0734) 2558267, 2557236

क्रमांकः वा.सा.स./14/2026-27 दिनांक 05/09/2026

## वार्षिक साधारण सभा की सूचना

समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बैंक की 28वीं वार्षिक साधारण सभा वर्ष 2025-26 की दिनांक 20 सितम्बर 2026, वार रविवार को दोपहर 03.30 बजे, स्थान डॉ. राजेन्द्र जैन सभागृह, क्षीरसागर काम्पलेक्स, उज्जैन में आयोजित की गई है। साधारण सभा की सूचना नियमानुसार दिनांक 03/09/2026 को डाक से भेजी जा चुकी है। किसी सदस्य को किन्ही अपरिहार्य कारणों से सूचना प्राप्त नहीं हो तो कृपया इस सूचना के आधार पर वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित होने का कष्ट करें।

गणपूर्ति के अभाव में सभा 30 मिनट (आधा घन्टा) के लिये स्थगित की जाकर उसी दिनांक एवं उसी स्थान पर सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

**संचालक मण्डल की आज्ञा से**
**विनय शाह**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**नोट :** एजेन्डा की विषय सूची बैंक के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी श्रीमती नीतू चौपडा पति श्री अमित चौपडा, निवासी-70 शिवालय परिसर, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-B-7/2 श्रेणी M.I.G. जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की श्री महाकाल वाणिज्यिक सह अवासीय सेक्टर बी योजना उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन तीन मंजिला (तल+2) बना होकर भवन की पैमाईश में भवन सामने से 10.00 मीटर, पीछे 10.00 मीटर, एक बाजू 15.00 मीटर तथा दूसरी बाजू 15.00 मीटर के माप का होकर भवन के भूखण्ड़ का कुल क्षेत्रफल-150.00 वर्गमीटर है। भवन की चर्तुःसीमा में पूर्व/दक्षिण दिशा में-भवन क्रमांक-B-7/3, पश्चिम/उत्तर दिशा में-भवन क्रमांक-B-7/1, उत्तर/पूर्व दिशा में-भवन क्रमांक-B-7/9 एवं दक्षिण / पश्चिम दिशा में-18.00 मीटर चौडी सडक है। उक्त पैमाईश व चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर, विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-04.09.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

## विवादों में रही अधिकारी निवेदिता और मारव्या को हटाया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दुबई दौरे से पहले मध्यप्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इनमें सचिव और अपर सचिव स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग ने अलग आदेश जारी कर 6 राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इनमें जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सिंहस्थ उज्जैन के अपर मेला अधिकारी के पद शामिल हैं। 2011 बैच की नेहा मारव्या को भी राज्य सरकार ने हटा दिया है। वे संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं और प्रबंध संचालक, पंचायत अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। पिछले दिनों विभाग की अपर संचालक स्तर की महिला अधिकारियों के साथ भरी बैठक में अभद्रता के आरोप लगे थे। इसके बाद विभाग के अधिकारियों ने पेन डाउन हड़ताल कर दी थी। 14 अगस्त के घटनाक्रम के बाद मुख्य सचिव से भी उनके खिलाफ शिकायत की गई थी। अब सरकार ने मारव्या को हटाकर प्रबंध संचालक, अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम की जिम्मेदारी सौंपी है। सागर कमिश्नर अनिल सुचारी को हटाकर दिलीप कुमार को नया संभागायुक्त बनाया गया है। मुख्यमंत्री सचिवालय में अपर सचिव और प्रबंध संचालक, राज्य कृषि विपणन बोर्ड की जिम्मेदारी संभाल रहे कुमार पुरुषोत्तम को सरकार ने अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दुबई दौरे से पहले उन्हें आयुक्त, उद्योग और प्रबंध संचालक, लघु उद्योग निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, लोक सेवा आयोग इंदौर की सचिव शीतल पटले को आगामी आदेश तक श्रम आयुक्त, इंदौर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। महिला और बाल विकास विभाग की आयुक्त निधि निवेदिता के विरुद्ध एक सप्ताह पहले महिला और बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक स्तर के अधिकारी के साथ डांट फटकार के बाद आंदोलन की स्थिति बन गई थी।यहां के अधिकारियों ने आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। बाद में शासन स्तर से इस मामले में हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और अधिकारी काम पर लौटे थे। अब सरकार ने निधि निवेदिता को महिला और बाल विकास विभाग से हटाकर राजस्व विभाग में पदस्थ कर दिया है।

## सीएजी ऑडिट ऑफिसर के घर से ड्रग्स बरामद

**भोपाल।** भोपाल के कटारा हिल्स थाना क्षेत्र की हाई प्रोफाइल कॉलोनी प्राइड सिटी में CAG के एक ऑडिट ऑफिसर के घर पुलिस ने रेड की। पुलिस के मुताबिक, तलाशी के दौरान घर के किचन से करीब 3 ग्राम और 1200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। मामले में ऑडिट ऑफिसर की पत्नी सोनम बिसेन को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार की रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि महिला के घर में ड्रग्स रखा हुआ है। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। पुलिस का दावा है कि ड्रग्स किचन में छिपाकर रखा गया था। बरामद मादक पदार्थों को जब्त कर महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ड्रग्स महिला के पास कहां से आया और इसे आगे किसे सप्लाई किया जाना था। पुलिस महिला के संपर्कों, मोबाइल और ड्रग्स की सप्लाई से जुड़े संभावित नेटवर्क की भी जांच कर रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच के तथ्यों के आधार पर की जाएगी।

## शिक्षक वर्ग-2 और 3 के धरने में पहुंचे दिग्विजय

**भोपाल।** शिक्षक वर्ग-एक, दो और तीन के उम्मीदवारों द्वारा 15 दिनों से की जा रही भूख हड़ताल और प्रदर्शन अब राजनीतिक रूप लेने लगा है। इन अभ्यर्थियों द्वारा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का काफिला जन्माष्टमी पर रोके जाने के अगले दिन यानी आज पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह इनके प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे हैं। वे पहले भी इस प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे थे और उन्होंने इन अभ्यर्थियों की मांग उचित बताते हुए प्रदर्शन में दोबारा शामिल होने की बात कही थी। प्रदेश के शिक्षक वर्ग 2 और 3 के अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर पिछले 15 दिनों से भोपाल के जहांगीराबाद क्षेत्र में स्थित नीलम पार्क में भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उनकी मांगों के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज शिक्षक दिवस के दिन अभ्यर्थियों के साथ धरने पर बैठने पहुंचे। नीलम पार्क में आंदोलन कर रहे वर्ग-1 चयन परीक्षा 2023 के अभ्यर्थियों का कहना है कि वे पिछले तीन साल से पद बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में 8720 पद स्वीकृत और विज्ञापित किए गए थे।

## ट्रक ने सास-बहू समेत 3 महिलाओं को कुचला

**मुरैना।** मुरैना में कृष्ण जन्मोत्सव देखकर घर लौट रहीं तीन महिलाओं को दिल्ली की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा शुक्रवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर घिरोना हनुमान मंदिर के पास हुआ। टक्कर के बाद ट्रक सड़क किनारे बनी कुछ दुकानों में जा घुसा। इससे दुकानों को भी नुकसान पहुंचा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीनों महिलाओं के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और संबंधित टीम ने ट्रक को घटनास्थल से हटाने का काम शुरू किया। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाली तीनों महिलाएं हरफूल का पुरा गांव की रहने वाली थीं। घर हाईवे के किनारे मंदिर से कुछ दूरी पर हैं।महिलाओं की पहचान कमला कुशवाहा (50), पति फूल सिंह, कमला कुशवाहा (50), पति बालकिशन और पूनम कुशवाहा (28), पति धर्मवीर के रूप में हुई। इनमें कमला और पूनम सास-बहू थीं। तीसरी महिला भी परिवार की ही सदस्य बताई जा रही है।

# बारिश ने मटकी फोड़ का मजा किया किरकिरा

## शहीद पार्क में पानी में भीगते हुए युवाओं ने लगाए पिरामिड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुक्रवार को दिनभर हुई रिमझिम बारिश ने शहर में होने वाले मटकी फोड़ आयोजनों का मजा किरकिरा कर दिया। गुरूवार रात से ही शुरू हुई बारिश ने कई आयोजन स्थानों पर बनाए गए मंच गीले कर दिए थे और और आयोजनों के मैदानों में कीचड़ हो गया था। मंदिरों में बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की कतार रही है।

रिमझिम बारिश के बावजूद युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। शहर में 100 से अधिक स्थानों पर युवाओं की टोलियों ने भीगते हुए ही दही-हांडी फोड़कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उत्साह मनाया।

शहीद पार्क में कृष्णा ग्रुप और कृष्णा वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित मुख्य मटकी फोड़ स्पर्धा में बारिश के कारण आयोजन दो घंटे देरी से शुरू हुआ।

पानी में फिसलन के कारण पिरामिड बनाने में युवाओं को खासी मशक्कत करनी पड़ी। कई टोलियां फिसलकर गिर भी गईं, लेकिन अंत में हांडी फोड़कर ही दम लिया। शहीद पार्क के आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली जुड़े। उन्होंने कहा कि मटकी फोड़ में भी जीवन का दर्शन छिपा है। हमारा जीवन मटकी की तरह है, जिसमें पुण्य का माखन भरा रहना चाहिए। मटकी फोड़ने के लिए एक-दूसरे का साथ देना पड़ता है, यही जीवन में मित्रता और सामूहिकता का महत्व है।

**मंदिरों में नहीं दिखा बारिश का असर** -बारिश का असर मटकी फोड़ पर तो पड़ा, लेकिन मंदिरों में आस्था को प्रभावित नहीं कर सका। द्वारकाधीश गोपाल मंदिर में भगवान को केसरिया वस्त्र धारण कराए गए। रात 12 बजे जन्म आरती और महाभिषेक के बाद देर रात 2 बजे तक भक्त कतारों में भीगते हुए ही दर्शन के लिए खड़े रहे। सांदीपनि आश्रम और इस्कॉन मंदिर में भी नंद के घर आनंद भयो के जयघोष गूंजते रहे। श्री महाकालेश्वर मंदिर में भी जन्माष्टमी पर भगवान महाकाल का वैष्णव तिलक और मोर पंख के साथ श्रीकृष्ण स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया गया।

## नवागत तहसीलदार सहदेव मोरे ने संभाला पदभार

**देपालपुर।** नवागत तहसीलदार सहदेव मोरे ने देपालपुर तहसील कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार संभाल लिया है। इसके पूर्व वे रतलाम में तहसीलदार के पद पर सेवाएं दे रहे थे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी मामलों के समय-सीमा में निराकरण के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित करने की बात कही। तहसीलदार मोरे ने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक देरी न हो, इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का नियमानुसार एवं समय-सीमा में निराकरण उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर प्रभावी कार्य किया जाएगा। साथ ही राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। तहसीलदार मोरे ने कहा कि कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में देपालपुर तहसील क्षेत्र में लंबित एवं नए राजस्व प्रकरणों का त्वरित गति से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। आमजन को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए कार्यालयीन व्यवस्था को भी प्रभावी बनाया जाएगा।

# गोलामंडी क्षेत्र में कई जगह की नालियां चौक, गंदा पानी सड़कों पर भराया, बदबू से परेशान रहवासी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



तेलीवाड़ा के समीप गोला मंडी क्षेत्र में नालिया चौक होने की वजह से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो गया है तथा नालियों से निकलने वाली गंदगी भी सड़क पर पड़ी हुई है। गंदगी की वजह से क्षेत्र में मच्छर पनप रहे हैं और लोगों का बदबू से बुराहाल है। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्रीय लोग मजबूरी में ऐसे माहौल में रहना पड़ रहा हैं। गोला मंडी क्षेत्र में नालियां चौक होने की वजह से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है पिछले कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है। लेकिन इसका स्थाई निराकरण नहीं हुआ है इस कारण क्षेत्रवासियों की परेशानी बढ़ती जा रही है वर्तमान स्थिति यह है कि गोला मंडी की कई गलियों में नालिया चौक होने की वजह से उसका गंदा पानी सड़क पर भरा हुआ है ऐसे में लोगों को सड़क पर भरे गंदे पानी के अंदर से निकलकर आना जाना पड़ रहा है। पिछले कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है। लेकिन इस समस्या का अभी तक निराकरण नहीं हुआ है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि नालियों का गंदा पानी बहकर पूरी सड़क पर फैल जाता है और इस गंदगी के बीच ही लोगों को निकलना पड़ता है कई बार इस समस्या की शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है। बारिश में और ज्यादा स्थिति बिगड़ जाती है।

थोड़ी सी बारिश में नालियां चौक होने की वजह से सड़के पानी से भर जाती है और नालियों की गंदगी भी पानी में बह कर सड़क पर आ जाती है। गोलामंडी क्षेत्र में कुछ ऐसी सकरी गलियां है जहां पर यह समस्या पिछले कई समय से बनी हुई है नियमित नालियों की सफाई नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है इस कारण हमेशा नालियां चौक हो जाती है और गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है लोगों के घर के बाहर पड़े सामान भी सड़क पर भरे गंदे पानी की वजह से खराब हो रहे हैं लेकिन अभी तक इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं निकल पाया।



## गोपीकृष्ण सागर बांध के दो गेट खुले, तीन दिन से लगातार बारिश

**गुना।** जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित होने लगा है। लगातार बारिश से नदी-नालों और जलाशयों में पानी की आवक बढ़ गई है। इसी के चलते गुना के समीप स्थित गोपीकृष्ण सागर बांध का जलस्तर बढ़ने पर बांध के दो गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी शुरू की गई है।

बांध के कैचमेंट क्षेत्र में लगातार बारिश होने से पानी की आवक तेज हुई है। जलस्तर को नियंत्रित रखने के लिए गेट खोले गए हैं। इससे चोपन नदी सहित आसपास के जलस्रोतों में भी पानी का बहाव बढ़ने की संभावना है। प्रशासन द्वारा नदी एवं निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इधर, जिले में लगातार बारिश का दौर जारी रहने से सड़कों और निचले इलाकों में पानी भरने की स्थिति भी बन रही है। मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश में 3 से 5 सितंबर के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई थी। लगातार बारिश से किसानों के चेहरे पर जहां खुशी है, वहीं नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन और ग्रामीणों की चिंता भी बढ़ी है। लोगों से अपील की गई है कि वे तेज बहाव वाले नदी-नालों और बांध से निकलने वाले पानी के आसपास जाने से बचें।

# काली पट्टी बांधकर टीईटी व ई अटेंडेंस का विरोध किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



शिक्षक दिवस पर जिले के कई स्कूलों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर टीईटी व ई अटेंडेंस का विरोध कर पुरानी पेंशन देने की मांग की। शहर के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना सहित कई स्कूलों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधी।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नितेश कुमार जैन एवं जिला सचिव राजमणि दुबे ने आज एमएलबी स्कूल में शिक्षकों के साथ विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष श्री जैन ने कहा टेट परीक्षा के लिए आदेश भूतलक्षी प्रभाव से लागू हुआ है। शासन द्वारा ई अटेंडेंस लागू की गई है जिसमें विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आज भी शिक्षकों द्वारा ई अटेंडेंस दर्ज की गई लेकिन उनके पास मैसेज आ रहे हैं कि आज आप अनुपस्थित हैं। इससे शिक्षक मानसिक रूप से परेशान हैं। हमारे शिक्षक ऐप पर बहुत सारी घोषणाओं के लिए सहमति कराई जा रही है। शिक्षकों की ई अटेंडेंस के कारण जुलाई एवं अगस्त माह में कटी हुई वेतन का भी आज तक भुगतान नहीं किया गया है। जबकि इस संबंध में संकुल द्वारा भी अनुशंसा कर भेज दिया गया है। आज विभिन्न समस्याओं के विरोध में आवाज उठाते हुए शिक्षकों ने पुरानी पेंशन की मांग भी उठाई। एनपीएस एक छलावा है जिसमें शिक्षकों को नाम मात्र के लिए पेंशन मिलती है। संगठन ने मांग की है कि उन शिक्षकों की सूची भी जारी की जाए जिन्हें परीक्षा देना है। संगठन ने शिक्षकों से भी अपील की है कि वह परीक्षा फॉर्म भरने में जल्दबाजी न करें।

## परशुराम सेना की भोपाल में बैठक आज

**नीमच।** परशुराम सेना मप्र की प्रदेश स्तरीय बैठक आज 6 सितंबर को भोपाल में आयोजित की है द्य जिसमें प्रदेश भर से संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में संगठन की आगामी दिशा, विस्तार तथा सामाजिक गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा होगी। बैठक में नीमच जिले से पुरुषोत्तम शर्मा, जयप्रकाश पुरोहित व अभिषेक पुरोहित भाग लेंगे। नीमच से प्रतिनिधित्व करने वाले पदाधिकारी प्रदेश स्तरीय बैठक में जिले की संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर भी बात रखेंगे। प्रदेश घर में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति की तैयार की जावेगी समाज के उत्थान के लिए कार्यक्रम तय होंगे। साथी जिला स्तर पर प्रतिनिधियों की नियुक्ति तय होंगी।

## सिविल अस्पताल आरोन में मरीज से अभद्रता का आरोप




**गुना।** जिले की सिविल अस्पताल आरोन में उपचार कराने पहुंचे मरीज के साथ अटेंडर से कर्मचारी द्वारा कथित रूप से अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। मरीज का आरोप है कि चिकित्सक द्वारा पर्चे पर लिखी गई दवाइयां लेने के लिए जब वह दवा वितरण केंद्र पहुंचा, तो वहां मौजूद फार्मासिस्ट द्वारा कथित तौर पर उसके साथ बत्तमीजी एवं अकड़ के साथ बातचीत की गई।

मरीज के अटेंडर राजा मुगल अनुसार, दवा वितरण केंद्र पर मौजूद कर्मचारी धर्मबीर अहिरवार द्वारा पर्चे में लिखी दवाइयां देने से कथित रूप से मना किया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को यदि दवा लेने के लिए भी इस प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़े, तो अस्पताल की व्यवस्थाओं और मरीजों के प्रति जिम्मेदार कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर जवाबदेही किसकी है? मरीज ने पूरे मामले की शिकायत जिला कलेक्टर से करने और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। अब देखना यह होगा कि अस्पताल प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और मरीज के लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाते हैं। मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने के साथ ही निर्धारित दवाइयों का वितरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.)

**प्र.क्रमांक 0102/अपील/2025-26**

-// **सूचना पत्र** //-

**1- राणा चितरंजनसिंह पिता राणा बहादूरसिंह निवासी सुसनेर व कृषक ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया।**

**...अपीलार्थी**

**विरूद्ध**

1- मोहम्मद इमरान पिता अब्दुल गफुर
आदि-6 निवासी ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया।

**बनाम** - 1. मोहम्मद इमरान पिता अब्दुल गफुर निवासी- 216 खजुरी वाली मस्जिद आर. एन.टी. मार्ग उज्जैन ।
2. अशोक पिता दुर्गाशंकर
3. मनोज पिता दुर्गाशंकर
4. सोहनबाई पिता दुर्गाशंकर
5. मुकेश पिता दुर्गाशंकर
6. राहुल पिता कैलाश निवासीगण ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन ।

**द्वारा-तहसीलदार, तहसील घट्टिया**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्राणा चितरंजनसिंह पिता राणा बहादूरसिंह निवासी सुसनेर व कृषक ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया द्वारा तहसीलदार तहसील घट्टिया के न्यायालयीन प्रकरण कं. 1264/अ-6/2022-23 पारित आदेश दिनांक 27.12.2024 से असंतुष्ट होकर अपील प्रस्तुत की गई है।

अतः इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/09/2026 को प्रातः 11:00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी घट्टिया पर की जावेगी। सुनवाई के दौरान आप स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होवे। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 27/08/2026 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुभाग घट्टिया, जि. उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता सकूबाई पिता अनोप जी जाति बलाई निवासी ग्राम रलायता तहसील देपालपुर जिला इंदौर म.प्र. कृषक ग्राम अकोलिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 467/3 रकबा 0.2900 हे. स्थित ग्राम अकोलिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी।

सूचित हो । दिनांक-04/09/2026

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक)**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. मो. 7999800300**

होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन,
टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च

नेशनल ओलंपियाड प्रोग्राम **2026-2027**

एस्ट्रोनॉमी, बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स और जूनियर साइंस विषयों में

इस प्रोग्राम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स **(IAPT)** द्वारा आयोजित संबंधित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन **(NSEs)** (साइंस विषयों के लिए) में **21** और **22** नवंबर, **2026** को शामिल होना होगा।

NSE में क्वालिफाई करना **2027** के संबंधित इंटरनेशनल ओलंपियाड में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

एनरोल करने के लिए:

**NSEs**: https://www.iapt.org.in (21 अगस्त - 14 सितंबर, 2026)

अधिक जानकारी के लिए: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

**cbc-48143/11/0006/2627**

# 5 राज्यों में 17 नकबजनी करने वाली अंतर्राज्यीय बागरिया गैंग का पर्दाफाश, 20 लाख के जेवरात जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



जिला मंदसौर में सम्पत्ति संबंधी अपराध की रोकथाम हेतु श्री विनोद कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक मंदसौर द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत दिये गये निर्देशों के तारतम्य में श्री टी.एस. बघेल अति. पुलिस अधीक्षक मंदसौर, श्री जितेन्द्र भास्कर सीएसपी मंदसौर, श्री कीर्ति बघेल एसडीओपी ग्रामीण मंदसौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मंदसौर कोतवाली निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौर , थाना प्रभारी नाहरगढ़ निरीक्षक वरुण तिवारी व उनकी टीम द्वारा, 17 जगह की चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय बागरिया गैंग का पर्दाफाश किया गया।

एसपी श्री मीणा ने बताया कि 18 जुलाई को थाना कोतवाली मंदसौर पर चोरी की घटना की रिपोर्ट प्राप्त हुई की अज्ञात बदमाश द्वारा मकान के गेट का ताला तोड़कर मकान में घुस कर मकान में रखे दोनो अलमारी के गेट खोलकर अलमारी में रखे नगदी करीबन 20 हजार रूपए तथा पुरानी इस्तेमाली सोने चांदी की रकमे , जेवर चुरा कर ले गये है थाना कोतवाली मंदसौर पर मामला पंजीबद्ध किया गया व बागरिया गैंग से पूछताछ के दौरान गैंग ने कुल विभिन्न जगहों पर 17 अलग अलग स्थानों पर चोरी का खुलासा किया गया है,

आरोपियों ने एक साथ मिलकर विभिन्न जगह इंदौर, रतलाम, आगरा, राजसमंद, नादद्वारा, उदयपुर, मालेगांव, धुलिया, दिल्ली, गुड़गांव में अपराध घटित किये है जिनके विरूद्ध पृथक पृथक थानो में अपराध पंजीबध्द पाये गये है।

पुलिस ने इस मामले में शिवराम उर्फ हनुमान पिता लादुराम बागरिया निवासी ग्राम देवरिया कला, जिला अजमेर, सावंरा पिता रमेश बागरिया निवासी चपानेरी जिला अजमेर, सूरज पिता रमेश बागरिया निवासी चपानेरी जिला अजमेर, मदन बौदिया उर्फ सावंरा निवासी ग्राम कुसायता, उमराव पिता लादुराम लोहार निवासी कोटिया जिला भिलवाडा, हाल मुकाम विजनगर ब्यावर, कालुराम पिता रतनलाल बागरिया निवासी चपानेरी जिला अजमेर को आरोपी बनाया है जिनसे सोने चान्दी के जेवरात कुल किमती 20 लाख रुपए के जप्त किये है।

## न्यूज-कॉलम

### न.पा. ने अमानक गंदगी फैलाने पर किया जुर्माना

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा सड़क पर गंदगी फैलाने एवं अमानक पॉलिथीन का उपयोग करने वाले व्यापारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में गुरुवार को नगर पालिका की टीम ने विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर कार्रवाई की। नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक के निर्देश पर स्वच्छता निरीक्षक भारत सिंह भारद्वाज ने स्वच्छता पर्यवेक्षक ऋषि कलोसिया एवं अन्य कर्मचारियों के साथ दुकानों, सड़क किनारे गुमटियों तथा ठेले पर खाद्य एवं पेय पदार्थ बेचने वाले व्यवसायों के यहां निरीक्षण किया। गांधी फैलाने व अमानत पॉलिथीन उपयोग पर 11 व्यवसाइयों के चालान, 2500 रुपये जुर्माना वसूला गया मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर अमानक पॉलिथीन का उपयोग न करें और सड़क पर कचरा न फेकें।

### 14 को हरतालिका तीज व्रत व गणेश चतुर्थी रहेगी

**नीमच।** कर्मकाण्डीय विप्र पुजारी परिषद् नीमच के अध्यक्ष मालचन्द शर्मा ने बताया कि जन्माष्टमी उत्सव के पश्चात 5 सितम्बर को गोगानवमी एवं नन्दोत्सव, 7 को अजा एकादशी व्रत, 8 को गौवत्स पूजा (बछबारस) एवं भौम प्रदोष व्रत, 9 को मासिक शिवरात्रि व्रत, 10 को कुशोत्पाटन अमावस्या, पितृ कार्य अमावस्या, 11 को देव कार्य अमावस्या शक्ति (सतीपूजा) लोहार्गल यात्रा, 13 को चन्द्र दर्शन वराहजयन्ती, बाबा रामदेव दूज, 14 को हरितालिका व्रत एवं श्री गणेश चतुर्थी (इस दिन चन्द्र दर्शन न करें, अन्यथा झूठा कलंक लगेगा), 15 को ऋषि पंचमी, 17 को सूर्य षष्ठी, मुक्ता भरण व्रत, विश्वकर्मा पूजा, 19 को दधिची जयन्ती, श्री राधा अष्टमी, 20 को अदुःख नवमी श्री चन्द्र नवमी रहेगी। 21 को दशावतार व्रत श्री रामदेवजी का मेला, तेजादशमी, 22 को जलझूलनी एकादशी, 23 को वामन जयंती मनाई जायेगी।

### मालव श्री अलंकरण समारोह एवं हिंदी महोत्सव मंदसौर में

**मंदसौर।** दशपुर साहित्य मंच एवं शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में 6 सितंबर को मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में षष्ठम मालव श्री अलंकरण समारोह एवं हिंदी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति अध्यक्ष मोहित गोस्वामी ने बताया कि च्योष्ठियाँ जीवंत रहें सदा के संकल्प के साथ आयोजित इस समारोह में देशभर के प्रतिष्ठित कवि और साहित्यकार भाग लेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के संस्थापक संगम त्रिपाठी, राष्ट्रीय कवि रामवल्लभ गुप्त इन्दौरी, प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे, वरिष्ठ कवि डॉ. राजेश रावल, डॉ. घनश्याम बटवाल तथा प्रेस क्लब संरक्षक ब्रजेश जोशी मंचासीन रहेंगे। दिनभर चलने वाले इस साहित्यिक महायज्ञ में आमंत्रित कवियों द्वारा केवल मौलिक रचनाओं का पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी सहभागी साहित्यकारों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर अलंकृत किया जाएगा।

### मंदसौर में भाजपा का संगठनात्मक मंथन कल

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार 7 सितंबर को प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय स्थित पदमावती परिणय रिसॉर्ट में भाजपा की महत्वपूर्ण जिला बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित करेंगे। इस भव्य आयोजन में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, सांसद सुधीर गुप्ता, जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा सहित क्षेत्र के वर्तमान व पूर्व विधायक और वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक अभियानों, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा विभिन्न सेवा गतिविधियों की गहन समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी कार्य योजनाओं को लेकर पदाधि कारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# आदतन अपराधियों पर रतलाम पुलिस का बड़ा प्रहार, 28 की जमानत निरस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

पुलिस द्वारा आदतन और सक्रिय अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जमानत पर बाहर आकर पुनः आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने वाले अपराधियों के खिलाफ ठोस पैरवी करते हुए न्यायालय से अब तक कुल 28 आदतन अपराधियों की जमानत निरस्त कराई जा चुकी है।

पुलिस द्वारा प्रस्तुत किए गए ठोस तथ्यों एवं आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर माननीय उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ एवं जिला व सत्र न्यायालय रतलाम ने ये आदेश जारी किए हैं। वर्ष 2026 में रतलाम पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए अकेले इस साल रिकॉर्ड 23 अपराधियों की जमानत निरस्त करवाई है। इनमें से 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि बाकी बचे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इसके अलावा, 12 अन्य आदतन अपराधियों की जमानत निरस्ती के प्रतिवेदन फिलहाल अदालत में विचाराधीन हैं, जिनमें पुलिस प्रभावी पैरवी कर रही है।

**थाना-वार प्रमुख सफलताएं**

जिले में सफलता पाने वाले थानों में थाना माणकचौक 5, थाना जावरा शहर 4, थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम 3, थाना दीनदयाल नगर रतलाम 3, थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा 3, (सीएसपी जावरा के 1 अन्य प्रकरण सहित कुल 4), थाना कालूखेड़ा 3,थाना आलोट 2, थाना बिलपांक 2, थाना शिवगढ़ 1, थाना रिंगनोद 1 शामिल है।

बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मी होंगे पुरस्कृत

आदतन अपराधियों के विरुद्ध इस सख्त और प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले थाना प्रभारियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

**अपराधियों को एसपी की सख्त चेतावनी**

एसपी अमित कुमार ने स्पष्ट किया है कि रतलाम पुलिस केवल अपराध दर्ज करने तक सीमित नहीं रहेगी। जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने और समाज में भय फैलाने वाले अपराधियों का पूरा रिकॉर्ड खंगालकर अदालत में प्रभावी पैरवी जारी रहेगी। रतलाम पुलिस का साफ संदेश है–कानून का लाभ उठाकर बार-बार अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



# श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूल प्राचार्य व शिक्षक विधायक द्वारा सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर मे शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर पालक महासंघ जिला इकाई, नीमच द्वारा कक्षा 12वीं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले 11 प्राचार्यों के सम्मान समारोह में सहभागिता कर प्रतिभावान शिक्षकों का सम्मान किया गया हे। स्कूल परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले सेवा व समर्पित भाव से शिक्षण कार्य करने वाले वरिष्ठ शिक्षकों प्राचार्य गण को सम्मानित किया गया जिसमें श्रीमती सविता चौधरी, मुकेश जैन जावी, किशोर सिंह जैन, गोपाल सिंह चौहान विद्यालय जीरन, सचिन जायसवाल, मनोज कीमती,राजेंद्र शर्मा सिंगोली, नेमीचंद धाकड़, पंकज शर्मा दामोदरपुरा, बल बसेरा सांदिपनि मनसा, श्रीमती अलका पुरोहित महागढ़, आदि शिक्षकों एवं को सम्मानित करने के साथ प्राचार्यों की मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों का सम्मान निश्चित रूप से समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायी प्रयास है इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

# शतरंज में निधीश ने उज्जैन डिविजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**मंदसौर।** उज्जैन के महाराजावाड़ा स्कूल में आयोजित उज्जैन



डिविजन अंडर-14 बालक एसजीएफआई चेस प्रतियोगिता में मंदसौर के 13 वर्षीय होनहार खिलाड़ी निधीश मित्तल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस बेहतरीन सफलता के बल पर निधीश का चयन आगामी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। निधीश आगामी 26 से 30 सितंबर तक सीहोर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। सेंट थॉमस स्कूल के कक्षा 8वीं के छात्र निधीश, मंदसौर के व्यवसायी हर्ष मित्तल एवं शिल्पा मित्तल के सुपुत्र हैं।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा प्रतिवर्ष विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस श्री कृष्ण जन्माष्टमी भव्य स्तर पर मनाई जाती है इस दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में यह आयोजन नीमच जिला मुख्यालय नीमच प्रखंड में भी आयोजित किया गया, जिसमें आयोजन का प्रबंधन नीमच प्रखंड द्वारा किया गया।

आयोजन की शुरुआत स्थानीय भारत माता चौराहे पर हुई जहां बड़ी संख्या में हिंदू समाज जन श्री कृष्ण भक्त गण मौजूद रहे। लगभग 8 बजे आयोजन की शुरूआत हुई। प्रथम दिन के प्रयास में चौथखेड़ा के श्री देव गुर्जर मित्र मंडल और नीमच की यदुवीर सेना ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निवेदन किया।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने दोनों टीमों के बीच टॉस किया जिसमें यदुवीर सेना को प्रथम प्रयास मिला। यदुवीर सेना ने प्रथम प्रयास में ही लगभग 9.40 पर मटकी को फोड़ दिया। मौके पर मौजूद सभी गोपालों ने जमकर भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाते हुए श्री कृष्ण जन्माष्टमी जन्मोत्सव मनाया। विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्राथमिक तौर पर 11 हजार की इनाम राशि रखी गई थी जो कुछ ही समय पर मौके पर मौजूद श्री कृष्ण भक्तों ने बोली लगाते हुए 16400 कर दी। इस प्रकार विजेता टीम को 16400 की राशि प्रदान की गई। सभी ने विश्व हिंदू परिषद के सफल और आयोजन और प्रबंधन की तारीफ की। विश्व हिंदू परिषद की ओर से इस आयोजन में विभाग स्तर से लक्ष्मण राठौर, जिला स्तर से विजेश वाल्मीकि, दिनेश शर्मा, सूरज ग्वाला, कपिल बैरागी और राम अवतार शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष बंटी अग्रवाल, उपस्थित थे।

# आराधना भवन जैन मंदिर में धूमधाम से मनेगा पर्युषण महापर्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

नई आबादी स्थित श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर (आराधना भवन) में 8 से 15 सितंबर तक पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। जैन श्रीसंघ अध्यक्ष दिलीप रांका और ट्रस्ट अध्यक्ष महेश जैन तहलका ने बताया कि चातुर्मास हेतु विराजित आचार्य श्री हेमचंद्रसूरिश्वरजी म. सा. के शिष्य श्री विरल विजयजी म. सा. एवं साध्वी श्री शीलरेखा श्रीजी म. सा. की पावन निश्रा में प्रतिदिन प्रातः 9 से 10.30 बजे तक विशिष्ट प्रवचन आयोजित होंगे। महापर्व के चतुर्थ दिवस 11 सितंबर को कल्पसूत्र शास्त्र का वाचन प्रारंभ होगा। 12 सितंबर को प्रभु महावीर का जन्मवाचन महोत्सव मनाया जाएगा, जिसके पश्चात पारणाजी का भव्य जुलूस निकाला जाएगा। 15 सितंबर को संवत्सरी महापर्व मनाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु उपवास रखकर साधना करेंगे। 16 सितंबर को तपस्वियों का पारणा संपन्न होगा। पर्व के दौरान प्रतिदिन शाम 7 बजे प्रतिक्रमण, रात्रि 8 से 10 बजे तक प्रभु भक्ति तथा परमात्मा की भव्य आंगी सजाई जाएगी।

# भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**रतलाम ।** आबकारी विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध दबिश एवं तलाशी अभियान चला भारी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की गई। विभाग ने अवैध मदिरा का विक्रय करने के मामले में 4 आपराधिक प्रकरण भी दर्ज किये है। कलेक्टर अजय कटेसरिया के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध रतलाम शहर, शिवनगर, शिवगढ़ तथा ग्रामीण क्षेत्र रावटी आदि क्षेत्रो में अनेक स्थानों पर दबिश दी गई और इस दौरान 65 पाव देशी मदिरा प्लेन, 12 केन मॉउंट बीयर, 11 केन बोल्ट बीयर तथा 20 पाव बैगपाइपर जप्त की गई।

# शकर,तेल,दालों की तरह अब प्याज भी गरीबों की थाली से गायब-कांग्रेस

**पिपलिया मंडी।** किसान कड़ी मेहनत कर जब मंडियों में प्याज बेचने जाता



है तो उसे प्याज के सो से डेढ़ सौ रुपये क्विंटल के भाव से पैसे मिलते है। लेकिन जब बड़े बड़े व्यापारी कम भाव मे प्याज खरीदकर कोल्डस्टोरेज में जमा कर बेचते है तो प्याज 5 से 6 हजार रुपये क्विंटल बिकता है शनिवार को कृषि उपजमंडी में किसानों के साथ कांग्रेसजनों ने अनूठा प्रदर्शन किया इस मौके पर जिला कांग्रेस के महामंत्री अनिल शर्मा ने कहते हुवे बताया कि भाजपा सरकार की गलत व किसान विरोधी नीतियों व बिचौलियों के साथ ही मुनाफाखोरी को बढ़ावा देने के कारण आज किसान व आमजन काफी परेशान है गरीबो की थाली शकर,तेल,दालो की तरह अब प्याज भी गायब होता दिखाई देरहा है शर्मा ने कहा की भाजपा की मोदी सरकार में किसानों की आज किसी भी उपज के वाजिब दाम नही मिल रहे है जबकि महंगाई आसमान छू रही है ऐसे में किसानों गरीबो के साथ ही सर्वहारा लोगो के लिए जीवन यापन करना काफी कठिन होरहा है।

# महावीर इंटरनेशनल शाखा पिपलिया मंडी द्वारा वरिष्ठजन सम्मान समारोह सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

महावीर इंटरनेशनल शाखा पिपलिया मंडी, मंदसौर के लिए गौरव और हर्ष का अवसर रहा, जब संस्था के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. श्री प्रकाशचंद जैन का तारा संस्थान, उदयपुर के सहयोग से आयोजित विशेष समारोह में भव्य एवं आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया, जिससे पूरा समारोह सेवा, संस्कार, सम्मान और सामाजिक सरोकारों की भावना से ओतप्रोत रहा।

समारोह में महावीर इंटरनेशनल अपेक्स से जुड़े



पदाधिकारी, संस्था के सदस्य, समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. प्रकाशचंद जैन का साफा पहनाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं सम्मान-पत्रिका भेंट कर अभिनंदन किया गया। उपस्थित जनों ने उन्हें महावीर इंटर नेशनल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में पिपलिया मंडी शाखा सेवा गतिविधियों को और अधिक विस्तार देगी। समारोह के दौरान तारा संस्थानउदयपुर की ओर से डॉ. प्रकाशचंद जैन को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। संस्था की ओर से उनके सामाजिक एवं सेवा कार्यों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में इस बात पर भी जोर दिया गया कि समाज में सेवा कार्यों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करना बेहद आवश्यक है। वरिष्ठजनों के अनुभव और मार्गदर्शन को समाज की अमूल्य पूंजी बताते हुए उनके सम्मान को सामाजिक जिम्मेदारी बताया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वरिष्ठजन सम्मान समारोह रहा। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानपूर्वक मंच पर आमंत्रित कर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान वरिष्ठजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा गया कि उन्होंने अपने जीवन के लंबे अनुभव से समाज और नई पीढ़ी को दिशा देने का कार्य किया है।

आयोजकों ने कहा कि वरिष्ठजन केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की धरोहर हैं। उनके जीवन अनुभव, संस्कार, संघर्ष और मार्गदर्शन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इसलिए वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समाज के प्रत्येक वर्ग का दायित्व है। महावीर इंटरनेशनल लंबे समय से सेवा और मानवीय मूल्यों को केंद्र में रखकर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से जुड़ा रहा है।

## न्यूज कालम



### सामाजिक समरसता की मिसाल बनी भारत विकास परिषद

**जावरा ।** हमारा देश जात पात और समाज में भेद न हो इसके लिए कई अतुलनीय उदाहरण देने में कभी पीछे नही रहता। भारत विकास परिषद अध्यक्ष शेखर नाहर ने सभी नगर वासियो और संस्था सदस्यो को शिक्षक दिवस एवं जन्माष्टमी महापर्व की बधाई देते हुए कहा कि हम सदैव यह प्रयास करते हैं कि सामाजिक सदभाव में समरसता बनी रहे। इसी का उदाहरण आयोजित तुलसी पौधा वितरण में देखने को मिला। जिससे समाज को एक सकारात्मक संदेश हमेशा मिलता रहता है। कार्यक्रम में बाबूलाल खेमसरा, डॉक्टर जी एल पटेल, महेंद्र सिंह बामन खेड़ी, सत्येंद्र जोशी ,राजेश शर्मा ,प्रकाश कोठारी ,सुनील कोठारी ,सहित अन्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। भारत विकास परिषद की महिला प्रमुख रितु सिसोदिया संस्था सदस्या मोनिका जोशी, श्वेता अरोड़ा, चित्रा अरोडा ने मां तुलसी पत्र का पौधा सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में एक मुस्लिम मातृशक्ति को भेंट करने पर स्वयं संस्था व संस्था की समस्त मातृशक्ति स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है। संस्था सचिव गोपाल सेठिया व कोषाध्यक्ष निलेश जोशी ने बताया कि जल्द ही स्वास्थ्य प्रकल्प के अंतर्गत कई विद्यालयों में एनीमिया जांच के रूप में संस्था द्वारा कैम्प लगाए जाने वाले हैं। और हम इसमे भी सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए प्रयास करेंगे की अधिक से अधिक आमजन इस कैम्प का लाभ ले सके।

### गाड़ी अड्डा पिपलिया मंडी में भव्य मटकी फोड़ कार्यक्रम संपन्न



**पिपलिया मंडी।** बोल बम सेवा समिति द्वारा स्थानीय पुराना गाड़ी अड्डा वरिष्ठ व्यापारी श्री रुपचंद होतवानी, भाजपा वरिष्ठ नेता ठा तेजपाल सिंह शक्तावत, मंदसौर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल मालवीय वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल नागर, प्रेस क्लब अध्यक्ष पंडित जगदीश व्यास, नगर परिषद उपाध्यक्ष ठा भारतसिंह सोनगरा तथा अखिल भारतीय परवाल युवा संगठन के अध्यक्ष गोविंद पोरवाल के आतिथ्य में भव्य मटकी फोड़ आयोजन संपन्न हुआ। प्रथम पुरस्कार छोटे राजा बाबू श्री विष्णु अग्रवाल की ओर से रेंजर साइकिल, श्री शांतिलाल जी मालवीय के सौजन्य से द्वितीय पुरस्कार मोबाइल तथा ढाबला वाले मुकेश जी पोरवाल के सौजन्य से तृतीय २० लीटर पानी की टंकी। प्रथम पुरस्कार झूलेलाल मंदिर पुजारी विजय शर्मा के पुत्र निकुंज शर्मा, द्वितीय केशव गुर्जर तथा तृतीय वदित अबानी को उपरोक्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा पुष्पमाला से स्वागत करते हुए प्रदान किए गए।संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन उक्त सेवा समिति प्रमुख किशोर रोशनी ने किया। सुरेश माली ने आभार माना।

### नगर में कान्हा के जन्म की धूम रही, जगन्नाथ जी का स्वरूप रहा आकर्षण



**जावरा ।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व नगर में अपार श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में मंगल आरती और महा अभिषेक महा आरती के साथ दर्शन का सिलसिला प्रारंभ हुआ। वह देर रात कन्हैया का जन्मोत्सव तक अनवरत जारी रहा ।नगर के सबसे पुराने बड़ा रामानुज कोट दरबार मंदिर पुल बाजार पर इस पावन अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश जाजोदिया द्वारा मंदिर को श्री जगन्नाथ जी की मूर्ति का स्वरूप देकर आकर्षण का केंद्र बना दिया। जिसे प्रत्येक दर्शनार्थियों ने सहराया तथा दर्शन लाभ लिए। देर रात्रि में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। श्री राधेश्याम मंदिर लाला गली पर भी संगीत मय सुंदर कांड एवं भजन कीर्तन श्री पंचमुखी पारायण मंडल द्वारा किया गया ।रात्रि में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया । श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर जगह-जगह दहीहंडी फोड का आयोजन भी हुआ। गोवर्धन नाथ मंदिर चौराहा, सोमवारिया बाजार ,पिपली बाजार ,जवाहर पथ, आदि स्थानों पर ग्वालो की टोली ने दही हांडी फोड़ी।

### लायन्स क्लब ने 30 सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान



**मंदसौर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लायन्स क्लब मंदसौर द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में तहसील के ३० सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, दुपट्टा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के असली निर्माता हैं, जो विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और चरित्र का निर्माण करते हैं। विशेष अतिथि सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज ने भी गुरुओं के अमूल्य योगदान को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वागत भाषण क्लब अध्यक्ष डॉ. के.सी. श्रीमाल ने दिया। इस अवसर पर मयूर सुराना, आशीषसिंह मंडलोई, पंकज पोरवाल सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र पुराणिक ने किया तथा आभार सचिव मयूर सुराना ने माना।

## शा.आई.टी.आई. में च्वाईस फिलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**तराना।** शासकीय आईटीआई तराना में सत्र 2026-27 के लिए कम्प्यूटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), फीटर एवं स्टेनोग्राफर सेक्रेट्रियल असिसटेंट हिंदी (स्टेनो हिंदी) व्यवसायों में प्रवेश के लिए रिक्तो सीटों के लिए पहले आओ पहले पाओ राउण्ड की ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया शुरु हो गई है। संस्था प्राचार्य ओमप्रकाश सोलंकी ने बताया नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग एवं साथ ही प्रवेश की भी प्रक्रिया 07 सितम्बर 2026 तक चलेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने नजदीकी आईटीआई तराना में आकर 07 सितम्बर 2026 तक प्रवेश ले सकते हैं।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह का किया स्वागत

**ब्यावरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ब्यावरा में यादव समाज द्वारा भव्य एवं विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया। चल समारोह के दौरान राज्यमंत्री पंवार ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं एवं समाजजनों का आत्मीय स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पंवार ने भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष के बीच उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की मंगलमय कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य, प्रेम, कर्तव्य और लोककल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

## जिन गड्डों को विभाग नहीं भर पाया, उन्हें बच्चों ने पत्थर-मलबे से पाट दिया

**सारंगपुर।** तारागंज-इकलेरा-बाबडल्या सडक पर बारिश के बाद बने गहरे गड्ढे स्कूली बच्चों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन गए। सडक की बदहाली देखकर बाबडल्या गांव के स्कूली बच्चों ने जिम्मेदारी उठाई और खुद ही गड्ढे भरने में जुट गए। बच्चों ने सडक किनारे पडे पत्थर और मलबा एकत्रित कर गड्ढों में डाला और रास्ते को अस्थायी रूप से चलने लायक बनाया। ग्रामीणों के मुताबिक बारिश के दौरान गड्ढों में पानी व कीचड भर जाने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी होती थी। कई बार गिरकर चोट लगने का डर भी बना रहता था। विभागीय स्तर पर समय पर मरम्मत नहीं होने से बच्चों ने खुद पहल की। अभिषेक परमार, राम राजपूत, यशराज परमार, कृष्णा परमार, घनश्याम और पुष्पद ने फावडा-तगाडी लेकर सडक के गड्ढे भरे।

## व्यक्तित्व और गुणों से होती है व्यक्ति की पहचान: मुनि प्रवर

**सारंगपुर।** चातुर्मास के दौरान प्रवचन में मुनि प्रवर सागर महाराज ने कहा कि जहां विवाद होता है, वहां शांति नहीं रह सकती। जीवन में आपसी प्रेम, सद्भाव और संयम को महत्व देना चाहिए। विवाद किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि नई समस्याओं को जन्म देता है। इसलिए परिस्थितियां कैसी भी हों, धैर्य रखते हुए शांतिपूर्ण समाधान का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की पहचान धन, पद या बाहरी दिखावे से नहीं, बल्कि उसके व्यक्तित्व और गुणों से होती है। अच्छे संस्कार, मधुर व्यवहार, विनम्रता और दूसरों के प्रति सम्मान ही मनुष्य की वास्तविक पहचान हैं। धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। धर्म व्यक्ति को संयम, करुणा, सत्य, अहिंसा और सद्भाव का मार्ग दिखाता है। मुनिश्री ने कहा कि धर्म के मर्म को समझकर उसे आचरण में उतारने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**सारंगपुर।** नेशनल हाईवे पर ग्राम चतरूखेडी के पास मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कालूखेडा निवासी रामगोपाल पिता मांगीलाल बाइक से जा रहे थे। चतरूखेड़ी के समीप उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रामगोपाल गंभीर रूप से घायल होकर सडक पर गिर गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बारिश से सारंगपुर-कुरावर-भोपाल सडक मार्ग घंटों रहा बंद

# सामान्य कोटे से सिर्फ 88 मिमी दूर, 24 घंटे में दर्ज हुई 80 मिमी बारिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से मानसून पूरी तरह से मेहरबान नजर आ रहा है। कभी मूसलाधार तो कभी रुक-रुक कर हो रही रिमझिम बारिश ने पूरे इलाके को तरबतर कर दिया है। पिछले 24 घंटों के भीतर सारंगपुर तहसील में 80 मिमी यानि 3.14 इंच बारिश दर्ज की गई है। लगातार हो रही इस बारिश से जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है, वहीं दिन और रात के तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम में आई इस ठंडक से जनजीवन सुहाना हो गया है।

मानसून सत्र के शुरूआती तीन महीने बीत जाने के बाद भी सारंगपुर में बारिश का कुल आंकडा सामान्य औसत से पीछे चल रहा था। हालांकि, सितंबर के शुरूआती दिनों में शुरू हुए इस नए दौर ने जल संसाधन विभाग और किसानों की चिंता काफी हद तक कम कर दी है। तहसील सारंगपुर द्वारा जारी 5 सितंबर की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार 1 जून से 5 सितंबर तक क्षेत्र में कुल 952 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। सारंगपुर तहसील की सामान्य औसत वर्षा 1040 मिमी मानी जाती है। इस लिहाज से देखें तो अब मानसून का कोटा पूरा होने में महज 88 मिमी बारिश की दरकार है। मौसम विशेषज्ञों और स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि सितंबर के वर्तमान स्पैल में ही यह कमी पूरी हो जाएगी और क्षेत्र औसत बारिश के आंकडे को पार कर लेगा।

लाटाहेड़ी के पास बनी पुल पर बाढ का पानी होने के चलते सारंगपुर-कुरावर-भोपाल मुख्य सडक मार्ग शुक्रवार रात 9:00 बजे से शनिवार सुबह 10 बजे पूरी तरह बंद है। सडक मार्ग पर पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है, जिससे भोपाल की ओर जाने और वहां से आने वाले वाहनों पहिए थम गए हैं। मार्ग बंद होने के कारण सडक के दोनों ओर बस, ट्रक और निजी चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। रात से ही मार्ग बंद होने के कारण यात्री बसों और छोटे वाहनों में सवार लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।


### फसलों को मिला नया जीवन, जल स्त्रोतों में आवक जारी

लगातार तीन दिनों की बारिश से खेतों में खडी सोयाबीन, मक्का और अन्य खरीफ फसलों को संजीवनी मिली है। जो फसलें पानी के अभाव में मुरझा रही थीं, वे अब लहलहाने लगी हैं। किसानों का कहना है कि यह बारिश फसलों के दाने भरने के समय के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी। इसके साथ ही क्षेत्र के नदी-नाले एक बार फिर उफान पर आ गए हैं।

पुलिस को मिली बड़ी सफलता : 2.40 लाख रुपये बरामद

# करेंसी एक्सचेंज के नाम पर पांच लाख की ठगी करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



करेंसी एक्सचेंज के नाम पर 5 लाख रुपये की धोखाधडी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने 3 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 2 लाख 40 हजार रुपये की नकदी बरामद की है।

सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर यह कार्रवाई की गई है।

एसडीओपी अरविंद सिंह के अनुसार फरियादी अली असगर सैफी निवासी सारंगपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 अगस्त को पचोर मंडी में एक महिला और दो पुरुषों ने करेंसी एक्सचेंज के नाम पर उनके साथ 5 लाख रुपये की ठगी की थी। फरियादी की रिपोर्ट पर पचोर थाने में अपराध क्रमांक 405/26 धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।

गिरफ्तार आरोपितों में दुखवा पिता बदुवा रविदास (उम्र 30 वर्ष), निवासी सरेंडा फुलवारी, जिला कटिहार (बिहार) रोबिन अब्दुल पिता अब्दुल रफ (उम्र 36 वर्ष), निवासी कबीरबस्ती, मलकागंज, दिल्ली फहिमा पति मिराज शेख (उम्र 34 वर्ष), निवासी अली गांव, बदरपुर, दिल्ली शामिल है। एसडीओपी ने बताया कि पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 2 लाख 40000 रुपये की नकदी बरामद कर ली है। एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपितों से धोखाधडी की शेष राशि व अन्य घटनाओं के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है। इस सफलता मेंथाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया, उप निरीक्षक जगदीश गोयल, अशोक कुमार भगत, प्रधान आरक्षक लकी घोषी, आरक्षक चेतन दुबे, मनीष, माया राजपूत, अतुल मौर्य और अर्जुनसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सीसीटीवी व मुखबिर से मिले सुराग

एसडीओपी सिंह ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके आधार पर पुलिस ने 3 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिन्होंने ठगी की वारदात कबूल कर ली।

सुसनेर नगर परिषद उपचुनाव में चुनावी वैराग्य

# उम्मीदवारों में उदासी,मतदाताओं में बेरुखी, नहीं दिख रहा चुनावी उत्साह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद सुसनेर के अध्यक्ष पद के लिए होने वालें चुनाव को लेकर इस बार जमीन पर माहौल पूरी तरह ठंडा नजर आ रहा है। चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद जहां आमतौर पर कस्बों और गलियों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो जाती हैं, वहीं सुसनेर में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। इस उप चुनाव को लेकर ना तो उम्मीदवारों के खेमे में कोई खास जोश दिखाई दे रहा है और ना ही आम मतदाताओं के बीच कोई सुगबुगाहट है। मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद प्रशासन मुस्तैद है, पर जमीन पर चुनावी वैराग्य पसरा हुआ है। न तो उम्मीदवारों में चुनावी रण जीतने की वो छटपटाहट दिख रही है, और न ही मतदाता अपनी सरकार चुनने के लिए उत्साहित हैं। इसके पीछे यह भी वजह कि नवागत अध्यक्ष का कार्यकाल 12 अगस्त 2027 तक होने के साथ ही नगर परिषद के इस कार्यकाल के दौरान विकास की बात होने के बजाय न.प. में भष्ट्राचार के बडे-बडे मामलें सामने आना है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार के चुनावी वादों और आधे-अधूरे विकास कार्यों से वे थक चुके हैं।

### प्रशासनिक तैयारियां जारी, माहौल शांत

एक तरफ जहां राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शों पर स्थानीय प्रशासन मतदान की औपचारिक तैयारियां पूरी करने में जुटा है, वहीं दूसरी तरफ शहर का शांत माहौल यह बयां कर रहा है कि लोगों के लिए यह चुनाव महज एक सरकारी प्रक्रिया से ज्यादा कुछ नहीं है। अब देखना यह होगा कि मतदान के दिन तक राजनैतिक दल मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने में कामयाब हो पाते हैं या फिर यह उदासीनता नतीजों पर भी हावी रहेगी। मतदाताओं की यह खामोशी 29 सितंबर को होने वाले मतदान प्रतिशत पर भारी पड़ सकती है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरु होने के बाद राजनैतिक दल इन 13,843 मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिए कितना पसीना बहा पाते हैं।

## घर-घर सजे नन्हे कान्हा-राधा, जन्माष्टमी पर दिखी भक्ति के साथ संस्कारों की झलक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शुक्रवार को नगर में बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर के घरों में जन्माष्टमी को लेकर उत्साह का माहौल रहा। पर्व की सबसे खास झलक उस समय देखने को मिली, जब घर-घर नन्हे-मुन्ने बच्चे भगवान श्रीकृष्ण और राधा के मनमोहक स्वरूप में नजर आए। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा ने हर किसी का मन मोह लिया। जन्माष्टमी के अवसर पर माता-पिता ने अपने छोटे-छोटे बच्चों को बड़े ही उत्साह के साथ राधा-कृष्ण की वेशभूषा में तैयार किया। किसी नन्हे कान्हा के सिर पर मोरपंख से सजा मुकुट था तो किसी के हाथ में बांसुरी दिखाई दी। वहीं नन्ही राधाओं को सुंदर परिधान, आभूषण और पारंपरिक श्रृंगार से सजाया गया। बाल स्वरूप में सजे इन बच्चों की मासूम मुस्कान और आकर्षक अंदाज देखते ही बन रहा था। नगर में कृतिका चौहान, दिव्यांश, वैदिक चौहान, लविशा सोनी, युवान परमार, शिवाय और कोमल सहित अनेक बच्चों ने राधा-कृष्ण का स्वरूप धारण किया। इन बच्चों की उम्र करीब 0 से 10 वर्ष तक रही।

## जन्माष्टमी पर धूमधाम से निकली भव्य शोभायात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर यादव उत्थान समिति मालवांचल बड़नगर के तत्वाधान में धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई वहीं उज्जैन धर्मशाला में दान देने वाले विभन्न दानदाओं का मंच के माध्यम से साफा बांधकर स्वागत किया गया ।

तत्पश्चात निकली शोभायात्रा स्थानीय शांति वाटिका से प्रारंभ हुई जिसमें अश्व पर सवार युवा धर्म ध्वजा फहराते हुए आगे बढ़ रहे थे वहीं कृष्ण भक्त डीजे व ढोल की धून पर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए थिरक रहे थे। शोभायात्रा में भव्य झांकी का निर्माण किया गया था जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक प्रतिमा विराजमान थी। शोभायात्रा का नगर में अनेक स्थानों पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा पुष्प पंखुड़िया उड़ाकर भव्य स्वागत किया गया । यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री देवनारायण मंदिर पहुंची जहां पर महाआरती के पश्चात यात्रा पुनः शांति वाटिका में संपन्न हुई ।



शोभा यात्रा का विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया शोभायात्रा में पूर्व विधायक शांतिलाल बधाई, विरेन्द्र सिंह सिसोदिया,मुरली मोरवाल, विजय यादव (गीतांश), जिला पंचायत अध्यक्ष अंतर सिंह देवड़ा, कृष्णचन्द्र यादव, साध्वी भवानी गिरी, संजय शर्मा, यादवोत्थान समिति अध्यक्ष मथुरालाल, महासभा प्रदेश अध्यक्ष एड.मथुरालाल यादव, महिला अध्यक्ष सरिता यादव सहित बड़ी संख्या में धमार्लुजन व माता बहनें उपस्थित थे ।

# शिशु मंदिर में मनाया जन्माष्टमी का पर्व, गांव में निकला जुलूस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड





सरस्वती शिशु मंदिर सगवाली में जन्मा ष्टमी का पर्व उल्लास, और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर सहित पूरे गांव में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिला।

शिशु मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुआ विद्यालय के स्कूली बच्चों ने श्री कृष्ण एवं राधा के रूप सजकर कार्यक्रम में शामिल हुए । नन्हे भैया-बहिनों की मन मोहक वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर श्री कृष्ण के जयकारों एवं भक्ति गीतों से गूंज उठा। गांव में झांकियां निकाली गई। जुलूस में भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाते हुए स्कूली बच्चों वातावरण को भक्ति मय बना दिया। विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने श्री कृष्ण के जीवन एवं बाल लीलाओं पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। गीत, भजन एवं धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण के आदर्श जीवन, प्रेम, करुणा, धर्म एवं संस्कारों का संदेश दिया गया।

प्रधानाचार्य दिनेश परिहार ने बच्चों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महत्व से अवगत कराया एवं भगवान श्री कृष्ण के जीवन से धर्म, सत्य, कर्तव्य, प्रेम और संस्कार की प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उपस्थित अभिभावक गण एवं ग्रामीणजनों ने भैया-बहिनों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की संयोजक भूपेंद्र सिंह राठौर, घनश्याम सिंह राठौर, शंकर सिंह राठौर, मनोहर सिंह राठौर, घनश्याम पांचाल आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन भगवान श्री कृष्ण की आरती के साथ किया गया। जानकारी मिडिया प्रभारी कमल कलेरिया ने दी

### बड़ौद

स्थानीय सरस्वती विद्या मन्दिर उ.मा.वि. बड़ौद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। जिसमें लगभग 200 छोटे-छोटे भैंया/बहिन श्रीकृष्ण , राधा व बलराम बनकर विद्यालय आए , सर्वप्रथम विद्यालय में विभाग अनुसार मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमे प्राथमिक विभाग से लेकर उ.मा.वि. के भैया/बहिनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण का पूजन एवं दीप प्रज्वलीत कर किया गया। कार्यक्रम के अतिथि भगवतस्वरुप श्रीवास्तव (वरिष्ठ सदस्य हंसवाहिनी शिक्षा समिति बड़ौद), मोहन लववंशी समिति सदस्य, अभिभावक धिरपसिंह, मनोज जैन , शुभम सोनी, श्रीमती अमिशा सोनी एवं संस्था प्राचार्य नारायणसिंह मल्डावदिया रहे। अतिथि परिचय वरिष्ठ आचार्य मुकेशराव धुले ने कराया। अतिथि स्वागत दिनेश भावसार एवं विनय जायसवाल ने किया । पश्चात राधा-कृष्ण बने भैया/बहिनों ने सुंदर-सुदर भजनो पर मनमोहक प्रस्तुती दी। जिसे देखकर अभिभावक एवं उपस्थित जन मंत्रमुग्ध हो गए।

इस अवसर पर गणमान्य नागरिक, अभिभावक, पूर्व छात्र , पत्रकार बंधु एवं समस्त आचार्य/दीदी परिवार उपस्थित रहे । कार्यक्रम का समापन महाप्रसादी का वितरण कर किया गया। संचालन आचार्य ईश्वर शर्मा ने किया एवं आभार वरिष्ठ आचार्य मुकेश राव धुले ने माना । उक्त जानकारी कार्यालय आचार्य विनय जायसवाल ने दी।



## अखिल भारतीय धाकड़ युवा संघ द्वारा बलराम जन्मोत्सव पर भव्य चल समारोह निकाला

**खाचरोद।** नगर में सकल धाकड़ समाज के आराध्य देव बलराम जी के जन्मोत्सव पर अखिल भारतीय धाकड़ युवा संघ के तत्वाधान में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह धाकड़ धर्मशाला से प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुआ। ट्रैक्टर पर ध्वज, डीजे, ढोल ताशे सर्वप्रथम भव्य कलश यात्रा महिलाएं अधिक संख्या में उपस्थित रही, साथ ही श्री खाकचौक व्यायामशाला, श्री मठ व्यायामशाला के उस्ताद के साथ पहलवानों की टीम साज बाज के साथ निकली, धाकड़ समाज द्वारा एक से बढ़कर आकर्षक झाकियां की झलकियां बनाई गई जिसमें किसान खाद के लिए परेशान ,जगन्नाथ रथ, सुदामा कृष्ण मिलन, बलरामजी का हल, श्री राम दरबार आदि के साथ हनुमानजी, गोरिला के पात्र, श्री कृष्ण राधा आकर्षण का केंद्र रहे। चल समारोह में धाकड़ समाज के आराध्य देव श्री बलराम जी की प्रतिमा विराजित होकर निकली। चल समारोह धाकड़ धर्मशाला से केलुवाड, शुक्रवारिया बाजार, चबूतरा मार्ग, जवाहर मार्ग, अनंतनारायण चौराहा, गणेश देवली, लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन दरवाजा, विक्रम मार्ग, सागरमलमार्ग, रामोला मार्ग, शीतलामाता मार्ग, शिवाजी मार्ग होते हुवे कस्बा धाकड़ धर्मशाला पहुंची। चल समारोह का सभी मार्गो में सामाजिक, राजनीतिक, संस्थाओं द्वारा पुश वर्षा कर स्वागत किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय बड़ौद में रक्षाबंधन महोत्सव मनाया



**बडौद।** शासकीय महाविद्यालय बड़ौद में रक्षाबंधन महोत्सव मनाया गया। व्याख्यान एवं विस्तृत जानकारी के माध्यम से विद्यार्थियों को इस दिवस को उत्साह पूर्वक मनाये जाने के पीछे कई रोचक तथ्यों से अवगत कराया गया महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वंदना शर्मा के नेतृत्व में वृक्ष को राखी बांध कर वृक्ष लगाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्ति ग्वाला,दुर्गाप्रसाद गरजे, रुचि सोनी, अंजली अंबिया आदि उपस्थित थे ।

## आर्य समाज में श्री कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया



**बड़नगर।** स्थानीय आर्य समाज मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में पंडित नाथूलाल शर्मा ने श्रीमद् भागवतगीता के द्वितीय अध्याय के श्लोकों की व्याख्या की और भगवान श्री कृष्ण के आदर्श चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने श्री कृष्ण की सीख शीर्षक कविता का पाठ कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष यज्ञ का आयोजन भी किया गया, जिसके यजमान दीपक टेपन रहे। उन्होंने यज्ञ में विशेष आहुतियां समर्पित कर विश्व कल्याण की कामना की। इस धार्मिक आयोजन में माणकलाल राठौड़, बालकृष्ण पोरवाल, धर्मेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश राठौड़ और ओमप्रकाश बैरागी सहित अनेक श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## जेल में गूंजा गायत्री मंत्र, श्रीकृष्ण के आदर्शों से प्रेरणा लेकर लिया नशामुक्ति का संकल्प



**ब्यावरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा जिला जेल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बंदियों को परम पूज्य गुरुदेव के विचारों से जोड़ते हुए गायत्री मंत्र के महत्व एवं उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, कर्तव्य, संयम, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को अपने जीवन में अपनाया जा सकता है। वक्ताओं ने जीवन जीने की कला पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि परिस्थितियां कैसी भी हों, व्यक्ति अपने विचारों और संस्कारों में सकारात्मक परिवर्तन लाकर जीवन को नई दिशा दे सकता है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के डॉ. ओ.पी. पंवार, जिला समन्वयक, रमेश चंद्र गुप्ता, किशोर जनोरिया युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक, जितेंद्र गौड़ सहित जिला जेलर आलोक वाजपेयी, लखन सिंह शिक्षक एवं समस्त बंदी उपस्थित रहे।

## बारिश भी नहीं रोक सकी बच्चों का उत्साह, कृष्ण जन्माष्टमी पर निकला आकर्षक चल समारोह

**सुसनेर।** आदर्श विद्या मंदिर श्यामपुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। बारिश के बीच भी विद्यार्थियों का उत्साह कम नहीं हुआ। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा एवं विभिन्न धार्मिक पात्रों का मनमोहक स्वरूप धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक चल समारोह निकाला गया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूप ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।



"मुझे इस बात से कोई दिक्कत नहीं है कि मेरे नाम 1000 करोड़, 500 करोड़ वाली फिल्में नहीं हैं. 100 करोड़ वाली फिल्में भी देखा जाए तो मेरे करियर में बहुत ज्यादा नहीं हैं. पर मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है."

# टेंपररी इनाम नहीं क्वालिटी को तवज्जो



कई धांसू फिल्मों का हिस्सा रहीं तापसी का कहना है कि उन्होंने हमेशा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से ज्यादा फिल्मों की क्वालिटी को अहमियत दी है. उन्हें इस बात से कोई परेशानी नहीं है कि तगड़ी कमाई वाली फिल्में नहीं हैं, जिसे आजकल स्टारडम का पैमाना माना जाता है. फिल्मों के कलेक्शन के बजाय वह ऐसी फिल्मों पर ध्यान देना पसंद करती हैं जो सार्थक हों और लंबे समय तक याद रखी जाएं. एक्ट्रेस ने कहा, मैंने अपने करियर में कई ऐसी फिल्में देखी हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर नहीं चलती, लेकिन फिर 10 साल बाद उन्हें दशक की बेस्ट फिल्मों में गिना जाता है, उन्हें कल्ट का दर्जा मिल जाता है, उनकी सराहना होती है, रेफरेंस दिए जाते हैं। मैंने कुछ समय की वाहवाही से ज्यादा क्वालिटी फिल्मों की लिस्ट को अहमियत दी है। मैं अपनी लिस्ट में ऐसी ही फिल्में डालना चाहती हूं, जिन्हें 20 साल बाद देखने पर भी लगे कि हां, यह एक अच्छी फिल्म थी।

# साई-फाई 'सामुक' में रुक्मिणी फाइनल

अक्षय कुमार की साइंस-फिक्शन एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सामुक' का ऐलान कुछ दिनों पहले ही हुआ था। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित यह भारत की पहली एलियल थ्रिलर फिल्म होगी, जिसकी शूटिंग इस वक्त ब्रिटेन में चल रही है। इस फिल्म अक्षय के अपोजिट लीड रोल के लिए एक्ट्रेस की तलाश की जा रही थी, जो अब खत्म हो गई है। बंगाली सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री रुक्मिणी मैत्र इस फिल्म का हिस्सा बन सकती हैं। मेकर्स उनसे बातचीत कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रुक्मिणी यदि हां कर देती हैं, तो बंगाली फिल्मों से सफलता का स्वाद चखने के बाद एक्ट्रेस के लिए बॉलीवुड का दरवाजा भी खुल सकता है। एक्ट्रेस की हिंदी में यह पहली फिल्म होगी। फिल्म का निर्देशन कनिष्क वर्मा कर रहे हैं। फिल्म में हॉलीवुड का तड़का लगाने के लिए ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नामांकित क्रिएचर इफेक्ट्स डिजाइनर एलेक गिलिस को शामिल किया गया है।



# खुशी कपूर को मिल गया खोया हुआ प्यार





श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। अफवाह थी कि वह अपनी डेब्यू फिल्म 'द आर्चीज' के एक्टर वेदांग रैना को डेट कर रही हैं। दोनों करीब दो साल तक साथ रहे। लेकिन इसी साल की शुरूआत में उनका ब्रेकअप हुआ। ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार, खुशी अब जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। वेदांग के साथ ब्रेकअप का उन पर काफी असर पड़ा था। लेकिन अब वह बेहतर स्थिति में हैं और अपने बचपन के प्यार आकाश मेहता के साथ काफी खुश हैं। अब किसी दूसरे एक्टर को वह डेट नहीं करना चाहती हैं। खास बात यह है कि खुशी के कई करीबी दोस्त, यहाँ तक कि परिवार वाले भी आकाश मेहता को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।

# जिम कॉर्बेट की तरह आदमखोरों का शिकार करेंगे अक्की

अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की जोड़ी ने इस साल 'भूत बंगला' जैसी फिल्म दी। जल्द ही उनकी फिल्म 'हैवान' रिलीज होगी। यह जोडी अब अपनी 9वीं फिल्म की तैयारी में है। खबर है कि प्रियदर्शन के साथ अगली फिल्म में अक्षय, जिम कॉर्बेट से प्रेरित कुशल शिकारी का किरदार निभाएंगे, जिसे जंगल की गहरी समझ है। शुरूआत में उनका किरदार गांव के लोगों के लिए खतरा पैदा करने वाले आदमखोर बाघों और तेंदुओं का शिकार करने के लिए जाना जाएगा। लेकिन जैसे-जैसे अवैध शिकार और वन आवासों के विनाश के प्रभाव को समझने लगेगा, शिकार के प्रति उसके विचार बदल जाएंगे। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। खबर है कि कॉमेडी और थ्रिलर के तड़के के साथ वन्यजीव संरक्षण के इर्द-गिर्द बुनी हुई कहानी इस फिल्म में देखने को मिलेगी, जो कि 1960 के दशक के भारत में घटित होगी और कॉर्बेट के शिकारी से संरक्षणवादी बनने के सफर से प्रेरित होगी।

**कौन थे जिम कॉर्बेट ?-** जिम कॉर्बेट का पूरा नाम एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट था। 25 जुलाई 1875 को उत्तराखंड के नैनीताल में रहने वाले एक ब्रिटिश परिवार में उनका जन्म हुआ था। वह प्रकृति से अत्यधिक प्यार करते थे और जंगलों से उनको अधिक लगाव था।



मेरी पत्नी भी उसकी वजह से दलीप ट्रॉफी देख रही

# कृष्णमाचारी श्रीकांत ने वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की

## श्रीकांत बोले- वैभव को हतोत्साहित नहीं करना चाहिए



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय ओपनर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि बेखौफ अंदाज में क्रिकेट खेलने वाला यह युवा बल्लेबाज सही मार्गदर्शन मिलने पर वर्ल्ड क्रिकेट का सुपरस्टार बन सकता है। श्रीकांत ने यह भी बताया कि वैभव की बल्लेबाजी का असर ऐसा है कि उनकी पत्नी भी दलीप ट्रॉफी देखने लगी हैं। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि अगर वैभव को सही तरीके से तैयार किया गया, तो वे विश्व क्रिकेट में बड़ा नाम बन सकते हैं। श्रीकांत ने कहा, ह्यवे शानदार खेल रहा है। उसे प्रोत्साहित करना चाहिए और कभी हतोत्साहित नहीं करना चाहिए। अगर उसे सही तरीके से तैयार किया गया, तो वह सुपरस्टार बनने की राह पर है। वे टेस्ट क्रिकेट को फिर उसके गौरव तक पहुंचाएगा।

श्रीकांत ने आगे कहा, सूर्यवंशी की वजह से लोग दलीप ट्रॉफी जैसे घरेलू टूर्नामेंट को भी देखने लगे। यहां तक कि मेरी पत्नी भी उसकी वजह से दलीप ट्रॉफी देख रही थीं। वैभव ने सेंट्रल जोन के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में 81 गेंदों पर 92 रनों की आक्रामक पारी खेली। दूसरी पारी में भी उन्होंने 40 रन बनाए। ईस्ट जोन ने यह मुकाबला चार विकेट से जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

## रेड-बॉल क्रिकेट में भी गेंदबाजों पर दबाव बना रहे वैभव

श्रीकांत ने वैभव की बल्लेबाजी के तरीके की खास तौर पर तारीफ की। उनका कहना है कि रेड-बॉल क्रिकेट में भी जिस तरह यह युवा बल्लेबाज गेंदबाजों पर दबाव बना रहा है, वह उनकी असाधारण क्षमता दिखाता है। श्रीकांत ने कहा, ह्यलोग इस बात पर संदेह कैसे कर सकते हैं कि यह लड़का हाई लेवल क्रिकेट खेल सकता है या नहीं? वह हर स्तर का क्रिकेट खेल सकता है और जल्द ही सभी फॉर्मेट में विश्व क्रिकेट पर राज करने वाला है। उन्होंने आगे कहा, ह्यरेड-बॉल क्रिकेट में भी वह मीडियम पेसरों को सीधे छक्के मार रहा है। वह गेंदबाजों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। वैभव ने 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए 16 मैचों में 776 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा और देश के सबसे कम उम्र के डेब्यूटेंट बने।

## अल्काराज और मेदवेदेव चौथे राउंड में पहुंचे

**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क में शुक्रवार को यूएस ओपन 2026 के तीसरे राउंड में स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने चीन के वू यिबिंग को 6-3, 6-4, 6-1 से हराकर मेंस सिंगल्स के चौथे राउंड में पहुंच गए। 139 दिन बाद सिंगल्स कोर्ट पर लौटे अल्काराज ने 2 घंटे 20 मिनट में मैच जीता। वहीं, डेनियल मेदवेदेव ने आर्थर रिंडरकनेच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। विमेंस सिंगल्स में डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका ने मैच के दौरान स्टैंड्स से आ रही गांजे की बदबू की शिकायत की, जबकि एम्मा नवारो ने विंबलडन फाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

## नैनो न्यूज

- **सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में-** भारतीय जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन मास्टर्स में लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।
- **सिराज दलीप ट्रॉफी में लौटे-** मोहम्मद सिराज और देवदत्त पडिक्कल दक्षिण क्षेत्र की टीम से दलीप ट्रॉफी फाइनल खेलेंगे। सिराज के लिए यह फॉर्म वापस पाने का अहम मौका है।
- **शमी की वापसी पर नजर-** ईशान किशन ने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में वापसी की उम्मीद जताई। शमी दलीप ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।
- **रैना ने इम्पैक्ट प्लेयर पर सवाल उठाए-** सुरेश रैना ने आईपीएल के इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे बल्लेबाजों को फायदा और गेंदबाजों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है।
- **भारत-जापान पहली टी20 भिड़ंत-** भारत और जापान के बीच पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 22 सितंबर को जापान में खेला जाएगा। मुकाबला सुजुकी कप का हिस्सा होगा।
- **अफगानिस्तान सीरीज पर सवाल-** भारत की अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए मजबूत टीम चुनने पर पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने सवाल उठाए हैं।
- **पाकिस्तान टीम में बड़ा बदलाव-** इंग्लैंड के खिलाफ लगातार टेस्ट हार के बाद पाकिस्तान ने सात खिलाड़ियों और दो कोचों को वापस भेज दिया।

# जूनियर मेंस हॉकी एशियाड में भारत की जीत

## इंडोनेशिया को 14-0 से हराया, प्रभदीप ने 5 और अनमोल ने 4 गोल किए




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की जूनियर मेंस हॉकी टीम ने चीन के मोकी में जूनियर एशिया कप 2026 की शुरूआत 14-0 की बड़ी जीत से की। ग्रुप ए के पहले मुकाबले में भारत ने इंडोनेशिया को हराया। प्रभदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 5 गोल किए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कप्तान अनमोल एक्का ने 4, अजीत यादव ने 3, जबकि हरपाल और आशु मौर्य ने 1-1 गोल किया। भारत ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और इंडोनेशिया पर लगातार दबाव बनाए रखा। प्रभदीप ने 5वें मिनट में गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद हरपाल ने 8वें मिनट में गोल कर-के स्कोर 2-0 कर दिया।

## तीसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा

तीसरे क्वार्टर में अनमोल ने 35वें और 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। इसके बाद तीसरे क्वार्टर के खत्म होने से ठीक पहले प्रभदीप ने एक और गोल किया। इससे स्कोर 9-0 हो गया। आखिरी क्वार्टर सबसे ज्यादा गोल वाला रहा। अनमोल ने 51वें मिनट में अपना चौथा गोल किया। इसके एक मिनट बाद प्रभदीप ने मैच का पांचवां गोल दागा। अजीत यादव ने 53वें मिनट में 2 गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की और भारत की बढ़त 13-0 कर दी। मौर्य ने 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके स्कोर 14-0 कर दिया।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.ED/D.ED/Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### धार में 51 फीट ऊंची मटकी नहीं फोड़ पाई टीमें

**धार।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर घोड़ा चौपाटी मित्र मंडल समिति ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता रखी। इसमें 51 फीट ऊंची मटकी क्रेन पर बांधी गई थी। इसे फोड़ने वाली टीम को शुरूआत में 51 हजार रुपए का इनाम मिलना था। कई टीमों ने मटकी फोड़ने की कोशिश की, लेकिन कोई भी 51 फीट की ऊंचाई तक नहीं पहुंच पाया। इसके बाद समिति ने मटकी की ऊंचाई कम करने का फैसला किया। साथ ही इनाम की रकम भी घटाकर 21 हजार रुपए कर दी गई। मटकी की ऊंचाई कम होने के बाद खेड़ापति और पंछी ग्रुप ने मिलकर इसे फोड़ दिया। मटकी फूटते ही चौपाटी जयकारों और तालियों से गूंज उठी। समिति ने दोनों ग्रुप को 21 हजार रुपए का नकद इनाम दिया।

### रॉन्ग साइड से आए ट्रक ने कार को मारी टक्कर, तीन घायल

**धार।** धार जिले के राजगढ़-कुक्षी मार्ग पर कंजरोटा पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक ने रॉन्ग साइड से आकर कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीणों के मुताबिक, ट्रक गलत दिशा से आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही कार का संतुलन बिगड़ा और टक्कर हो गई। कार में छोटा माछलिया निवासी हरसिंग बिलावल, विजय बिलावल और सारू बिलावल सवार थे। सभी अपने बच्चों को भीलखेड़ी हॉस्टल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान कंजरोटा पुल के पास हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही एफआरवी-12 राजगढ़ टीम के स्टाफ गणपत बघेल और पायलट विजय चौहान मौके पर पहुंचे। टीम ने तीनों घायलों को राजगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### धार में वराह मार्च की अनुमति निरस्त, संस्था ने जताया विरोध

**धार।** शहर में 15 सितंबर को होने वाले वराह मार्च को लेकर विवाद शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय पीजी कॉलेज से निकलने वाली वाहन रैली की अनुमति रद्द कर दी है। अनुमति रद्द होने के बाद सनातन प्रहरी संस्था के पदाधिकारी अंशुल शर्मा ने शुक्रवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रशासन के फैसले का विरोध किया। शर्मा ने कहा कि संस्था ने अनुमति के लिए आवेदन नहीं किया था, बल्कि प्रशासन को मार्च की सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि भगवान वराह जयंती पर विजय मंदिर स्थित भगवान वराह के दर्शन और जागरूकता के लिए मार्च निकालने की तैयारी की गई है।

## मटकी फोड़ने के बाद हवा में लटका युवक



### पिरामिड गिरने के बाद रस्सी पर झूला सुरक्षित नीचे उतरा, साथियों ने पकड़ा

**आलीराजपुर/झाबुआ।** आलीराजपुर जिले के जोबट में शुक्रवार रात हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान एक युवक हवा में ही झूलता नजर आया। दरअसल, गोविंदाओं की टीम ने मटकी तक पहुंचने के लिए इंसानी पिरामिड बनाया था। जैसे ही टीम के कप्तान ने सफलतापूर्वक मटकी फोड़ी, नीचे खड़े खिलाड़ियों का संतुलन बिगड़ गया। पूरा पिरामिड भरभराकर जमीन पर गिर गया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में टीम गोविंदा ग्रुप भी मटकी फोड़ने पहुंचा था। इस दौरान ग्रुप इंसानी पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ने चढ़ा। खिलाड़ियों के गिरने के बाद भी मटकी फोड़ने वाला कप्तान नीचे गिरने के बजाय ऊपर बंधी रस्सी को पकड़कर हवा में ही झूलता रहा। नीचे पूरी टीम जमीन पर बिखरी हुई थी, जबकि कप्तान रस्सी के सहारे हवा में लटककर जश्न मनाता नजर आया। कुछ देर हवा में रहने के बाद युवक खुद ही जमीन पर गिरा गया। इस दौरान नीचे खड़े टीम के साथियों ने उसे पकड़ लिया, जिससे उसे कोई भी चोट नहीं आई है।

## नैनो न्यूज

- **एयरोसिटी में निवेश की उम्मीद-** इंदौर एयरपोर्ट के पास करीब 11 हेक्टेयर में एयरोसिटी विकसित होगी। परियोजना में 500 से 600 करोड़ रुपए निवेश की उम्मीद है।
- **प्लास्टिक उद्योग को मिलेगा मंच-** इंदौर में 27 से 30 नवंबर तक प्लास्ट पैक-2026 आयोजित होगा। आयोजन से प्लास्टिक और पैकेजिंग क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने की तैयारी है।
- **23 शहरों में होगा रोड शो-** प्लास्ट पैक-2026 के प्रचार के लिए 23 शहरों में रोड शो किए जाएंगे। आयोजकों का लक्ष्य देशभर के निवेशकों को इंदौर लाना है।
- **स्टार्टअप नेटवर्किंग आज इंदौर में-** इंदौर में आज स्टार्टअप और कारोबारी नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें उद्यमियों को निवेशकों, विशेषज्ञों और दूसरे कारोबारियों से संपर्क का अवसर मिलेगा।
- **पश्चिमी इंदौर में लॉजिस्टिक्स विस्तार-** पश्चिमी इंदौर में 2,000 करोड़ रुपए से अधिक निवेश से लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउस और औद्योगिक परियोजनाएं विकसित हो रही हैं।
- **रोजगार मेले में 250 अवसर-** इंदौर में 7 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन होगा। विभिन्न कंपनियां 250 से अधिक पदों पर प्रारंभिक चयन करेंगी।
- **उद्यमियों को ऋण योजनाओं की जानकारी-** रोजगार मेले में नौकरी के साथ युवाओं को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण प्रक्रिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।
- **इंदौर में कारोबारी नेटवर्क बढ़ेगा-** आज होने वाले उद्यमी सम्मेलन में स्टार्टअप संस्थापक, छोटे कारोबारी और विशेषज्ञ शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य नए कारोबारी संपर्क और सहयोग बढ़ाना है।

आने वाले 25-30 साल तक यही युवा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को दिशा देंगे

# शिक्षक दिवस पर सीएम मोहन का जेन-जेड शिक्षकों से संवाद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में प्रदेश के जेन जी शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से वन-टू-वन संवाद किया। कार्यक्रम अहिल्या आश्रम क्रमांक-1 में आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से वर्ष 1997 के बाद जन्मे शासकीय शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया था।

मुख्यमंत्री ने जेन जी शिक्षकों और अधिकारियों से सीधे बातचीत कर यह जाना कि नई पीढ़ी शिक्षा व्यवस्था को किस नजरिए से देखती है। संवाद में शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों की बदलती जरूरतों, तकनीक के इस्तेमाल और शिक्षा व्यवस्था में बदलाव जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्रदेशभर से पहुंचे जेन जी शिक्षकों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के साथ सीधे संवाद किया और अपने अनुभव, विचार और सुझाव साझा किए। इस आयोजन को नई पीढ़ी की सोच और शिक्षा व्यवस्था के बीच बेहतर तालमेल बनाने की पहल के तौर पर देखा गया। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में जेन जी युवाओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के बाद सरकार की ओर से नई पीढ़ी की सोच और अपेक्षाओं को समझने पर भी जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के बोलने और करने में बहुत बड़ा अंतर है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लेकिन सवाल यह है कि लगातार तीन बार राहुल गांधी जी और कांग्रेस, नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की जीत को रोक नहीं पा रही है। कांग्रेस को अब आत्ममंथन करने की जरूरत है कि आखिर कहां कमी रह रही है और कहां गलतियां हो रही हैं।

### सीएम ने शिक्षकों से पूछा- प्लेन कैसे उड़ता है?

सीएम ने कहा कि यहां पंचतंत्र की बात हो रही है। कहा जा रहा है कि ऐसा कौन-सा एक तंत्र है, जिसमें बाकी चारों तंत्र समाहित हैं। आकाश में वायु भी है, जल भी है और सूर्य भी है। प्रकृति के हर एक पहलू में सब कुछ विद्यमान है। आवश्यकता केवल हमारी दृष्टि की है, हम किस दृष्टिकोण से उसे देखते हैं और उसमें क्या खोज पाते हैं। इस दौरान शिक्षकों से पूछा कि प्लेन कैसे उड़ता है?

### गलतियों को स्वीकार करना होगा आत्ममंथन करना होगा

- मुख्यमंत्री जी, एक विशेष और पर्सनलाइज्ड लर्निंग सॉफ्टवेयर को शिक्षा व्यवस्था में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शिक्षकों की ट्रेनिंग किस प्रकार सुनिश्चित की जाएगी? क्या इसके लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण और आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करने की कोई योजना है? अतीत में कांग्रेस ने जो गलतियां कीं, उन गलतियों से सीखना भी जरूरी है। आज की पीढ़ी से लेकर आने वाली पीढ़ियों तक, जिन लोगों को कांग्रेस के शासनकाल में कई तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, जिनके अवसर प्रभावित हुए और जो कई अवसरों से वंचित रह गए, इन सभी सवालों पर कांग्रेस को गंभीरता से विचार करना चाहिए।
- अगर कांग्रेस वास्तव में बदलाव चाहती है, तो उसे केवल बोलने तक सीमित नहीं रहना होगा। उसे अपने अतीत की गलतियों को स्वीकार करना होगा, आत्ममंथन करना होगा और अपने काम तथा अपनी नीतियों के माध्यम से जनता का विश्वास दोबारा हासिल करना होगा।

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इंदौर दौरे की तैयारी तेज

# पहले दिन 15 हजार युवाओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

### विजयवर्गीय ने कहा- जब-जब आते हैं, हमारा फायदा होता है

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के युवाओं और छात्रों से सीधे संवाद के कार्यक्रम छात्रों की गूंज को लेकर इंदौर में कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 19 सितंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होने वाले युवाओं के रजिस्ट्रेशन के लिए बारकोड जारी कर दिया गया है। पहले दिन शुक्रवार को 15 हजार युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया है।

राहुल गांधी के इंदौर दौरे को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि वो जब-जब आते हैं, तब-तब हमारा फायदा होता है। इसके पहले आकाश विजयवर्गीय ने भी भाजपा को फायदा देने की बात कहीं थी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता छात्रों व युवाओं के बीच पहुंचकर रजिस्ट्रेशन अभियान चला रहे हैं। इसके लिए घर-घर जाकर भी युवाओं और छात्रों का पंजीयन कराया जा रहा है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के मुताबिक, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के छात्रों की गुंज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहले दिन करीब 15 हजार युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। लोग आगे रहकर कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं। कॉलेज, कोचिंग में जाकर युवाओं के बीच इसका प्रचार किया जाएगा। कांग्रेस के मुताबिक, 19 सितंबर को राहुल गांधी के संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक युवाओं का ही रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। पंजीयन के लिए जारी बारकोड का उपयोग किया जा रहा है। पार्टी ने अधिक से अधिक युवाओं और छात्रों को अभियान से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, राहुल गांधी के युवाओं और छात्रों से सीधे संवाद का कार्यक्रम अब तक चार शहरों में हो चुका है। इंदौर इस श्रृंखला का पांचवां शहर होगा। यहां 19 सितंबर को कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### राहुल गांधी के आने से भाजपा को घंटा फायदा होगा

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का घंटे वाला बयान एक बार फिर चर्चाओं में आ गया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि राहुल गांधी के इंदौर आने से भाजपा को घंटा कोई फायदा नहीं होगा। उनके इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में दोबारा हलचल तेज कर दी है, इसके साथ ही मंत्री कैलाश विजयवर्गी का भागीरथपुरा दूषित जल कांड के दौरान दिया गया, यह बयान एक बार फिर चर्चाओं का विषय बन गया है। शनिवार को इंदौर के प्रेस क्लब में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक छात्रों की गूंज कार्यक्रम सहित अन्य मुद्दों को लेकर आई थीं।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर इंदौर निगम सख्त

## 350 आर्किटेक्ट-इंजीनियरों को नोटिस, 7 दिन में देनी होगी जांच रिपोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए नगर निगम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लागू करने को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। अब मकान मालिकों के साथ-साथ भवनों के नक्शे तैयार करने वाले आर्किटेक्ट, स्ट्रक्चर इंजीनियर, इंजीनियर और कंसल्टेंट को भी नोटिस जारी किए जा रहे हैं। पिछले तीन साल में स्वीकृत करीब 20 हजार भवन नक्शों से जुड़े 350 आर्किटेक्ट, स्ट्रक्चर इंजीनियर, इंजीनियर और कंसल्टेंट को नोटिस भेजे गए हैं। उन्हें सात दिन में जांच रिपोर्ट और मौके की तस्वीरें निगम में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। तय समय में रिपोर्ट और फोटो जमा नहीं करने पर संबंधितों का रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। निगम के रिकॉर्ड के मुताबिक, अब तक 6 हजार 545 भवनों से रेन वाटर हार्वेस्टिंग शुल्क के रूप में 6 करोड़ 42 लाख रुपए वसूले जा चुके हैं। इसके अलावा निगम करीब 87 हजार भवन मालिकों को भी नोटिस जारी कर चुका है। बिल्डिंग परमिशन शाखा के बिल्डिंग अफसर सत्येंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि निगम में 650 आर्किटेक्ट, स्ट्रक्चर इंजीनियर, इंजीनियर और कंसल्टेंट पंजीकृत हैं। इनमें से करीब 350 को नोटिस जारी किए गए हैं। निगम का उद्देश्य भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित कर भूजल स्तर को बढ़ाना है।

## क्राइम ब्रांच ने पकड़ा ब्राउन शुगर का सप्लायर

### मंदसौर से इंदौर तक फैला था नेटवर्क

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले मंदसौर के मुख्य सप्लायर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने मामले का खुलासा किया। पिछले महीने गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ में सप्लायर के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद टीम ने उसकी घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, 31 अगस्त 2026 को टीम पंचमुखी हनुमान मंदिर रोड, अरविंदो लवकुश चौराहे के पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पहुंची थी। घेराबंदी कर राहुल सौदागर को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसकी जींस की जेब से 18.89 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.80 लाख रुपए बताई गई है। पूछताछ में राहुल ने बताया कि उसे ब्राउन शुगर मंदसौर निवासी अय्यूब कुरैशी से मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने राहुल की निशानदेही पर दबिश देकर अय्यूब को गिरफ्तार कर लिया। अय्यूब दिहाड़ी मजदूरी करता है, जबकि राहुल ई-रिक्शा चालक है।

## एमवायएच में नई बिल्डिंग की फाउंडेशन स्लैब डालना शुरू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमवायएच परिसर में प्रस्तावित नए अस्पताल का निर्माण जमीन तैयार करने के शुरूआती चरण से आगे बढ़ रहा है। आरसीसी फाउंडेशन स्लैब डालने का काम शुरू हो चुका है। बड़े क्षेत्र में कांक्रीट बेस तैयार दिखाई देने लगा है, जबकि आसपास भवन के अन्य हिस्सों के लिए खुदाई और सिविल वर्क जारी है। करीब 773.07 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस अस्पताल का भूमिपूजन दिसंबर 2025 में हुआ था। मूल स्वीकृत योजना में 1450 बेड का अस्पताल प्रस्तावित है। फाउंडेशन स्लैब तैयार होने के बाद अब कॉलम और मुख्य स्ट्रक्चर का निर्माण आगे बढ़ेगा।

बैंक खाता और ओटीपी वाली सिम देकर साइबर ठगी में मदद करने का खेल

## म्यूल अकाउंट से मल्टी-स्टेट साइबर फ्रॉड, 9 राज्यों से जुड़ी शिकायतें मिलीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देश के कई राज्यों में साइबर ठगी के मामलों से जुड़े एक म्यूल बैंक खाते के मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अपने बैंक खाते और उससे जुड़ी सिम का इस्तेमाल कर संगठित तरीके से मल्टी-स्टेट साइबर फ्रॉड में सहयोग कर रहा था। आरोपी के खाते के खिलाफ पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम, बिहार, दिल्ली, गोवा, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से साइबर अपराध की शिकायतें मिली हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लक्की परमार, निवासी थाना तिलक नगर क्षेत्र, इंदौर के रूप में हुई है। आरोपी बी.कॉम पास है और फीनिक्स मॉल स्थित गेम जोन की क्लिकट्रा कंपनी में काम करता है। क्राइम ब्रांच के अनुसार, आरोपी ने अपने नाम का बैंक खाता म्यूल अकाउंट के तौर पर उपलब्ध कराया था। इसी खाते से लिंक मोबाइल नंबर की सिम भी इस्तेमाल की जा रही थी। पुलिस का कहना है कि इस सिम पर बैंक से जुड़े ओटीपी आते थे।

जांच में सामने आया कि न्यू पलासिया स्थित डीसीबी बैंक शाखा के संबंधित खाते के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों से दर्जनों साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज थीं। इसके बाद पुलिस ने खाते से जुड़े व्यक्ति की जानकारी जुटाई और कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। क्राइम ब्रांच ने यह कार्रवाई ऑपरेशन मेट्रिक्स के तहत की। पुलिस को राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय के साथ-साथ गृह मंत्रालय के आई4सी (इंडियन साइहर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर), एनसीआरपी और साइबर पोर्टलसे संदिग्ध म्यूल बैंक खातों और उनसे जुड़े लोगों की जानकारी मिली थी। इसी डेटा के आधार पर डीसीबी बैंक के खाते की जांच की गई। जांच में खाते का इस्तेमाल कई राज्यों में होने वाले साइबर अपराधों से जुड़े होने की जानकारी सामने आई। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने साइबर अपराधियों को अपना बैंक खाता और बैंक खाते से जुड़ी सिम उपलब्ध कराई थी।

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

# जन्माष्टमी पर मंदिर की डिस्प्ले पर चलीं उर्दू की आयतें

### हिंदू संगठनों ने की जांच की मांग, पुलिस बोली-बोर्ड संचालक की लापरवाही, पेन ड्राइव से गलती से फ्लैश


दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बांके बिहारी मंदिर के बाहर जन्माष्टमी पर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर उर्दू में कुछ लाइनें चलने का मामला सामने आया है। स्क्रीन पर उर्दू की लाइनें दिखाई देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया। हिंदू संगठनों ने आपत्ति जताते हुए मामले की जांच की मांग की है।

पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि स्क्रीन पर दिखाई गई उर्दू की लाइनें कुरान की आयतें हैं। डिस्प्ले बोर्ड संचालक की लापरवाही के कारण जन्माष्टमी के दिन ये लाइनें कुछ देर के लिए स्क्रीन पर फ्लैश हो गईं। अलग-अलग धार्मिक आयोजनों के लिए सामग्री एक पेन ड्राइव में सेव करने के कारण ऐसा हुआ है।

अउ्रढ राजेश दंडोतिया के मुताबिक मामला सामने आने के बाद डिस्प्ले बोर्ड पर चल रही सामग्री तत्काल बदल दी गई। पुलिस का कहना है कि स्क्रीन पर कोई धर्म विरोधी नारा या आपत्तिजनक स्लोगन नहीं चलाया गया था।

इसके बावजूद जन्माष्टमी के दिन मंदिर के बाहर 'राधे-राधे', 'नंद के आनंद भयो' और 'जय कन्हैया लाल की' जैसे संदेशों की जगह उर्दू की आयतें कैसे प्रदर्शित हुईं, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं।



### किसने लगवाया था डिस्प्ले, पुलिस कर रही जांच

हिंदू संगठनों ने मामले को गंभीर बताते हुए विस्तृत जांच की मांग की है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि डिस्प्ले बोर्ड किसने लगवाया था, उसका संचालन कौन कर रहा था और पेन ड्राइव में अलग-अलग आयोजनों की सामग्री किस तरह सेव की गई थी। फिलहाल पुलिस की शुरूआती जांच में मामला लापरवाही का नजर आ रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि जन्माष्टमी के दिन मंदिर की स्क्रीन पर उर्दू की सामग्री किस तरह प्रदर्शित हुई।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com